आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:40 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 240, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको 14
परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी 13

भारत और कनाडा के बीच बढ़ा विवाद ट्रूडो के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद मंगलवार को और गहरा गया जहां ओटावा ने अपने यहां गुप्त अभियान चलाने में बिश्नोई गिरोह के तार भारत सरकार के एजेंटों से जोड़ने का प्रयास किया तो वहीं नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दोनों देशों में तनाव बढ़ने के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना को खारिज नहीं किया और

- कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा- भारत पर लगा सकते हैं प्रतिबंध सभी विकल्प विचाराधीन

कहा कि सभी विकल्प विचाराधीन हैं। भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। ओटावा का यह दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में नई दिल्ली के साथ साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि भारत, कनाडा में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाते हुए गुप्त अभियान सहित कई गतिविधियों में संलिप्त था।

निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खट्टास

पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए बनाए जाएं नियम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा। डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है।

नई दिल्ली में आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली में प्रधानमंत्री मोदी।

कोई भी समुदाय डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे

मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है। प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ – विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी को भी देखा। मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे।

एक नजर

पूर्व सांसद को मिली धमकी, 10 करोड़ मांगे

अमरावती (महाराष्ट्र)। भाजपा नेता और महाराष्ट्र की पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिये पत्र भेजा है। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

वृद्ध को सांड़ ने पटक कर मार डाला, 5 घायल

बंडा (शाहजहांपुर)। घर के बाहर आग जला रहे बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया और कई बार जमीन पर पटका, जिससे उनकी मौत हो गई। सांड़ ने पांच अन्य ग्रामीणों को भी घायल कर दिया। इसके बाद लोग बचने के लिए घरों में छिप गए। एसडीएम, सीओ, वन दरोगा की मौजूदगी में जेसीबी ले जाकर सांड को बमुश्किल पकड़ा गया। बंडा के गांव पिपरा जप्ती निवासी ओमप्रकाश(65) मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अपने घर के बाहर तापने के लिए आग जला रहे थे। अचानक पीछे से आए सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। कई बार उठाकर पटका। सींग उनके पेट में घुसेड़ दिए जिससे उनकी मौत हो गई।

जमरानी बांध वर्ष 2029 तक बनकर हो जाएगा पूर्ण : धामी

मुख्यमंत्री ने बांध के डूब क्षेत्र प्रभावितों को 280 करोड़ रुपये की प्रतिकर धनराशि वितरित की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को एचएन इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट समेत 17218.57 लाख की 18 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने जमरानी बांध के 494 प्रभावितों को 1.95 अरब से अधिक की प्रतिकर धनराशि भी ऑनलाइन बैंकिंग से वितरित की। साथ ही आश्वस्त किया कि वर्ष 2029 तक यह बांध बनकर पूर्ण हो जाएगा।

सीएम धामी ने कहा कि यह दिन जनपद नैनीताल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि जमरानी बांध परियोजना में प्रभावित परिवारों को प्रतिकर धनराशि वितरित की जा रही है। जमरानी बांध परियोजना के 1267 प्रभावित परिवारों को 4.79 अरब से अधिक की धनराशि वितरित की जानी है जिसकी प्रक्रिया गतिमान है। प्रभावितों को ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फार्म के गडरियाबाग में पुनर्वास के लिए 300.5 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग को दी गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना से तराई भाबर का भविष्य बनेगा लेकिन 1267 परिवारों ने अपना भविष्य इस प्रोजेक्ट के लिए समर्पित कर दिया। राज्य की बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना से हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में पेयजल की समस्या दूर होगी तो वहीं सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। जमरानी बांध के निर्माण के लिए धरने हुए, मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा गया लेकिन छोटे-मोटे काम के अलावा किसी सरकार ने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस बहुप्रतीक्षित बांध परियोजना का निर्माण शुरू करवाने में सफल रही। इस बांध का निर्माण सिर्फ अगले दशक नहीं बल्कि 25 साल बाद की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है। पेयजल के साथ ही नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जिले के किसान लाभान्वित होंगे। वहीं, पर्यटन, भू-जल स्तर में सुधार, रोजगार की संभावनाएं विकसित होंगी।

हल्द्वानी में मुख्यमंत्री धामीडूब क्षेत्र के प्रभावितों को मदद स्वरूप प्रतिकर धनराशि प्रदान करते हुए।

सीएम बोले- मंथन के बाद पुनर्वास नीति बनाई

सीएम ने कहा कि सिर्फ परियोजना पर नहीं बल्कि बांध की वजह से हो रहे प्रभावितों के उचित पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया है, प्रभावितों से मंथन के बाद पुनर्वास नीति बनाई है। ताकि यह सुनिश्चित हो कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं हो और जो परिवार जितना प्रभावित हुआ, उसी हिसाब से प्रतिपूर्ति मिल सके। इसी क्रम में लगभग 280 करोड़ की प्रतिकर धनराशि ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिये प्रभावित परिवारों को वितरित कर रहे हैं। यह परियोजना हर हाल में वर्ष 2029 तक पूर्ण हो जाएगी और राज्य के विकास और जल संसाधनों के प्रबंधन में मील का पत्थर साबित होगी। इस दौरान सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल एवं सतपाल महाराज, विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्या, दीवान सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा एवं मोहन सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

महाराष्ट्र में 1 व झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए।

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवंबर को, 15 राज्यों में होंगे उपचुनाव

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके तहत महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है।

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव 20 नवंबर को

देहरादून। केदारनाथ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 20 नवंबर को होगा। यह सीट भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद रिक्त हुई है। चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव की तारीख का एलान होने के बाद मंगलवार को सचिवालय में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने प्रेस ब्रीफिंग कर केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव का पूरा कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव हेतु 22 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी, नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर घोषित की गई है। 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि 4 नवंबर है।

अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे 10 घंटे प्रभावित

संवाददाता, अल्मोड़ा

- क्वारब के पास बीच सड़क में कैंटर फंसने से लगा रहा जाम
- प्रशासन ने जेसीबी और क्रेन से कैंटर को हटाकर यातायात सुचारू किया

अमृत विचार: अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही परेशानी का सबब बन गई है। आए दिन हाईवे पर यातायात बाधित होता है। मंगलवार तड़के एक कैंटर मलबे में रपट जाने से उसका पहिया हवा में लटक गया। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। प्रशासन ने जेसीबी और क्रेन से कैंटर हटाकर करीब दस घंटे बाद राष्ट्रीय राजमार्ग को छोटे वाहनों के आने-जाने के लिए खोला जा सका।

दरअसल, आए दिन क्वारब के पास पहाड़ी दरकने से यातायात प्रभावित हो रहा है। अब क्वारब में सड़क पर बिखरा मलबा दिनों दिन मुसीबत खड़ी कर रहा है।

मंगलवार तड़के करीब तीन बजे अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर सामान से लदा कैंटर मलबे में रपट गया। इससे उसका पिछला एक तरफ का पहिया हवा में लटक गया। सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से जेसीबी कैंटर हटाने को पहुंची, लेकिन कैंटर के गिरने का खतरे के चलते काम रोकना पड़ा। इससे एनएच पर आवाजाही बाधित हो गई। आवाजाही बंद होने से सुबह निकले सैकड़ों यात्री अधर में फंस गए। वहीं, बाद में क्रेन से सड़क पर फंसे कैंटर को किसी तरह हटाया गया। जिसके बाद दिन में करीब एक बजे छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारू हो सका। जिससे जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली। एनएच के अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार ने बताया कि क्वारब के पास एक टैंकर फंस गया था, जिसे जेसीबी व क्रेन की मदद से हटवा दिया गया। दोपहर में छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए मार्ग को सुचारू करवा दिया गया।

सीएम योगी से मिला बहराइच हिंसा में मारे गए युवक का परिवार

लखनऊ। बहराइच में बीते दिनों हुई घटना में मृत रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की तुरंत आर्थिक सहायता देने के साथ आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

चारधाम में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या, रोज पहुंच रहे 23 हजार

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : चारधाम यात्रा जोर पकड़ गई है। केदारनाथ धाम में दर्शनार्थियों की लंबी लाइन लग रही है। सोमवार को रिकॉर्ड 27 हजार 789 तीर्थयात्रियों ने चारधाम दर्शन किए। केदारनाथ की यात्रा कठिन और चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद यहां सबसे अधिक 11 हजार 309 यात्री केदार भगवान के दर्शन को पहुंचे। इसी प्रकार बद्रीनाथ धाम में 6644, गंगोत्री धाम में 2406 और यमुनोत्री धाम में 3290 यात्रियों ने दर्शन किए। हर रोज करीब 23 हजार यात्री चारधाम दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस यात्रा काल में अब तक कुल 40 लाख 92 हजार 360 यात्री चारधाम दर्शन कर चुके हैं। केदारघाटी की आपदा भी यात्रियों के उत्साह को नहीं डिगा पाई है। यात्रा मार्ग और पड़ावों में सुरक्षा प्रबंध और सभी व्यवस्थाएं बेहतर होने से यात्रियों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। 31 जुलाई की रात को अतिवृष्टि ने केदारघाटी में जिस प्रकार से तबाही मचाई थी, उस स्थिति में पैदल मार्ग को बहाल करना आसान नहीं था। सरकार ने इस कठिन चुनौती को स्वीकार करते हुए यात्रा को जल्द से जल्द बहाल किया।

अदालतें एफआईआर रद करने से पहले जांच सामग्री पर करें गौर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब प्राथमिकी में किसी आरोपी पर बेईमानी का आरोप लगाया जाता है और सामग्री में संज्ञेय अपराध का पता चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि किसी आपराधिक कार्यवाही या प्राथमिकी को शुरुआत में ही रद कर दिया जाना चाहिए या नहीं, इस पर निर्णय लेते समय जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्रियों सहित प्राथमिकी में लगाए आरोपों पर गौर किया जाना चाहिए ताकि यह तय किया जा सके कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ जांच के लिए मामला बनता है या नहीं। पीठ ने 14 अक्टूबर को दिए अपने फैसले में कहा, इस प्रकार, जब प्राथमिकी में आरोपी पर बेईमान आचरण का आरोप लगाया जाता है, जिसका पता संज्ञेय अपराध का खुलासा करने वाली सामग्रियों से चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जाना चाहिए।

बम की धमकी पर उड़ान को कनाडा की ओर मोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।

एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरी गई है। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच गई। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

जयपुर से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना

अयोध्या : जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास पीजीआई में भर्ती

अयोध्या। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों की टीम जांच कर रही है। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फोन पर हालचाल लेते हुए पीजीआई के निदेशक को बेहतर इलाज का निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से उन्हें खड़ा होने के लिए सहारे की जरूरत पड़ रही थी। दो दिन से कमर के नीचे दिक्कत बढ़ गई।

इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री, नौ साल में पहली यात्रा

जयशंकर एससीओ बैठक में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर स्वागत किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं।

विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं। जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे।

इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करते पाकिस्तानी अधिकारी।

कई देशों के प्रधानमंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन में चीन, रूस, बेलारुस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की ओर से उनके प्रधानमंत्री शामिल होंगे, वहीं ईरान का प्रतिनिधित्व प्रथम उप राष्ट्रपति करेंगे। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंध और खराब हो गए।

सार-संक्षेप

भीमताल में क्षतिग्रस्त बानना–बांसा मोटर मार्ग। ● अमृत विचार

33 दिनों से सड़क बंद होने के कारण लोग परेशान

भीमताल : विकासखंड भीमताल के ग्राम पंचायत बानना– बांसा मोटर मार्ग बीते सितंबर माह में आई भारी बारिश से अभी भी बंद है। इस मार्ग का निरीक्षण जिला स्तर संयुक्त मजिस्ट्रेट तथा सहायक अभियंता हरिनंदन कापड़ी, अवर सहायक अभियंता सुंदर रावत के साथ ग्रामीणों ने भी अधिकारियों के साथ किया था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से शीघ्र मोटर मार्ग मरम्मत की मांग की थीं। परंतु कार्यवाही नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में जबरदस्त रोष है। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री प्रकाश चंद्र शर्मा, गोपाल दत्त पलड़िया, घनश्याम सिंह कुल्याल, हरीश चंद्र, बुद्धि बल्लभ जोशी, ग्राम प्रधान कमलेश आर्य, राधा कुल्याल, चंदन बृजवासी उपस्थित रहे।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

नैनीताल : तल्लीताल लेक ब्रिज चुंगी के समीप एक कार चालक ने गलत साइड जाकर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार घायल हो गया। घायल को अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार चार्टन लॉज निवासी राहुल अपनी बाइक से शाम आठ बजे तल्लीताल से मल्लीताल को जा रहा था। इस दौरान लेक ब्रिज चुंगी से पहले ही मल्लीताल से आती एक कार ने रॉन्ग साइड आकर उसकी बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक में सवार राहुल घायल हो गया। इस दौरान कार सवार मौके से फरार हो गया।

सांड के हमले में बाल-बाल बची स्कूटी सवार महिला

भीमताल : मल्लीताल बाजार में स्कूटी चला रही एक महिला पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। महिला ने बमुश्किल अपनी जान बचाई। नगर में छुट्टा पशुओं के आतंक से स्थानीय लोगों के साथ–साथ व्यापारी खासे परेशान हैं। छुट्टा पशुओं को गौ सदन भेजने की मांग को लेकर लोग कई बार नगर पालिका के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र छुट्टा पशुओं को गौ सदन नहीं भेजा गया तो नगर पालिका के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।

असामाजिक तत्वों से लोग परेशान

भीमताल : मल्लीताल बाजार के लोग इन दिनों असामाजिक तत्वों से खासे परेशान है। बीते सोमवार की रात करीब दो बजे कुछ युवक–युवतियां मल्लीताल बाजार में पहुंचे और आपस में बातचीत करते हुए हल्ला करने लगे। निवर्तमान सभासद भारत लोशाली ने बताया कि युवक–युवतियों की बातचीत कुछ देर बाद गाली–गलौज में बदल गई। बाद में सभी आपस में मारपीट करने लगे। कुछ देर हंगामा करने के बाद सभी वहां से चले गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

बीच मार्ग में सीवर बहने से लोग परेशान

नैनीताल : नैनीताल के बिड़ला चुंगी क्षेत्र में बीच मार्ग सीवर बहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द सीवर की समस्या से निजात दिलाने की मांग की हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिड़ला विद्या मंदिर स्कूल को जाने वाले मार्ग पर यह सीवर पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से लगातार बह रहा है। सुबह के वक्त रास्ते का बुरा हाल हो जाता है। सुबह से समय रास्ते मे चलना दूभर हो जाता है। इसके साथ ही क्षेत्र में दुर्गंध से लोग परेशान हैं। वहीं बहता सीवर नालों से झील में समा रही है। जल संस्थान के सहायक अभियंता दिलीप सिंह ने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति में बनेगी कार पार्किंग, मिली स्वीकृति

मेट्रोपोल होटल परिसर में सरफेस पार्किंग हेतु गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी

संवददाता, नैनीताल

सुविधा

- मुख्यमंत्री ने मामले को लेकर गृहमंत्री से की थी मुलाकात
- पार्किंग बनने से सरोवर नगरी में पर्यटकों को होगी सुविधा

अमृत विचारः नगर में मेट्रोपोल होटल परिसर में सरफेस पार्किंग विकसित करने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार से अनुमति मिल गई है। शत्रु संपत्ति में कार पार्किंग निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली में 25 जून को गृहमंत्री को पत्र भेजने के साथ ही स्वयं उनसे भेंट कर इसकी स्वीकृति की मांग की थी।

जानकारी देते हुए जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर से अतिक्रमणमुक्त कराने के बाद सरफेस पार्किंग विकसित करने हेतु अनुमति के लिए प्रस्ताव गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेजा गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री के प्रयासों से भारत के शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक भारत सरकार द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई है। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि शत्रु सम्पत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर, मल्लीताल में खुले स्थान को सतही पार्किंग हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। बताया कि 2381.33 लाख धनराशि से पार्किंग विकसित करने के साथ ही रिंग रोड का भी निर्माण किया जायेगा। बताया कि शहर में पर्यटकों की तादात बढ़ने के बाद पार्किंग सबसे बड़ी समस्या बनकर खड़ी हो जाती है। शहर स्थित डीएसए और मेट्रोपोल पार्किंग भरने के बाद पर्यटकों के वाहन शहर में चक्कर ही काटते रह जाते हैं ऐसे में जाम का संकट झेलना पड़ता है। इतना ही नहीं वाहनों का दबाव बढ़ने पर शहर के बाहर ही पर्यटक वाहनों को रोक दिया जाता है। जिससे पर्यटकों को भी समस्या का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि नैनीताल शहर में मल्लीताल पार्किंग व्यवस्था हो जाने से भविष्य में आम जनमानस के साथ ही पर्यटकों के वाहनों के पार्किंग से निजात मिलेगी। इस संबंध में कार्यदाई संस्था अधिशासी अभियंता लोनिवि नैनीताल ने बताया कि उक्त परिसर का कुल क्षेत्रफल 8.72 एकड़ है जिसमें 0.5 एकड भूमि मोटर मार्ग निर्मित है तथा 8.22 क्षेत्रफल में पार्किंग विकसित की जाएगी।

मुख्य मार्ग में खड़े हो रहे वाहन, परेशानी

नैनीताल, अमृत विचारः नैनीताल के मुख्य मार्ग को ही स्थानीय लोगों व पर्यटकों ने पार्किंग स्थल बना दिया है। लेकिन पुलिस सड़क किनारे पार्क वाहनों को नहीं हटवा पा रही है। सड़क किनारे पार्क हो रहे वाहन वीकेंड के दौरान जाम का कारण बन रहे हैं। बता दें कि नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के चलते लोग वाहन सड़क किनारे पार्क करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सड़क में पार्क वाहनों से जाम लगने की समस्या भी होती है। बीते लंबे समय से तल्लीताल क्षेत्र में लोगों को पार्किंग की सुविधा न मिलने से लोग धर्मशाला से पुराना कूड़ाखड तक स्थानीय व पर्यटक वाहन पार्क कर रहे हैं। वीकेंड के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहन पार्क होने से कई बार जाम लग रहा है। जिससे आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन उसके बाद भी पुलिस सड़क से पार्क वाहनों को नहीं हटा पा रही है। सीओ प्रमोद साह ने बताया कि दशहरे के कारण वीकेंड ज्यादा दबाव रहा।

सार-संक्षेप

क्रैश बेरियर चोरी करते पकड़ा युवक, मुकदमा दर्ज

नैनीताल : नैनीताल के गेठिया क्षेत्र में एक युवक को पुलिस ने क्रैश बैरियर चोरी करते पकड़ा है। पुलिस ने युवक को मय क्रेश बैरियर गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य पुलिस टीम के साथ ज्योलीकोट से गेठिया की ओर गश्त में निकले थे। वह पुलिस वाहन से वीरभट्टी क्षेत्र से गेठिया पड़ाव की तरफ निकले थे कि सड़क किनारे सुनसान मोड़ पर एक युवक हाथ में सफेद रंग का प्लास्टिक का कट्टा लेकर खड़ा हुआ था। युवक के पास गाड़ी रोकने पर युवक कट्टा छोड़कर भागने लगा। जब युवक को पकड़कर पूछताछ की गई और कट्टे को खोलककर देखा गया तो उसमें रोड साइड की पांच रेलिंग पाई गई। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह पहले भी तीन चार बार क्षेत्र से सामान उठा चुका है। युवक को मय चोरी के सामान के गिरफ्तार कर लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि जवाहर नगर वनभुलपुरा हल्द्वानी निवासी दीपक कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मोटर मार्ग को ग्रामीणों का अनशन कल से

भीमताल : जनप्रतिनिधियों के झूठे आश्वासनों से आहत सुरंग–सुई के ग्रामीण भूख हड़ताल और अनशन करने के लिए विवश हो गये हैं। ग्रामीणों ने बैठक कर 17 अक्टूबर से देवलीधार में अनशन करने का फैसला लिया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी को सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दो विकासखंडों की दो दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं को आपस में जोड़ने वाले 3.5 किलोमीटर लंबे मोटर मार्ग का मिलान सुरंग में करने के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। मार्ग निर्माण के लिए सर्वे भी हो गया पर काम शुरू नहीं हुआ।

शराब पीकर गाड़ी चलाने से रोका तो किया हंगामा

नैनीताल : मल्लीताल क्षेत्र में देर रात एक व्यक्ति को नशे में गाड़ी चलाने से पुलिस ने रोका तो व्यक्ति ने हंगामा काट दिया। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ चलानी कार्रवाई कर उसको नशा उतरने के बाद वाहन चलाने दिया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल मस्जिद तिराहे में ड्यूटी के दौरान पुलिस को एक वाहन चालक नशे में वाहन चलाता प्रतीत हुआ। पुलिस ने व्यक्ति को नशा उतरने के बाद वाहन चलाने की सलाह दी। जिस पर व्यक्ति हंगामा काटने लगा। बीच सड़क हंगामा काटने पर पुलिस व्यक्ति को कोतवाली ले आई।

चुनाव परिणाम घोषित करने पर लगाई रोक

हाईकोर्ट समाचार 1

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी संगठन के नियमों के खिलाफ चुनाव कराने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने चुनाव परिणाम पर रोक लगाने के साथ ही संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया जारी रहेगी, परन्तु चुनाव परिणाम हाईकोर्ट के अंतिम आदेश पर निर्भर रहेंगे।

मामले के अनुसार मातृ शिशु एवं महिला कल्याण कर्मचारी एसोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्ष गुड्डी मट्यूरा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर संगठन के चुनाव को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि संगठन से निष्कासित सदस्य के प्रार्थना पत्र पर स्वास्थ्य सचिव ने महानिदेशक को चुनाव कराने के आदेश जारी कर दिए। यह भी कहा गया है कि निष्काषित सदस्यों को भी चुनाव में लड़ने की अनुमति दे दी गई है। इसी तरह संगठन से निकाले जा चुके सदस्यों को संयोजक बना दिया गया और शासन को भी गुमराह किया गया। यह पूरी तरह संगठन की नियमावली के विपरित है। नियमानुसार वही सदस्य इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं जो इसके सदस्य हैं निष्काषित सदस्य नहीं है।

बड़कोट पेयजल समस्या पर तीन सप्ताह में जवाब दे सरकार

2

नैनीताल : हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के बड़कोट में पानी की समस्या से निजात दिलाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने पेयजल सचिव व पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक से तीन सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही कहा कि जवाब पेश नहीं करने पर पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक अगली तिथि को कोर्ट में स्वयं उपस्थित होंगे। अब मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार सहित पेयजल निगम से विस्तृत शपथपत्र पेश करने को कहा था, लेकिन अभी तक इस प्रकरण में जवाब पेश नहीं किया गया। पूर्व में कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि यह समस्या पूरे राज्य की है। मामले के अनुसार बड़कोट निवासी पत्रकार सुनील थपलियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बड़कोट में पानी की समस्या हो रही है। इसको लेकर क्षेत्रवासी पिछले 6 जून से तहसील परिसर में क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। क्षेत्रवासी टैंकरों से पानी ला–ला कर परेशान हैं, जबकि 500 मीटर की दूरी पर नदी है। प्रशासन ने अभी तक उनकी इस समस्या के समाधान में कोई मदद नहीं की है। इससे निजात के लिए मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन को कई दफा प्रत्यावेदन सौंपे गए, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। बताया कि इस समस्या का एकमात्र समाधान तिलाड़ी से बड़कोट के लिए पंपिंग योजना का निर्माण करने से हो सकता है, इसलिए इसकी शीघ्र स्वीकृति दी जाए।

किस नियमावली के तहत जुर्माना माफ किया: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

3

अमृत विचारः हाईकोर्ट ने नैनीताल के पूर्व जिलाधिकारी की ओर से कार्यकाल के दौरान विभिन्न स्टोन क्रशर्स का अवैध खनन एवं भंडारण पर 50 करोड़ से अधिक का जुर्माना माफ करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से अगले मंगलवार से पहले जवाब देने को कहा है। खनन सचिव व खनन निदेशक से यह बताने को भी कहा है कि किस नियमावली के तहत जिलाधिकारी ने जुर्माने की राशि माफ की। वहीं, याचिकाकर्ता से कहा है कि पूर्व के आदेश के क्रम में कोर्ट को बताएं कि ऐसे कितने मामले हैं, जिसमें डीएम ने जुर्माने की राशि माफ की है। अब मामले की अगली सुनवाई अगले मंगलवार को होगी।

पूर्व के आदेश पर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खनन सचिव व खनन निदेशक पेश हुए। मामले के अनुसार चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 2016 -17 में नैनीताल के तत्कालीन डीएम ने कई स्टोन क्रेशर्स का अवैध खनन व भंडारण का करीब 50 करोड़ से अधिक का जुर्माना माफ कर दिया है।

एमबीपीजी के छात्र-छात्राओं का दल भ्रमण पर आया सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल

नैनीताल में एमबीपीजी कॉलेज के छात्र–छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कुमाऊं के सबसे अधिक छात्र संख्या वाले एमबीपीजी महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आयुष सिंह सत्याल के नेतृत्व में कॉलेज के छात्र-छात्राओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण के लिए नैनीताल पहुंचा। दल ने हनुमान गढ़ी में अंजनी पुत्र हनुमान के दर्शन कर नैनीताल के पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया।

आयुष सिंह ने बताया महाविद्यालय में आगामी छात्र संघ चुनावों को लेकर उनका समर्थन कर रहे 1000 छात्र-छात्राओं को चुनाव नजदीक आने पर अत्यधिक मेहनत करनी पड़ती है। उनके समर्थक छात्र पूरी ऊर्जा से चुनाव प्रचार करें, इसके लिए नैनीताल भ्रमण करवा कर उनको मानसिक रूप से तैयार कर मजबूती प्रदान करने का कार्य किया गया।

प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण साबित हो, उसके लिए उनको नैनीताल जू, स्नो व्यू एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालय भी घुमाया गया। समर्थकों का छात्रसंघ चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का लाभ लेने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद समर्थकों के साथ हर सुख, दुख में खड़ा रहने की बात भी आयुष सिंह सत्याल ने कही।

दुग्ध उत्पादकों को दिवाली से पहले मिलेंगे 25 करोड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

प्रोत्साहन योजना

- तीन महीने से रुका था दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना का पैसा
- 25 अक्टूबर तक दुग्ध उत्पादकों के खातों में आएगी धनराशि

अमृत विचार : दीपावली से पहले राज्य के 53 हजार दुग्ध उत्पादकों की झोली भरने वाली है। दीपावली से पहले इन उत्पादकों के बैंक खातों में 25 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। शासन की ओर से यह धनराशि डेयरी विकास विभाग को जारी कर दी गई है। दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन और साइलेज योजना का यह पैसा कई महीनों से अटका हुआ था।

डेयरी विकास विभाग के निदेशक डॉ. संजय खेतवाल ने बताया कि करीब तीन महीने से राज्य के 53 हजार दुग्ध उत्पादकों को दिए जाने वाले दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो पाया था। इसमें दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना के 10 करोड़ और साईलेज योजना के 15 करोड़ रुपये थे। अब शासन से बजट जारी कर दिया है। बता दें कि भुगतान न हो पाने से गरीब दुग्ध उत्पादकों के सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई थी। चूंकि दीपावली का त्योहार नजदीक है तो उत्पादकों को ज्यादा चिंता थी। मंगलवार को दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना के 10 करोड़ और साईलेज योजना के 15 करोड़ रुपये जारी कर दिये गये हैं। निदेशक ने बताया कि समिति अध्यक्षों को इसकी सूचना जारी कर दी गई है। राज्य के करीब 53 हजार दुग्ध उत्पादकों के खातों में 25 अक्टूबर तक धनराशि ट्रांसफर कर दी जायेगी। दुग्ध उत्पादक 21 हजार दुग्ध समितियों से जुड़े हैं।

ऑल सेंट्स और सेंट मेरीज स्कूल की टीमें फाइनल में

संवाददाता, नैनीताल

नैनीताल में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंक के लिए संघर्ष करतीं छात्राएं।

अमृत विचारः ऑल सेंट्स कॉलेज में 11 वीं अमर ढिल्लन मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मुकाबले खेले गए। जिसमें ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू और सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज 'बी' के मध्य खेला गया। जिसमें ऑल सेंट कालेज ने सेंट मेरी कालेज को 45 - 2 से हराकर मैच अपने नाम किया।

मुकाबले में ऑल सेंट्स की ओर से ज़ायना रहमान ने 17 और आकर्षि निगम ने 14 अंक अर्जित किए। दूसरा मुकाबला मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर और ऑल सेंट्स व्हाइट टीम के बीच खेला गया। जिसमें मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने मुकाबला 24-18 से जीता। तीसरा मुकाबला ऑल सेंट्स व्हाइट और सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज ए के बीच खेला गया। जिसमें सेंट मेरीज ने मुकाबला 36-21 के अंतर से जीता। चौथा मुकाबला भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय और सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज बी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में 16-06 से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के नाम रहा। इसके साथ ही ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू और सेंट मेरीज बी टीम फाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं। मुकाबलों में निर्णायकों को भूमिका में भुवन बिष्ट, फरीद अहमद, समीर अली, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद फरदीन, दीपक थापा व तरुण खंतवाल रहे। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, गोपाल बिष्ट, मयंक रावत, भावना साह, निहारिका गोसाईं, प्रीतिका तिवारी, हरीश जोशी, भूपेंद्र रावत, सुनीता चौहान, ज्योतिका गिल व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

मंचन भीमताल की रामलीला में अभिनय और शैली दूसरे क्षेत्रों में आयोजित होने वाली रामलीला के अभिनय से अलग है

मल्लीताल की रामलीला का इतिहास 110 वर्ष से भी पुराना

संवाददाता, भीमताल

भीमताल में आयोजित रामलीला मंचन में अभिनय करता पात्र। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मल्लीताल स्थित रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में इन दिनों दर्शकों की खासी भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस रामलीला का वैसे तो कोई लिखित इतिहास नहीं है पर क्षेत्र के बुजुर्गों के अनुसार रामलीला का इतिहास लगभग 110 वर्ष से भी पुराना है।

भीमताल की रामलीला में अभिनय और शैली दूसरे क्षेत्र में आयोजित होने वाली रामलीला के अभिनय से बिल्कुल अलग है। लोगों की माने तो जिस शैली में रामलीला का मंचन होता है वह शैली भी रामलीला की तरह काफी पुरानी है। रामलीला की विशेषता छोटे से छोटे कलाकार की महीनों की तालीम है। इस वर्ष भी आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का सुंदर आयोजन हो रहा है। जिसे देखने के लिए नगर समेत आसपास के क्षेत्रों के भी लोग यहां पहुंच रहे हैं।

रामलीला की विशेष शैली इसकी गायन शैली को विशेष बनाती है। कई बार देखने के बाद आज भी मंचन करने को मन करता है। नव युवाओं ने परंपरा कायम रखी है।
– **प्रकाश लोशाली**, कलाकार

रामलीला में अपने अभिनय का मंचन करने से जो अनुभूति होती है, उसका बखान नहीं किया जा सकता है। मंच दैवीय है।
– **निर्मल नेगी**, कलाकार

रामलीला में हनुमान का पाठ खेलता हूं। मल्लीताल की रामलीला क्षेत्र की पहचान है। अधिक से अधिक दर्शक इसमें जुटते हैं और कलाकारों का मनोबल बढ़ाते हैं।
– **भारत लोशाली**, कलाकार

मनोज भट्ट ने अभिनय से मोहा मन

रामलीला मंचन के दौरान सुमंत के किरदार को पहली बार निभा रहे मनोज भट्ट ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया है। मनोज का कहना है कि वह आगे भी अभिनय का सिलसिला जारी रखेंगे। वहीं दर्शक भाष्कर भगवाल बताते हैं कि रामलीला का मंच न केवल पूजनीय है, बल्कि इस मंच पर अभिनय करने वालों ने खासी ख्याति प्राप्त की है।

सोनकोट गांव में डेंगू के लार्वा की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

सोनकोट गांव में छह लोगों की डेंगू जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार : काठगोदाम स्थित सोनकोट गांव के अधिकांश लोग बुखार से पीड़ित हैं। लगभग 150 की आबादी वाले इस गांव में डेंगू का एक मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया।

सोनकोट गांव के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी कि गांव में कई लोगों को बार-बार बुखार आ रहा है। इस पर मंगलवार को 16 सदस्यीय टीम गांव का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने जांच की तो पता चला कि कई लोगों को बुखार था। संदेह के आधार पर छह लोगों की डेंगू जांच की गई। मरीजों के ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये हैं। दो लोगों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरीजों को दवाएं भी दी गईं हैं। यहां एक मरीज की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू के लार्वा को भी नष्ट किया। टीम में डॉ. हेमंत मर्तोलिया, डॉ. स्वातिशील गुर्रानी, डॉ. संजय त्रिपाठी, डॉ. बलराज, डॉ. विनय सिंह, सुलेमान, एनके कांडपाल शामिल थे।

एसटीएच में डेंगू के तीन और मरीज मिले

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में डेंगू के तीन और मरीज मिले हैं। वहीं बेस अस्पताल में डेंगू का कोई मरीज भर्ती नहीं है। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि इस वर्ष अभी तक डेंगू के 56 एलाइजा पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

आज का मौसम

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में धूप खिली रहेगी।

31.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.14 | सूर्यास्त 17.41

एक नजर

एसटीएच में एक्स-रे मशीन हुई खराब

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में मंगलवार को एक्स-रे मशीन खराब हो गई। जिस वजह से मरीजों को परेशान उठानी पड़ी। यहां प्रतिदिन 100 से ज्यादा एक्स-रे होते हैं। अब मरीजों को एक्स-रे कराने के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार एक्स-रे मशीन को शीघ्र ठीक कर लिया जाएगा। मशीन की मेंटेनेंस करने वाली कंपनी से संपर्क कर लिया गया है। इधर, बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन अभी भी बंद है। सड़क चौड़ीकरण की वजह से मशीन के कक्ष को तोड़ा जा रहा है। मशीन अभी भी अन्य जगह शिफ्ट नहीं हो पाई है। वहीं बेस अस्पताल में भी एक्स-रे मशीन बार-बार खराब हो रही है।

नहर में मिला किशोर का शव

रामनगर : सत्रह वर्षीय किशोर का शव नहर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चंदन कुमार पुत्र आनंद सिंह निवासी कुम्बगडार मालधन रामनगर के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये जा रहे हैं। बताया जाता है कि मृतक चंदन बीते दिन अपनी मौसी को छोड़ने के लिए उसके घर आनंद नगर के लिए निकला था। चंदन मौसी को छोड़ने के बाद सांय साढे पांच बजे कानिया अपने दोस्त से मिलने गया। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार को खोजबीन के दौरान बासीटीला मनोरथपुर की नहर में चंदन का शव बरामद हुआ।

एचएन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व लोग। ● अमृत विचार

तय समय पर होंगे निकाय चुनाव, निर्वाचन आयोग कर रहा तैयारी

एचएन इंटर कॉलेज में कार्यक्रम के बाद प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही बात, साइबर अटैक पर बोले सीएम जल्द होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर कहा कि निकाय चुनाव तय समय पर ही होंगे, राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियां कर रहा है। वहीं, पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को जो उचित लगेगा, किया जाएगा।

मंगलवार को एचएन इंटर कॉलेज में कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने प्रेस से हुई बातचीत में कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय खेल के लिए पूरी तरह तैयार है। गौलापार अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आपदा से सुरक्षा के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। बारिश बंद हो चुकी है, मौसम ने साथ देना शुरू कर दिया है। गौला नदी में पानी कम होते ही स्टेडियम की सुरक्षा का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। इसके लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

साइबर अटैक के बाद अभी भी कई सरकारी पोर्टल के शुरू नहीं होने पर उन्होंने कहा कि साइबर अटैक के बाद विशेषज्ञों के साथ बैठकें की गई हैं, इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो इस पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे राज्य जहां, इस तरह की घटनाएं हुई हैं उनके अनुभवों से भी सबक लिए जा रहा है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए राज्य के आईटी सिस्टम को और सुदृढ़ व तकनीकी सुरक्षित किया जा रहा है। कैबिनेट विस्तार पर कहा कि मंथन चल रहा है। जल्द ही कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा।

विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री धामी, साथ में सांसद, मंत्री और विधायक। ● अमृत विचार

लोकार्पण

हल्द्वानी शहर में 1 करोड़ की लागत से सिटी फॉरेस्ट, राउमावि मेहरागांव में 57.02 लाख से लैब, कंप्यूटर कक्ष, आर्ट-क्राफ्ट कक्ष का निर्माण, राकउमावि गांधी नगर में 44.07 लाख से लैब व कंप्यूटर कक्ष का निर्माण, राइंका मोतीनगर में 61.50 लाख से एक-एक भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान लैब कक्ष का निर्माण, राउमावि हिम्मतपुर छोमवाल में 41.69 लाख से लैब एवं आर्ट-क्राफ्ट कक्ष का निर्माण, भीमताल के ग्राम अमिया के पास 359.86 लाख से गौला नदी के दाएं तट पर बाढ़ सुरक्षा, स्पोर्टस स्टेडियम में 477.39 लाख से फुटबॉल मैदान का निर्माण, 5805.81 लाख से गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा हल्द्वानी मोटर मार्ग पर टू लेन पेव्ड शोल्ड सहित चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का लोकार्पण किया।

शिलान्यास

एसएच-41 की सुरक्षा के लिए 182.23 लाख से बाढ़ सुरक्षा कार्य, 4456.92 लाख से मानसिक चिकित्सालय का निर्माण, राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्टेट कैंसर संस्थान का 3941.13 लाख से निर्माण, गुनीपुर में 124.82 लाख से राजकीय नलकूप का निर्माण, 117.38 लाख से तल्ला पचौनिया में एक नलकूप निर्माण, कोटाबाग के बेलपोखरा में 116.39 लाख से राजकीय नलकूप निर्माण, कोटाबाग के रतनपुर बैलपड़ाव में 234.18 लाख से देवी मंदिर के समीप एवं सरदार धड़ा में एक-एक नलकूप निर्माण, बजूनिया हल्दू में 124.16 लाख से नलकूप निर्माण, पूरनपुर पान सिंह धड़ा में 121.90 लाख से नलकूप निर्माण का शिलान्यास किया।

ये की घोषणाएं

मुख्यमंत्री धामी ने दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति का स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वे, हल्द्वानी-काठगोदाम पुरानी नगर निगम डिपो क्षेत्र में 24 घंटे जलापूर्ति के लिए लाइन बिछाने की स्वीकृति, सड़क चौड़ीकरण के प्रभावितों के लिए शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण, रामनगर में भरतपुरी, पंपापुरी कौशल्यापुरी, दुर्गापुरी का स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वे, रामनगर के प्रभावित क्षेत्र चुकम गांव का विस्थापन, हल्द्वानी शहर में आवारा पशुओं की गोशाला के लिए एक करोड़, शहर में जल भराव की समस्या के सुधार के लिए रकसिया एवं कलसिया नाले से कटाव से रोकथाम के लिए सुरक्षा कार्यों के निर्माण, ग्राम सभा आनंदपुर गुसांई, धनपुरी, प्रेमपुरी लोश्ज्ञानी, छड़ायल, हिम्मतपुर, बैजनाथ पांडे, नवाड़, हल्दू पोखरा नायक एवं करायल चतुरसिंह के बीच बहने वाले रकसिया नाले से हो रहे नुकसान के लिए निकासी जंगल में किए जाने, बैलपड़ाव के करकट नालो में रतनपुर मोटर मार्ग को जोड़ने वाले पुल का निर्माण, भीमताल में बबियाड़-सिमलिया मोटर मार्ग निर्माण, लेटीबुंगा सनी में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की।

बोले जनप्रतिनिधि

जमरानी बांध की पहली बार मांग वर्ष 1952 में उठी थी, तब से एनडी तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी, बीसी खंडूरी, हरीश रावत, विजय बहुगुणा, त्रिवेंद्र सिंह रावत कई मुख्यमंत्री आए, लेकिन प्रभु राम की कृपा से इस बांध को बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मिला है। पंतनगर में भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा बनाया जा रहा है। 18 अक्टूबर को एम्स के डॉक्टरों का प्राग फार्म में कैंप लग रहा है, जनता से अपील है कि इस कैंप का लाभ लें। **-अजय भट्ट**, सांसद नैनीताल-ऊधमसिंह नगर

राज्य की 24 वर्षों की यात्रा में जमरानी बांध को लेकर कई बार बात उठती थी, अब इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत हो रही है। जिस गति से राज्य का, महिलाओं और युवाओं का विकास हो रहा है, सदी का यह तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। **-सुबोध उनियाल**, वन मंत्री उत्तराखंड सरकार

जमरानी बांध में प्रभावित 6 गांवों के 1,267 परिवारों को पुनर्वास के लिए ऊधमसिंह नगर के प्राग फार्म में बसाया जाएगा। बांध के लिए 604.75 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। प्रतिकर एवं पुनर्वास की 479.84 करोड़ की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी। अब राज्य सशक्त हो रहा है। ओल्ड लिपुलेख से कैलाश दर्शन होते हैं, बॉर्डर पार करने की जरूरत नहीं है। बीआरओ नाभिढांग तक सड़क बना रहा है। **-सतपाल महाराज**, सिंचाई मंत्री उत्तराखंड सरकार

यदि राम जंगल नहीं जाते तो राम ही रह जाते, ऐतिहासिक काम किए तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बने। इसी तरह पुष्कर धामी ने ऐतिहासिक काम किए तो धाकड़ धामी बन गए। जमरानी बांध को हर सीएम के सामने उठाया, लेकिन सिर्फ उन्होंने (धामी) ने ही गंभीरता से लिया। यदि यह बांध नहीं बनता तो 10 साल बाद भाबर नीरस हो जाता। अब दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति को राजस्व गांव बनाया जाना चाहिए। **-बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

जमरानी बांध डूब क्षेत्र में आ रहे कई परिवार मेरी विधानसभा सीट से हैं। मुआवजा तो अलग बात है लेकिन अपनी पैतृक संपत्ति छोड़कर जाना और सरकार की मदद करके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मजबूती देने के लिए मैं जनता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस बांध के बनने से क्षेत्र का बहुआयामी विकास होगा। **-राम सिंह कैड़ा**, विधायक भीमताल

मुख्यमंत्री को काले गुब्बारे दिखाने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तमाम मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विरोध करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस को खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। काले गुब्बारे लेकर निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से लगभग एक किलोमीटर पहले सिंधी चौराहे पर रोक लिया। खींचतान के बाद पुलिस ने कांग्रेसियों को गिफ्तार कर लिया और कार्यक्रम खत्म होने के बाद छोड़ा। हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा कि बढ़ती आपराधिक घटनाओं, सब्जियों की आसमान छूती कीमतों में रोक लगाने में सरकार नाकाम है। विरोध करने वालों में हेमन्त साहू, हिमांशु गांधी, राजेंद्र बिष्ट, प्रीती आर्या, राजकुमार सिंह यादव, सहिल राज, दीपा खत्री, नील खत्री आदि थे।

कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू को पकड़ते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

स्मार्ट सिटी से 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनपद ऊधमसिंह नगर में 265 करोड़ से बनने वाली इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी से 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसका लाभ सिर्फ ऊधमसिंह नगर ही नहीं, बल्कि पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को भी होगा।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत चारधाम यात्रा की तर्ज पर कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों को करोड़ों रुपये की मदद दी जा रही है। अब तक एक लाख से अधिक बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकारी भर्तियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिया है। रोजगार सृजन के लिए औद्योगिक, लॉजिस्टिक, स्टार्टअप, निर्यात और एमएसएमई नीतियां लाकर राज्य में निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। वहीं, दुग्ध-मधु उत्पादन, कृषि, बागवानी, सुगन्धित पौधों और फूलों की खेती, स्थानीय मसालों की खेती और होम स्टे निर्माण को भी बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक अपने उत्तराखंड को देश का एक अग्रणी राज्य नहीं बना लेते।

ई-रिकॉर्ड को बढ़ावा दे परिवहन विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अधूरे कार्यों के बारे में पूछा। साथ ही परमिट, डीएल, चालान से संबंधित कार्यों और सीज वाहन को रखे जाने वाले स्थान के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन कार्यालय से संबंधित कार्यों में आम जन को बेवजह न लटकाया जाए। ई-फाइलिंग एवं ई-रिकॉर्ड को बढ़ावा दिया जाए। परिवहन विभाग भी डिजिटल प्रणाली के तहत कार्य कर कम से कम समय में जनता को सुविधाएं प्रदान करे। उन्होंने आयुक्त एवं डीएम को समय-समय पर कार्यालय का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। सीएम धामी ने आरटीओ कार्यालय में कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। भवन की उखड़ी छत को देखकर नाराजगी जताई। जिस पर एआरटीओ बीके सिंह ने बताया कि गौलापार में भवन निर्माणाधीन है, लेकिन रेलवे की आपत्ति के बाद निर्माण रुक गया है। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत, डीएम वंदना सिंह, डीआईजी योगेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

तेरह बीघा क्षेत्र में नलकूप खराब होने के बाद टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

केबल जलने से तेरह बीघा क्षेत्र का नलकूप हुआ खराब

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कृष्णा कॉलोनी के बाद अब 13 बीघा क्षेत्र में नलकूप खराब हो गया है। जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को जल संस्थान ने 10 विभागीय और तीन निजी टैंकरों के जरिये क्षेत्र में पानी वितरित किया।

जल संस्थान के नलकूप आये दिन खराब हो रहे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर कृष्णा कॉलोनी के बाद अब 13 बीघा क्षेत्र में नलकूप खराब होने से लोग परेशान हैं। कृष्णा कॉलोनी वासियों ने बताया कि उन्हें पांच दिन से पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इधर, मंगलवार की देर शाम विभाग ने कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति कराने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। वहीं, तेरह बीघा क्षेत्र में मंगलवार की सुबह नलकूप की केबल जलने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई। नाराज लोगों ने विभाग पर खराब मोटर लगाकर नलकूप का संचालन करने का आरोप लगाया। कहा कि विभाग का नलकूप एक माह पहले भी खराब हो गया था। दोबारा यह समस्या देखने को मिली है। अधिकांश लोगों ने निजी टैंकर मंगवाकर पानी भरा। उन्होंने कहा कि यदि समय पर नलकूप ठीक नहीं हुआ तो प्रदर्शन किया जाएगा।

> नलकूप संचालन के दौरान केबल जलने की समस्या सामने आई है। इसे देखते हुए मरम्मत के प्रयास किए जा रहे हैं। नलकूप के पाइप निकालने के बाद ही असल समस्या का पता चल सकेगा। **- रविंद्र कुमार**, एई, जल संस्थान

शोहदे के कारण छोड़ी पढ़ाई, घर में कैद हुई पीड़िता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मुकदमा
- शारीरिक और मानसिक रूप से किया परेशान, जबरन घुसा घर में
- तीन साल से परेशान पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में शोहदे ने एक लड़की को इतना परेशान किया कि उसे अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ गई। शोहदे से डरकर लड़की ने घर से निकलना बंद किया तो शोहदा घर में घुस गया। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़िता उक्ताई तो पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता यहां तीन बहनों, दो छोटे भाई और पिता के साथ रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जवाहर नगर निवासी चंदन उसके साथ छेड़छाड़ करता है। पीड़िता के पिता के मुताबिक, तीन साल पहले जब उनकी बेटी स्कूल जाती थी तो चंदन आते-जाते उसका पीछा करता और छेड़छाड़ करता। कई बार समझाने के बावजूद वह नहीं माना। जिसके चलते बेटी की पढ़ाई बंद करनी पड़ी। बावजूद इसके चंदन की हरकतें नहीं रुकीं। जिसके बाद उन्होंने आरोपी के परिजनों से शिकायत कर कानूनी कार्रवाई की बात कही। इस पर परिजनों ने माफी मांगी और भरोसा दिया कि चंदन आगे से कुछ नहीं करेगा। हालांकि वह माना नहीं। पीड़िता जब भी घर से बाहर निकलती तो वह छेड़ता और फब्तियां कसता। इसके बाद लड़की ने घर से निकलना बंद कर दिया। हद तो तब हो गई जब बीती 12 अक्टूबर की शाम चंदन जबरन पीड़िता के घर में घुस गया। उसने पीड़िता से अभद्रता की और जब पीड़िता ने मदद के लिए शोर मचाने की कोशिश की तो उसका मुंह दबा दिया। शोर सुन कर पीड़िता के पिता पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद पीड़िता के पिता तहरीर लेकर पुलिस के पास पहुंचे। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अब थानों व पुलिस कार्यालयों के मुंशी भी करेंगे गश्त

हल्द्वानी, अमृत विचार : थानों और कार्यालयों के मुंशी को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने सड़क पर उतार दिया है। इन मुंशियों को अब कार्यालय के साथ सड़क पर रात्रि गश्त भी करनी होगी। इसको लेकर एसएसपी ने आदेश जारी कर दिए हैं। एसएसपी ने चेतावनी दी कि ड्यूटी चेक करने वह रात्रि में किसी भी समय निकल सकते हैं। एसएसपी ने बताया कि घटनाओं को रोकने के लिए हर मुमकिन कदम उठाए जा रहे हैं। थानों व पुलिस कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों की भी रात्रि ड्यूटी लगाई जा रही है। जिसके तहत अब थानों, सीसीटीएनएस में नियुक्त मुंशी और कर्मचारी भी थानों में रात्रि गश्त करेंगे। पुलिस लाइन कार्यालय, मदो में नियुक्त मुंशी और कर्मचारी क्वार्टर गार्द (संतरी ड्यूटी) करेंगे। यातायात सेल, सीपीयू में नियुक्त मुंशी और कर्मचारियों को यातायात ड्यूटी करनी होगी। एसएसपी ने कहा कि मंगलवार शाम से ही आदेश लागू कर सभी अधीनस्थ प्रभारियों को निर्गत किया गया है। आदेश के अनुसार कार्यालयों में नियुक्त मुंशियों को यह ड्यूटी सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से करनी होगी। जिसकी समीक्षा एसएसपी स्वयं करेंगे। एसएसपी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में समानता की भावना को विकसित करना और ड्यूटी को रोटेशन वार लगाने पर बल देना है।

उमेश हत्याकांड का दूसरा हत्यारोपी दीपक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

कार्रवाई
- मृतक के चचेरे भाई के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम
- पुलिस ने रुद्रपुर मेट्रोपॉलिस सिटी से पकड़ा

अमृत विचार : कमलुवागांजा में रामलीला के दौरान अधिवक्ता उमेश नैनवाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड को अंजाम देने वाले उमेश के चचेरे भाई दिनेश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। घटना के बाद से फरार दूसरा आरोपी दीपक बुधानी रुद्रपुर की मेट्रोपॉलिस सिटी में दुबका था। घटना के सातवें दिन पुलिस ने दीपक को भी धर दबोचा।

घटना 22 बीघा जमीन को लेकर हुई थी। पुलिस के हत्थे चढ़े दीपक बुधानी ने बताया कि वह रुद्रपुर के सिडकुल स्थित ट्रांसपोर्ट एंड क्लियरेंस कस्टम कंपनी में काम करता है। बीती सात अक्टूबर को वह मुखानी के कमलुवागांजा मेहता के देवपुर देवपा निवासी अपने दोस्त दिनेश नैनवाल के घर गया था। रात दोनों ने घर पर ही शराब पी और फिर देवपुर देवपा में चल रही रामलीला में पहुंच गये। जहां दिनेश ने गोली मारकर अधिवक्ता उमेश नैनवाल की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों फरार हो गये। फरार होने के लिए दीपक ने लग्जरी कार का इस्तेमाल किया।

पुलिस ने फरार दिनेश को चारधाम मंदिर के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया, लेकिन दीपक हत्थे नहीं चढ़ा। तलाश में जुटी पुलिस को पता लगा कि घटना को अंजाम देने के बाद दीपक आराम से अपनी नौकरी कर रहा है। मंगलवार को पुलिस ने दीपक को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब वह नौकरी खत्म कर घर जा रहा था। उसे रुद्रपुर की मेट्रोपॉलिस सिटी से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के पास से उस लग्जरी कार को भी बरामद कर लिया है, जिससे वह घटना के बाद भागा था। दीपक मूलरूप से पूरनपुर नैनवाल गांव का ही रहने वाला है। उमेश और दीपक का घर आस-पास है।

सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। साथ ही उसकी गाड़ी भी जब्त कर ली गई है।

मुखानी पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी दीपक। ● अमृत विचार

गांजे के साथ एक युवक को दबोचा

रामनगर : पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने आशियाना कॉलोनी कोसी नदी के किनारे पूछड़ी में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास 1.445 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अजीम पुत्र रज्जन नई बस्ती गुलरघट्टी बताया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

बिजरानी पर्यटन जोन का शुभारम्भ करते विधायक दीवान बिष्ट। ● अमृत विचार

पर्यटकों के लिए खुला कॉर्बेट का बिजरानी पर्यटन जोन

रामनगर : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का बिजरानी जोन मंगलवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। बिजरानी जोन का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट व कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने किया। पहले दिन गेट खुलने पर पर्यटकों के साथ-साथ जिप्सी चालक, नेचर गाइड भी उत्साहित नजर आये। सुबह 6 .30 बजे जिप्सियों में सवार होकर पर्यटक जंगल सफारी के लिए निकले। पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि सुबह की पाली में 28 जिप्सी व शाम की पाली में 29 जिप्सियां पर्यटकों को जंगल भ्रमण कराने निकलीं। दिल्ली निवासी मनोज शर्मा ने कहा कि बाघ न दिखाई देने से निराशा हुई, लेकिन यहां के प्राकृतिक सौंदर्य ने दिल जरूर जीता। पार्क वार्डन ने बताया कि बिजरानी जोन की एडवांस बुकिंग एक माह तक के लिए पूरी हो चुकी है। इस दौरान भाजपा नगर अद्यक्ष मदन जोशी, बिजरानी जोन के रेंजर भानु प्रकाश हरबोला, रेंजर ललित आर्या समेत अन्य वन कर्मी तथा पर्यटन कारोबारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

एमबीपीजी की ब्यूटी दास ने पास की जेआरएफ परीक्षा

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ब्यूटी दास ने सीएसएआर नई दिल्ली की ओर से आयोजित नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बीते दिन जारी हुए परीक्षा परिणाम में उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। उनकी सफलता पर प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, विभाग के समन्वयक डॉ. प्रेम प्रकाश, विभागाध्यक्ष डॉ. अंशुलिका उपाध्याय, डॉ. दिशा मेहता, डॉ. पुष्पा रुबाली, डॉ. बीएस जीना, डॉ. दिशा कफलटिया और डॉ. नीलू जोशी आदि ने खुशी जताई है।

विज्ञान महोत्सव में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हल्द्वानी : महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में चल रही दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान महोत्सव और विज्ञान ड्रामा का मंगलवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में 55 स्कूलों के 549 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में राइंका हरिपुर जमन सिंह प्रथम, वुडलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय, अटल उत्कृष्ट स्कूल फुलचौड़ तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में एचएन इंटर कॉलेज हल्द्वानी प्रथम, खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज द्वितीय और वुडलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। समापन समारोह में एमबीपीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रो. डॉ. दीपक उप्रेती ने सभी विजेता बाल वैज्ञानिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग पर आया मलबा। ● अमृत विचार

कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग में मलबे से राहगीर परेशान

कालाढूंगी : बरसात को बीता एक माह हो गया मगर कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग में आया मलबा न हटाने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग रामनगर के अंर्तगत कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग पर ब्रह्म बूबू मंदिर के पास बरसात में पहाड़ी का एक हिस्सा दरक कर सडक पर आ गया था। मोड़ होने से कभी भी हादसा हो सकता है। मगर जिम्मेदार लोक निमार्ण विभाग ने अब तक मलबा नहीं हटाया है। जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ रहा है। साथ ही हादसे का खतरा भी बना हुआ है। लोनिवि के जेई उमाशंकर कुकरेती ने बताया कि जल्द ही मलबा हटा लिया जायेगा।

एनसीसी कैडेटों को आग बुझाने का प्रशिक्षण देते अग्निशन कर्मी। ● अमृत विचार

एनसीसी कैडेटों को आग से बचाव के तरीके बताए

हल्दूचौड़ : एवर ग्रीन सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 1 यूके एयर एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में अग्निशमन टीम ने उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र मेर के नेतृत्व में कैडेटों को आग लगने पर बचाव के तरीके बताये। टीम द्वारा आग बुझाने के उपकरणों के उपयोग और घरेलू एलपीजी सिलेंडर से आग लगने पर आग पर काबू पाने का अभ्यास कराया। इससे पूर्व शिविर में रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें कैम्प कमान्डेंट ग्रुप कैप्टेन विवेक रावत ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले कैडेट अनिकेत, संजय पांडे एवं गर्ल्स कैडेट हर्षिता खाती को सीनियर अंडर ऑफिसर और कैडेट दिव्या, अभय पांडे और पूजा बोरा को कैडेट वारंट ऑफिसर रैंक प्रदान किया। ग्रुप कैप्टेन विवेक रावत ने कहा कि प्रशिक्षण युवाओं को न केवल सैन्य क्षेत्र वरन जीवन के सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार करता है। इस दौरान विभिन्न उपवाहिनियों के सहयोगी एनसीसी अधिकारी उपस्थित रहे।

सुवा रे सुवा...गीत गाकर मैथिली ने किया मंत्रमुग्ध

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ कुमाऊं द्वार महोत्सव का शुभारंभ

प्रख्यात लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने कुमाउनी लोक संस्कृति को बताया अद्भुत

कुमाऊं द्वार महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं मैथिली ठाकुर। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रख्यात लोक गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को हल्द्वानी में आयोजित कुमाऊं द्वार महोत्सव में पहुंची। उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजकों ने छोलिया नृत्य से किया। छोलिया नृत्य से अपना स्वागत होते देख मैथिली गदगद हो गईं।

मैथिली ठाकुर में बताया कि वह कुमाउनी संस्कृति को अच्छे से जानती हैं। यहां के लोकगीत भी गाती रहती हैं। उन्होंने लोकगीत सुवा रे सुवा मधुर आवाज में गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नए गीतों की जगह अगर भजन सुने तो यह परंपराओं को जीवित रखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की लोक संस्कृति और उत्तराखंड की लोक संस्कृति में कोई ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों संस्कृतियों में नृत्य, गायन, भजन और कीर्तन को प्रमुख स्थान दिया गया है। केवल बोली और भाषा का ही अंतर है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री से वह मिलीं तो उनके व्यक्तित्व को देखकर बहुत ही प्रभावित हुई। वह देव भूमि में बार-बार आना चाहेंगी।

लोक भाषाओं का सरकार कर रही संरक्षण: धामी

हल्द्वानी : एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित कुमाऊं द्वार उत्सव का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार लोकभाषा में काम करने वालों को गौरव पुरस्कार दे रही है। स्थानीय बोलियों में ग्रंथों को प्रकाशित करने वालों को सहायता दी जा रही है। कहा कि कुमाऊं द्वार महोत्सव जैसे कार्यक्रमों से हम अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे लोक कलाकारों ने उत्तराखंड की संस्कृति को सात समंदर पार तक पहुंचा दिया है। कहा कि हल्द्वानी में स्पोटर्स कॉलेज के लिए शीघ्र ही भूमि का मामला सुलझा लिया जाएगा। हल्द्वानी में आईएसबीटी और चिड़ियाघर का भी निर्माण शुरू किया जाएगा। जनवरी से फरवरी माह के दौरान उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। कार्यक्रम में गायिका मैथली ठाकुर ने कुमाउनी गीतों के साथ ही कई भजन गाये। इसके बाद अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान आयोजक गोविंद दिगारी, खुशी दिगारी मौजूद रहे।

संस्कृत भाषा का महत्व जानना जरूरी: तड़ियाल

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का शुभारंभ कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल ने किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा हिन्दी की जननी है। संस्कृत का महत्व जानना व इसको महत्व युवा पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी सत्यनाराण की अध्यक्षता में हुई।

इस अवसर पर आशु भाषण में प्राची कांडपाल राबाइंका कोटाबाग, पुष्पा राबाइंका कालाढूंगी व कार्तिक सती आराइका कोटाबाग क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वाद- विवाद प्रतियोगिता में सत्य बिष्ट अराइंका कालाढूंगी, हेम राज सिंह, लक्ष्मी अधिकारी क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। समूह गान में राइंका कालाढूंगी, राउमावि स्यात व रागानवि स्यात क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। श्लोकोच्चारण में शंकाक शर्मा आराइंका कोटाबाग, गरिमा मठपाल राउमावि स्यात व इन्दू राइका पवलगढ़ क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। संस्कृत समूह नृत्य में आशा निकते उमावि पत्तापानी, अउराबइका कालाढूंगी व राउमावि स्यात क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। संस्कृत नाटक में पीएमश्री राबाइंका प्रथम रहा। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इस दौरान विनीता पाठक, हरीश बिनवाल, भगवती प्रसाद, सुनंदा पंत, दिनेश उपाध्याय मौजूद रहे।

बालक व बालिकाओं की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल की ओर से हरकपुर क्वीरा में आयोजित सेवन ए साएड अंतर विद्यालयी बालक-बालिका फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल मैच हुए। बुधवार को सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। मंगलवार को खेले गए मैचों में बालिका वर्ग में सिंथिया, क्वींस, मदर्स ग्लोरी ने क्वार्टर फाइनल जीता और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बालक वर्ग में बीएलएम एकेडमी, बियरशिवा, क्वींस व डीपीएस ने सेमीफाइनल के लिए अपनी जगह सुरक्षित कर ली। खेले गए मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार तान्या, स्मृति, हर्षित, धनंजय, मयंक, मयंक धर्मसक्तु, मिलन पांडे, कृष्णा और यश रोहतगी को दिया गया। मैच के दौरान रेफरी व अन्य निर्णायकों की टीम में आनंद बेव, गोपी डिसूजा, मोएन-उल-हक, मयंक पंत, लवलेश मेर, जय अरोरा, एसएस कपकोटी, दीपक जोशी, लीला रावत, शिवानी आदि रहे। जैद सैफी, आशुतोष खर्कवाल, ऋषभ राठौर, अभिराज सिंह, दिव्य्यांशु सिंह, दिव्यराज सिंह ने मैच के दौरान व्यवस्थाओं देखने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, कात्यायन रौतेला, आनंद सिंह दरम्वाल, गोबिंद बिष्ट, भुवन आर्या, पीपी उपाध्याय, कौशलेन्द्र भट्ट, अनिल जोशी मौजूद रहे।

ग्राहकों के लिए बॉब उत्सव जमा योजना शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब उत्सव जमा योजना शुरू की है। यह 400 दिन की अवधि वाली सावधि जमा योजना है, जिसे विशेष रूप से फेस्टिवल सीजन के लिए शुरू किया है।

इसमें आम लोगों के लिए 7.30 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.80 प्रतिशत, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष और उससे अधिक आयु) के लिए 7.90 प्रतिशत और नॉन-कॉलेबल जमा पर 7.95 प्रतिशत वार्षिक तक की ब्याज दर प्रदान की जा रही है। योजना 14 अक्टूबर से शुरू हो गई है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यालक अधिकारी देवदत्त चांद ने कहा कि इस फेस्टिवल सीजन में ग्राहक बचत जमाओं में अधिकतम वृद्धि करते हुए उच्च ब्याज दर प्राप्त कर सकते हैं।

दीक्षा व शास्विता रहीं विजेता

अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज बेतालघाट में खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज बेतालघाट में खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता हुई। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट के असिस्टेंट प्रोफेसर भुवन मठपाल, प्रधानाचार्य दीपचंद त्रिपाठी और खंड संयोजक डॉ. अरविंद मिश्रा ने किया।

मुख्य अतिथि भुवन मठपाल ने कहा कि संस्कृत सबसे प्राचीन और मधुर भाषा है और आज इसे जन-जन की भाषा बनाने की जरूरत है। इस मौके पर हुई प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य में राजकीय इंटर कॉलेज गरजौली प्रथम और राजकीय इंटर कॉलेज तल्लीसेठी द्वितीय रहा। संस्कृत नाटक में राजकीय इंटर कॉलेज लोहाली प्रथम व राजीव गांधी अभिनव विद्यालय बेतालघाट द्वितीय रहा। समूह गान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बेतालघाट प्रथम व राजकीय इंटर कॉलेज सिमलखां द्वितीय स्थान पर रहा। श्लोक उच्चारण में राजकीय इंटर कॉलेज ताड़ीखेत की दीक्षा प्रथम और राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट की शास्विता सिंह द्वितीय रही। वाद विवाद में राजकीय इंटर कॉलेज राजकीय इंटर कॉलेज ताड़ीखेत की अंजलि प्रथम व तल्लीसेठी की पूनम द्वितीय रही। विजेताओं को प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी एवं खंड संयोजक डॉ.अरविंद मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर धना देवी, आरती पंत, मोहनलाल, संजय शर्मा, एबी सिंह, राजपाल सिंह मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

आयोजन | रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी

भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ राम राज्याभिषेक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : श्री रामलीला संचालन समिति के तत्वावधान में मंगलवार को भगवान श्री राम की भव्य राजगद्दी और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। शहर में जगह-जगह भगवान राम के स्वरूप की लोगों ने आरती उतारकर पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा में व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री भी शामिल रहे। इस दौरान गिरधर गोपाल झांकी, शिव नंदी, मौन स्टेच्यू, घोड़े ताशे, नृत्य आरती, शिव शेषनाग, इस्कॉन, सालासर बाला जी, 28 मुखी काली ग्रुप, शिव मंदिर, श्याम बाबा की झांकी, कथक कली, पंजाबी ढोल, महाकाल बैंड के साथ भगवान श्री राम की राजगद्दी की बग्गी की सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

राम राज्याभिषेक की शोभा यात्रा के दौरान राम-लक्ष्मण, सीता और अन्य।

शोभायात्रा का संयोजन अरुण अग्रवाल, तनुज गुप्ता और अमित जोशी के निर्देशन में हुआ। शोभायात्रा में मुख्य रूप से संचालन समिति के विवेक कश्यप, मनोज गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, विनीत अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, तरुण बंसल, प्रदीप बिष्ट, राजेंद्र मुन्ना, तरंग, प्रदीप जनौटी मौजूद रहे।

लक्ष्मण को लगी शक्ति, हनुमान लाए संजीवनी

कालाढूंगी : चकलुवा में आदर्श नवयुवक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मैदान में दसवें दिन अगंद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति का मंचन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेता व पूर्व राज्य दर्जा मंत्री महेश शर्मा ने भगवान श्रीराम के जीवन पर सुन्दर कविता प्रस्तुत कर राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले रामलीला कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बिष्ट ने महेश शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बिष्ट, अनिल बिष्ट, कुंदन बसेड़ा, त्रिभुवन कन्याल, ललित सत्याल, पूरन सिंह मेहरा, विक्रम जंतवाल, पंकज नेगी मौजूद रहे।



अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बालक वर्ग के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं बालिका वर्ग की खिलाड़ी। ● अमृत विचार

टिहरी के हिम्मत, उत्तरकाशी की रंजना दौड़े सबसे तेज

गौलापार इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में शुरू हुई राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता

आयोजन

- विधायक बंशीधर भगत ने गुब्बारे उड़ाकर किया शुभारंभ
- प्रदेश के सभी जिलों के 2600 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में मंगलवार से राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई। पहले दिन सब जूनियर वर्ग में बालक-बालिकाओं की 600 मीटर दौड़ हुई।

बालक वर्ग में टिहरी के हिम्मत रावत ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि पिथौरागढ़ के आयुष कुमार को दूसरा और रुद्रप्रयाग के हिमांशु को तीसरा स्थान मिला। वहीं बालिका वर्ग में उत्तरकाशी की रंजना पहले स्थान पर रहीं। जबकि हरिद्वार की विधि पाल दूसरे और चंपावत की अमीषा चौधरी तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा प्राथमिक वर्ग के बालक और बालिकाओं की 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और सब जूनियर वर्ग की 200 और 400 मीटर दौड़ की हीट्स आयोजित की गई।

क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक, साथ में सांसद व अन्य। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत ने गुब्बारे उड़ाकर व राज्य खेल के ध्वजारोहण के साथ किया। इसके बाद विभिन्न जिलों से आई टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। छात्र तानिया पंत ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलों में प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई। एचसीएम स्कूल हल्दूचौड़ के छात्रों ने स्वागत गीत और जीजीआईसी की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को नौकरी में चार प्रतिशत आरक्षण दे रही है। बंशीधर भगत ने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किये हैं। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे और हेमंत बिष्ट ने किया।

मदन बडथ्वाल, बंशीधर कांडपाल, हरीश उपाध्याय, भास्कर, ममता गुप्ता, मंजू कांडपाल, लक्ष्मी काला ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, अपर शिक्षा निदेशक आरएल आर्य, उप निदेशक लीलाधर व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) एचबी चंद, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी गीतिका, उप शिक्षा अधिकारी मान सिंह, सुरेश आर्य, राज्य खेल समन्वयक सलीम सिद्दीकी, जिला खेल समन्वयक पूरन नयाल, निवर्तमान पार्षद प्रमोद तोलिया मौजूद रहे। इधर, सूचना प्रसारण समिति के सदस्य दीपक नौगाई ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्राथमिक वर्ग की 50, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ की फाइनल और सब जूनियर वर्ग में 100, 200, 400 मीटर दौड़ की फाइनल सहित खो-खो, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

दिनभर पीने के पानी के लिए तरसते रहे खिलाड़ी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राज्य स्तरीय अंतर विद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 2600 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इनमें प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे भी शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने खेलों के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी होने का दावा किया था, लेकिन धरातल पर दावों की हकीकत सामने आ गई।

अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में प्रतियोगिता के पहले दिन पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था बदहाल नजर आई। पीने के पानी के लिए स्टेडियम में सैकड़ों बच्चों के लिए मात्र दो ही आरओ लगाये गये थे। मुख्य प्रवेश गेट के पास दो आरओ लगाये गये थे, जिनसे चार-पांच नलों को जोड़ा गया था, लेकिन इन नलों में भी पानी नहीं आ रहा था। आरओ के सामने बच्चों की भीड़ एकत्र हुई तो कई बच्चों को पानी भी नहीं मिल पाया। इस पर बच्चे हॉल में जहां आरओ लगा था वहां पहुंचे। हॉल में एक पाइप से पानी बर्बाद हो रहा था, जिससे फर्श पर तलैया बन गई थी। भीड़ बढ़ने के कारण यहां भी कई बच्चों को पानी नहीं मिला। इस पर बच्चे कुछ दूर खड़े टैंकर से पानी पीने चले गये, लेकिन यहां भी भीड़ बढ़ने पर पानी के लिए मारामारी होने लगी। इसके अलावा स्टेडियम के शौचालय भी बदहाल हालत में मिले। जिनके नलों में पानी नहीं आ रहा है। वहीं दरवाजे उखड़े हुए हैं। कई बच्चे बाहर से बोतल में पानी ले जाकर शौचालय जाने को मजबूर हुए।

खेल स्टेडियम में दर्शक दीर्घा की अधिकांश सीटें गंदगी से पटी पड़ी हैं। इन गंदी सीटों पर बच्चे बैठने को मजबूर हो रहे हैं।

बिजली की कटी तार से हादसे का खतरा

स्टेडियम में बिजली की आपूर्ति के लिए एक तार बिछाई गई है जो जगह-जगह से कटी है। इससे हादसे का खतरा बना हुआ है। मंगलवार को प्रतियोगिता के दौरान बिजली की कटी तार के पास छोटे बच्चे बेखौफ घूम रहे थे, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने खुले तार को हटाना ठीक नहीं समझा। तार में जगह-जगह टेप से चिपकाया गया है।

अंजलि करवाचौथ क्वीन और गुंजन सुपरस्टार बनीं

करवाचौथ क्वीन को सम्मानित करतीं क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मृदुला नारी शक्ति क्लब का करवाचौथ उत्सव 'करवाचौथ का चांद बॉलीवुड सितारों के नाम' थीम पर आयोजित हुआ। इस दौरान अंजलि अग्रवाल करवाचौथ क्वीन चुनी गईं। जबकि गुंजन सिंघल को बॉलीवुड सुपरस्टार, निकिता जैन बेस्ट बॉलीवुड अटायर, निमिष गर्ग बेस्ट बॉलीवुड डांस, पूजा सिंघल बेस्ट बॉलीवुड एक्टर, प्राची और शालिनी, डिपिन्का और अर्चना मित्तल बेस्ट बॉलीवुड जोड़ी व एकता अग्रवाल को बेस्ट बॉलीवुड परफॉर्मेंस का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक अंशिल वर्मा व मनीषा गुप्ता रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नीतू अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, मनीषा सिंह, मीनू गुप्ता, प्राची अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, निधि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, पूजा, प्रियंका, निकिता, पूजा, अरुण मौजूद रहे।

मांगों को पूरा करने के होंगे पूरे प्रयास

हल्द्वानी, अमृत विचार : अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन नैनीताल की ओर से आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी का मंगलवार को समापन हो गया है। इस दौरान शिक्षकों ने कई मुद्दों पर मंथन किया।

आदर्श विद्यालय जूनियर हाईस्कूल दमुवाढूंगा में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष वीरेंद्र टम्टा ने कहा कि शिक्षकों की जो भी मांगें हैं उन्हें पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। सरकार पर दबाव भी बनाया जाएगा। उन्होंने सभी से विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों से शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार, जिला मंत्री दीप दर्शन, हेमंत कुमार, मनोज त्रिकोटी, दुर्गा प्रसाद, इंद्र कुमार आर्या, सुनीता आर्य, मुन्नी आर्य, रुचि आर्य, पंकज कुमार, चंद्र प्रकाश, दीप दर्शन, कोषाध्यक्ष गिरीश बेरी, रेखा आर्या, विद्या टम्टा, मुकेश मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त सूबेदार आनंद सिंह खनका का हुआ निधन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भारत-पाकिस्तान व भारत-चीन युद्ध के गवाह सेवानिवृत्त सूबेदार आनंद सिंह खनका का निधन हो गया। 80 वर्षीय आनंद सिंह खनका का एम्स दिल्ली में इलाज चल रहा था। मंगलवार को बड़ी संख्या में एकत्र हुए पूर्व सैनिकों ने शोक जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिवंगत पूर्व सूबेदार आनंद सिंह का जन्म 15 जुलाई 1937 को पिथौरागढ़ के थल-मुवानी रोड स्थित नैनी गांव में हुआ था। उनके बेटे ललित खनका ने बताया कि साल 1955 में उनके पिता 15 कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए थे। इसके बाद उनके पिता ने साल 1962 में हुए भारत-चीन, 1965 और 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में दुश्मन सेना का जमकर सामना करते हुए हार का मजा चखाया था। साल 2008 में वह सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए और पैतृक गांव से परिवार के साथ आकर हल्द्वानी में बस गए। उनके निधन से सभी पूर्व सैनिकों में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व कर्नल जेएस बिष्ट, कैप्टन मोहन सिंह उलसाई, प्रेम सिंह रौतेला, नंदन सिंह खनका, सूबेदार मेजर पूरन सिंह खनका, नारायण सिंह रौतेला, सूबेदार गजेन्द्र सिंह खनका, सूबेदार अनिल खनका, भुवन मेहता, नारायण सिंह म्यान, नंदन सिंह कोरंगा, हवलदार कुन्दन सिंह खनका, गोविंद सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह नयाल, उम्मेद सिंह कन्याल, कुंवर सिंह रावल, धर्म सिंह चौहान, दीपक कुमार खनका आदि लोग शामिल रहे।

सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी घोषित

दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी का गठन हो गया है। मंगलवार को कालाढूंगी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

इसमें सर्वसम्मति से लाखन निगल्टिया को प्रदेश अध्यक्ष, भुवन भट्ट प्रदेश महामंत्री, डॉ. अंजना जोशी प्रदेश सलाहकार समिति संयोजक, प्रताप जोशी प्रदेश कोषाध्यक्ष, संजय त्यागी प्रदेश प्रवक्ता, सीमा बत्रा प्रदेश प्रभारी, काजल खत्री कुमाऊं मंडल प्रभारी, मंजू शाह जिला प्रभारी महिला, विजय नारायण त्रिपाठी, तरुण वानखेड़े एवं चंदन बिष्ट प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संजय बिष्ट जिला प्रभारी, राहुल जोशी सह प्रभारी, यशपाल सिंह रावत रामनगर प्रभारी, भुवन सांगुड़ी को मुखानी मंडल प्रभारी मनोनीत किया गया।

इस दौरान भवान बिष्ट, अंकित बिष्ट, विनय बत्रा, हिमांशी पलडिया, हर स्वरुप पाल, वीरेंद्र पाल नेगी, बेबी गोयल, नीता गुप्ता, किरन कश्यप, डॉ. भावना गुप्ता, ज्योति सक्सेना, हेमंत मौजूद रहे।

धर्म-कर्म

अश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को कहा जाता है शरद पूर्णिमा, इस दिन 16 कलाओं से परिपूर्ण होते हैं चंद्र देव

शरद पूर्णिमा आज ...बन रहे हैं कई विशेष शुभ योग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शरद पूर्णिमा (कोजागरी) आज है, लेकिन इसके लिए 17 अक्टूबर गुरुवार को शरद पूर्णिमा उपवास, स्नान और दान रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी के अनुसार शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहते है। शरद पूर्णिमा पर इस बार शुभ योग, हर्षण योग, सर्वार्थ सिद्धि जैसे विशेष योग बन रहे हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार अश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा कहते हैं, जिसके उच्चारण से ही शरद ऋतु के आगमन का सकेंत मिलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन चंद्रदेव सोलह कलाओं से परिपूर्ण होते हैं। उपनिषदों के अनुसार 16 कलाओं से युक्त व्यक्ति ईश्वर तुल्य होता है, जो व्यक्ति मन और मस्तिष्क से अलग रह कर बोध करने लगता है वही 16 कलाओं में गति कर सकता है। चंद्रमा की सोलह कलाएं- अमृत, मनदा, पुष्प, पुष्टि, तुष्टि, ध्रुति, शाशनी, चंद्रिका, कांति, ज्योत्सना, श्री, प्रीति, अंगदा, पूर्ण, पूर्णामृत और स्वरूपवस्थित हैं। शरद पूर्णिमा को समुद्र मंथन से महालक्ष्मी और अमृत कलश, शरद धन्वंतरी देवता प्रकट हुए थे। मां लक्ष्मी के प्राकट्य के बाद उनका भगवान विष्णु से पुनः विवाह हुआ था। हिन्दू धर्मानुसार शरद पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक प्रतिदिन सायंकाल आकाशदीप प्रज्वलित करने का प्रचलन है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा से आकाशदीप जलाने और दीपदान करने से दुख, दारिद्र्य दूर होते है।

तिथि और शुभ मुहूर्त

डॉ. मंजू जोशी।

पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ 16 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार रात्रि 8:45 से 17 अक्टूबर 2024 दिन गुरुवार सायंकाल 4:58 तक।

17 अक्टूबर 2024 अभिजीत मुहूर्त 11:43 से 12:29 ।

पूजा विधि एवं उपाय

नित्य कर्म से निवृत्त होकर घर को स्वच्छ करने के उपरांत घर में गंगाजल का छिड़काव करें व गंगाजल से स्नान करें। शरद पूर्णिमा के अवसर पर नदी में स्नान करना भी शुभ माना जाता है। उपवास का संकल्प लें। पूजा गृह में दीप प्रज्वलित करें। चौकी पर लाल या पीला वस्त्र बिछाकर भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित करें। रोली, कुमकुम, अक्षत, पीले पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, भेंट अर्पित करें। अखंड ज्योति जलाएं। भगवान विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें, श्रीकृष्ण मधुराष्टकम का पाठ भी कर सकते हैं सत्यनारायण की कथा पढ़ें।

खीर बनाने का वैज्ञानिक कारण

वैज्ञानिकों के मतानुसार शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा पृथ्वी के सबसे नजदीक होता है। जिस कारण इसकी किरणों में कई लवण और विटामिन आ जाते हैं। वहीं पृथ्वी से नजदीक होने के कारण ही खाद्य पदार्थ इसकी चांदनी को अवशोषित करते है। लवण और विटामिन से संपूर्ण ये किरणें हर खाद्य पदार्थ को स्वास्थ्यवर्धक बनाती हैं। दूध में लैक्टिक एसिड और अमृत तत्व होते हैं। चांद की किरणों से ये तत्व अधिक मात्रा में शक्ति का समावेश करते हैं। चावल में स्टार्च इस प्रक्रिया को आसान बना देता है। चांदी में एंटी-बैक्टेरियल तत्व होते हैं जो भोजन को पौष्टिकता प्रदान करने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

सार-संक्षेप

आयोग के सदस्य को महर्षि वाल्मीकि की फोटो भेंट करते संघ के पदाधिकारी।

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य का स्वागत

रुद्रपुर : देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर का नगर निगम सभागार में महर्षि वाल्मीकि की फोटो भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने सिटी क्लब की तर्ज पर किच्छा रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में महर्षि वाल्मीकि बैंकट हॉल स्थापित करने की मांग की गयी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया, सोनू मुल्तानी, लक्ष्मण सिंह चौहान, रंजीत चरण, सुनील कुमार, राजू पहलवान, मनोज कुमार, राज्य पाल, शन्नी, अंकित, गोविंदा आदि मौजूद रहे।

गदरपुर के सकैनिया में विरोध प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

उड़द का एक्सपायर बीज देने पर किसानों में रोष

गदरपुर : क्षेत्र के ग्राम झुन्नी मजरा में लगभग 70 एकड़ जमीन में उड़द का बीज लगाया गया था जिसके न पनपने से किसानों में भारी रोष है। किसानों ने गदरपुर और सकैनिया के एक दुकानदार पर एक्सपायर बीज देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को तराई किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बलविंदर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसान एकत्रित हुए और किसानों के खेत में जाकर मौका मुआयना किया। अंदाजा लगाया कि किसानों का भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। उन्होंने सकैनिया और गदरपुर के दो अलग-अलग व्यापारियों पर उड़द का एक्सपायर बीज देने का आरोप लगाया। बलविंदर सिंह ने बताया कि लगभग 20 किसानों ने 70 एकड़ से अधिक जमीन पर उड़द का बीज लगाया गया था जिस पर न तो फूल आया और न ही फली आई। आरोप है कि दुकानदार ने इन किसानों के साथ ठगी की है। अगर दुकानदार इन किसानों की भरपाई नहीं करता है तो वे उच्चाधिकारियों को शिकायत करेंगे। वहीं झुनी मजरा के समाजसेवी अमन कंबोज ने बताया कि वह किसानों के साथ हैं। व्यापारियों को किसानों के नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। इस दौरान किसान अमरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, गुरमीत सिंह, सतपाल सिंह, काला सिंह, प्रीतम सिंह, मक्खन सिंह, गुरदीप सिंह, बहादुर सिंह, जांगीर सिंह, पहलवान सिंह, बलविंदर सिंह, अमरीक सिंह, जीत सिंह, खजाना सिंह, सतनाम सिंह, कृष्ण लाल आदि किसान मौजूद रहे।

पत्रकारों को जानकारी देते आप के प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर। ● अमृत विचार

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर चुनाव लड़ेगी आप

रुद्रपुर : आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा कि आने वाले निकाय, पंचायत और विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरे दमखम से उतरेगी। उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और रोजगार की सख्त जरूरत है। इन्हीं मुद्दों को लेकर पार्टी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर से लेकर वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन बना लिए गये हैं। संगठन के सभी पदाधिकारियों से आगामी चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील की गयी है। मंगलवार को सिटी क्लब में आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए आप के प्रदेश अध्यक्ष कलेर ने कहा कि पूर्व में उनके द्वारा जो भी गलतियां हुई हैं। उसमें सुधार कर आगे बढ़ने के लिए काम किया जा रहा है। इससे पूर्व आयोजित बैठक में सतपाल ठुकराल समेत कई लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कलेर ने सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री कुलवंत सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता टम्टा बाजवा, जिलाध्यक्ष जनार्दन सिंह, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बंटी, प्रदेश प्रवक्ता डीके कॉलोनी, प्रदेश बंगाली समाज मोर्चा अध्यक्ष सुभाष व्यापारी आदि मौजूद रहे।

सड़क किनारे खड़ी कार से टकराकर बाइक सवार घायल

बाजपुर : नेशनल हाइवे-74 पर अनियंत्रित बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार की देर रात ग्राम जगदीशपुर दिनेशपुर निवासी सूरज मंडल (25) पुत्र महादेव मंडल बाइक पर दोराहा से होते हुए अपने घर की ओर जा रहा था। इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर गेट कालेज के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कार से जा टकराई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना में मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे ग्राम कनौरा निवासी देवनारायण (50) पुत्र प्रसादी लाल साइकिल से सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में एक स्टोन क्रशर पर बैल्डिंग का कार्य करने के लिए जा रहा था। इसी बीच छोई मोड़ के नजदीक तेज रफ्तार डंपर चालक ने पीछे से साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार युवक सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चंद बेलवाल ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

तहसील दिवस में आईं 153 शिकायतें

बाजपुर में तहसील दिवस का आयोजन, आधे से अधिक समस्याओं का मौके पर निस्तारण

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को श्री रामभवन धर्मशाला बाजपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को समय से निस्तारित करते हुये सीएम जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करें।

तहसील दिवस में नाली निर्माण, नाली सफाई, सड़क, बिजली, दिव्यांग/बौना प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, खनन आदि से सम्बन्धित 153 शिकायतें/मांग पत्र पंजीकृत हुईं। इसमें से आधे से अधिक समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता है।

बाजपुर में आयोजित तहसील दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

तहसील दिवस में राजीव नगर वार्ड नं0 13 निवासी पप्पू सिंह ने दुकान नं0 21 द्वारा राशन कार्ड पर खराब राशन देने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिये। ग्राम गोबरा के ग्रामवासियों ने नाली निर्माण की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिये। सुल्तानपुर पट्टी वासियों ने अवगत कराया कि खनन कारोबारियों द्वारा अवैध व चोरी से उनके खेतों से खनन किया जाता है। राजस्व व खनन विभाग द्वारा जुर्माना खेत स्वामियों पर लगाया जाता है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जांच करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, विद्युत, जल संस्थान, नगर पालिका, सहकारिता, कृषि, बाल विकास, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारियां दी गयीं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच कर दवाइयां वितरित की गईं।

तहसील दिवस में अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य बीज प्रमाणीकरण व पूर्व सांसद बलराज पासी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, गौरव शर्मा, उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, एसीएमओ डॉ. हरेन्द्र मलिक, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशासी अभियंता विद्युत विवेक काण्डपाल आदि मौजूद थे।

इस माह कर लें चीनी मिलों के उपकरणों का ट्रायल पूर्ण

संवाददाता, रुद्रपुर

समीक्षा

- नादेही-बाजपुर में चल रहे तकनीकी कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी
- डीएम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अमृत विचार: जिलाधिकारी व प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर्स उदय राज सिंह ने सभी सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के पेराई सत्र 2024-25 प्रारंभ करने को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने चीनी मिल नादेही और बाजपुर में चल रहे तकनीकी कार्यों की धीमी प्रगति होने और गन्ने के क्षेत्रफल में विगत वर्ष के सापेक्ष कमी आने पर नाराजगी जतायी।

मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में प्रबंध निदेशक ने चीनी मिल किच्छा, नादेही में चल रहे ब्वायलर अपग्रेडेशन के कार्यों एवं चीनी मिल किच्छा में चल रहे एसीवीएफडी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने चीनी मिल नादेही एवं बाजपुर में समय पर मरम्मत व रख-रखाव का कार्य पूर्ण करते हुए अक्टूबर के अंत तक अनिवार्य रूप से सभी उपकरणों का ट्रायल पूर्ण करते हुए मिल के शुभारंभ के लिए तैयार कर लिया जाए। चीनी मिल के गन्ना अधिकारी से संपर्क स्थापित कर गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाये जाने के संबंध में प्रभावी प्रयास करें। उन्होंने चीनी मिल बाजपुर में बिजली के मद में अधिक धनराशि व्यय किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही कहा कि मिल समिति के आवासों में स्थायी व सीजनल के अतिरिक्त अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे व्यक्तियों की सूची तैयार कर तत्काल मुख्यालय को सूचित करें।

अनाधिकृत आवासों को खाली कराये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने गन्ना पेराई समय से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तराखंड शुगर्स विजय पांडे, प्रबंध निदेशक चीनी मिल किच्छा टीएस मर्तोलिया, बाजपुर हरवीर सिंह, प्रधान प्रबंधक चीनी मिल नादेही दिनेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

चीनी मिल का निरीक्षण किया

बाजपुर, अमृत विचार : मंगलवार को जिलाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर्स उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ चीनी मिल बाजपुर की गन्ना पेराई सत्र 2024-25 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि गन्ना पेराई जल्द शुरू होने वाला है, इसलिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं, ताकि यहां भी समय से गन्ना पेराई प्रारंभ हो सके। इस दौरान महाप्रबंधक चीनी मिल हरवीर सिंह ने बताया कि चीनी मिल का ब्वायलर आदि मशीनों के मरम्मत का कार्य चल रहा है, जो 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने चीनी मिल में मरम्मत आदि के कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने व माह नवंबर के प्रथम सप्ताह में नवीन गन्ना पेराई सत्र शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान महाप्रबंधक उत्तराखंड शुगर्स विजय पांडे, एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

धान की नमी मापने वाला यंत्र निकला खराब

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर स्थित खाद्य विभाग के धान खरीद केंद्र पर धान की नमी मापने वाले यंत्र की रीडिंग सही न आने से किसान भड़क गए। उन्होंने इसकी शिकायत भारतीय किसान यूनियन की निगरानी कमेटी के सदस्यों से की।

भाकियू की निगरानी कमेटी के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने नमी मापक यंत्र चेक किया, जिसमें कमी पाई गई। उन्होंने दूसरा नमी मापक यंत्र मंगाया। उसमें भी कमी पाई गई। इस पर उन्होंने तीसरा नमी मापक यंत्र मंगाया, जो सही पाया गया। तब कहीं जाकर निगरानी कमेटी के सदस्य संतुष्ट हुए। उन्होंने कहा कि वे सभी धान खरीद केंद्रों का भ्रमण कर नमी मापक यंत्रों को चेक करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी धान खरीद केंद्र पर धान खरीद में किसी भी प्रकार की कोई कमी पाई गई तो आंदोलन किया जाएगा।

धान खरीद केंद्र पर नमी मापक यंत्र चेक करते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, युवा भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, सुखदीप सिंह सहोता, जगजीत सिंह भुल्लर व आशीष चौबे आदि मौजूद रहे।

कच्ची आढ़त में 1300, क्रय केंद्रों में 440 क्विंटल खरीद

खटीमा : धान की खरीद को लेकर इस बार किसानों में हाय तौबा नहीं है। कच्चा आढ़त में खरीद सुचारू चलने से किसान अपनी धान की फसल को मन माफिक तरीके से बिक्री कर रहे हैं। इस बार धान के बाजार भाव एवं सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य में अधिक अंतर नहीं बताया जा रहा है। किसान सरकारी धान क्रय केन्द्रों में नमी के आधार पर होने वाली कटौती से बचने के लिए अपने नजदीक की आढ़तों में फसल बेचने लगा है। आरएफसी के रिकार्ड बताते हैं कि उनके मंडी स्थल पर चलने वाले धान क्रय केन्द्रों में सोमवार 14 अक्टूबर तक 440 क्विंटल तथा कच्चा आढ़त में 1300 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। एसएमआई जगदीश कॉलोनी बताते हैं कि इस बार किसानों को हर संभव सुविधाएं दी जा रही हैं। एएसएमआई ललित ओली ने किसानों से सरकारी क्रय केन्द्रों में धान बिक्री करने की अपील की है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैं अपने पुत्र मो. आरिफ और उसकी पत्नी यास्मीन की बेजा हरकतों और उनके गलत आचरण से तंग होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे मेरा एवं अन्य पारिवारिक सदस्यों का कोई संबंध नहीं रहेगा। इनके किसी भी लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **साबिर अली पुत्र नबी अहमद, नगला गोलगेट, पंतनगर, ऊधमसिंह नगर।**

सूचना

मेरे आधार एवं पैन कार्ड में मेरा नाम भूलवश (Sailendra Singh) गलत दर्ज हो गया है। मेरा वास्तविक व सही नाम (Shailendra Singh Harnwal) है। अतः मेरे आधार एवं पेन कार्ड में मेरा वास्तविक व सही नाम (Shailendra Singh Harnwal) पढ़ा जाए। **शैलेन्द्र सिंह हर्नवाल पुत्र श्री आनंद सिंह हर्नवाल, शिव पुरम, फेस-2, हनुमान मंदिर, हरि नगर, पोस्ट हरिपुर नायक, हल्द्वानी, जिला नैनीताल।**

आपदा राहत राशि चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट : राणा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नानकमत्ता के कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राणा के नेतृत्व में सैकड़ों बाढ़ प्रभावितों ने तहसील में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

मंगलवार को वंचित बाढ़ प्रभावित परिवारों ने विधायक गोपाल सिंह राणा के नेतृत्व में तहसील परिसर पहुंच कर धरना प्रदर्शन करते हुए वंचितों को तत्काल राहत राशि का चेक वितरण करने की मांग की। विधायक राणा ने चेक वितरण मामले में स्थानीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारियों की गलती और लापरवाही से अपात्र लोगों को चेक वितरण किया गया। इसकी वजह से आज भी अधिकांश संख्या में बाढ़ प्रभावित परिवार चेक से वंचित रह गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से वंचितों को तत्काल राहत राशि का चेक वितरण करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में आई भीषण आपदा से नगर, पकड़िया, मुंडेली, चांदा, भूड़रिया, ऊंची महुवट, इस्लामनगर तथा अमाऊं आदि गांव पूरी तरह से प्रभावित हुए थे। विधायक ने कहा कि तहसीलदार द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आज से चेकों का वितरण किया जाएगा। साथ ही विधायक राणा ने चेतावनी दी कि जब तक चेक नहीं बंटेगा तब तक तहसील में धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, पीसीसी बॉबी राठौर, जफर गुलफाम आढ़ती, सभासद बाबू अंसारी, रमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

खटीमा में धरना देते विधायक गोपाल सिंह राणा और दैवीय आपदा राहत राशि से वंचित लोग।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

साइज	4x5 सेमी	600/- रु.
साइज	4x6 सेमी	720/- रु.
साइज	4x7 सेमी	840/- रु.

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आयोजन

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 20-22 फरवरी 2025 को एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस होगी

पंतनगर में एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस की तैयारी हुई शुरू

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार : विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 20-22 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस की तैयारियों के लिए सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कुलपति एवं साइंस कांग्रेस के संयोजक डॉ. चौहान ने सभी संस्थान प्रमुखों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। इसके अलावा कुलपति ने प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर कृषि उपयोगी नई तकनीकों का प्रदर्शन किए जाने एवं संस्थानों से अधिक से अधिक संख्या में वैज्ञानिकों एवं शोध छात्रों के प्रतिभाग करने का आह्वान किया। निदेशक शोध एवं आयोजक सचिव साइंस कांग्रेस डॉ. एएस नैन ने अब तक की तैयारियों और तीन-दिनी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन जेडी शोध डॉ. पीके सिंह एवं डॉ. अनिल कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुभाष चंद्रा ने किया। कार्यशाला में निदेशक/कुलपति आईवीआरआई डॉ. त्रिवेनी दत्त, निदेशक विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान परिषद् अल्मोड़ा डॉ. लक्ष्मीकांत, निदेशक भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून डॉ. एम. मधु आदि ने प्रतिभाग किया।

एमओयू के दौरान कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य। ● अमृत विचार

नई तकनीकों का प्रदर्शन और रोजगार मेला भी लगेगा

पंतनगर : डॉ. नैन ने बताया कि कांग्रेस में लगभग 2000-2500 प्रतिभागियों का प्रतिभाग करना संभावित है। इनमें देश-विदेश से कृषि क्षेत्र के प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित नोबल पुरस्कार विजेताओं, प्रगतिशील कृषकों एवं देश के कई प्रमुख सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं का प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है। कांग्रेस के दौरान एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें कृषि क्षेत्र की उन्नत एवं नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही स्टार्टअप एवं रोजगार मेले का भी आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

चार एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

पंतनगर : कार्यशाला में कृषि तकनीकी हस्तांतरण एवं विकास से संबंधित चार एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए। जिसमें एग्रीइनोवेट इंडिया लिमिटेड के साथ उन्नत बीजों एवं तकनीकों का व्यवसायीकरण, पंतनगर कैपिटल के साथ स्टॉर्टअप, इंटरप्रेन्योरशिप एवं छात्रों के लिए रोजगार सृजन, बॉयफ के साथ कृषि, पशुधन विकास एवं संबंधित क्षेत्रों में विवि तकनीकों को कृषकों के फील्ड तक पहुंचाने, मंजरी फाउंडेशन के साथ कृषि, पशुधन विकास एवं संबंधित क्षेत्रों में विवि तकनीकों को कृषकों तक पहुंचाना एवं विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान के लिए इंटरप्रन्योरशिप एवं रोजगार सृजन शामिल हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

ट्रांसपोर्टरों ने माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों की दबंगई का किया विरोध, रॉयल्टी के बावजूद चालान करने का आरोप

माइनिंग कंपनी को नहीं हटाया तो होगा आंदोलन

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में माइनिंग कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते ट्रांसपोर्टर। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ट्रांसपोर्टरों ने बैठक कर माइनिंग कंपनी को नहीं हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वक्ताओं ने कहा कि माइनिंग कर्मचारी दबंगई पर उतर आये हैं। वह माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों की दबंगई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मंगलवार को ग्राम अजीतपुर स्थित गुरुद्वारे में ट्रांसपोर्टरों ने बैठक कर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने कहा कि वह अपने खेत से मिट्टी उठाकर घर पर नहीं डाल सकते। माइनिंग कंपनी दबंगई पर उतर आई है। हम सरकार के साथ हैं, लेकिन सरकार हमारे साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर तक समस्या का समाधान नहीं होता है तो करो या मरो की स्थिति होगी। बाजपुर गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि माइनिंग कंपनी से ट्रांसपोर्टर ही नहीं आम जनता भी परेशान है। माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों की गुंडागर्दी बढ़ गई है। सरकार से हमारी मांग है कि 17 अक्टूबर तक समस्या का हल कर माइनिंग कंपनी को प्रदेश से बाहर किया जाये। यदि ऐसा नहीं होता है तो वह सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों की दबंगई को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमित ने कहा कि माइनिंग कंपनी की तानाशाही इतनी बढ़ गई कि रॉयल्टी होने के बाद उसका 37 हजार रुपये का चालान काट दिया गया। ड्राइवर से मारपीट की गई। जब इसका विरोध किया तो दुश्मनी निकालने के लिये तीन दिन पहले कार में टक्कर मारकर उसके साथ भी मारपीट की। यहां जगतजीत सिंह जग्गी, हरदीप सिंह, रोहित प्रधान, सुखदेव सिंह, हरदेव सिंह, जाससीन ढिल्लों, अवतार सिंह आदि मौजूद रहे।

पंत विवि को पिरूल की पत्तियों से ग्रीस बनाने के लिए मिला पेटेंट

संवाददाता पंतनगर

डॉ. एके वर्मा।

डॉ. टीके भट्टाचार्या।

तरन्नुम।

अमृत विचार: पिरूल की पत्तियों से ग्रीस बनाने के लिए जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को पेटेंट हासिल हो गया है। विवि के जैव रसायन विभाग में वैज्ञानिक डॉ. एके वर्मा, कृषि एवं शक्ति आभियांत्रिकी के डॉ. टीके भट्टाचार्या और जैव रसायन की छात्रा तरन्नुम ने यह तकनीक ईजाद की थी।

उत्तराखंड के जंगलों में लगभग 0.34 मिलियन हेक्टेयर चीड़ वन क्षेत्र है, जो प्रतिवर्ष लगभग दो मिलियन टन पिरूल (चीड़ के पत्ते) का उत्पादन करता है। इसके ठीक से रख-रखाव नहीं होने के चलते हर वर्ष उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने से लाखों रुपये की बौद्धिक संपदा का नुकसान होता है। विवि के वैज्ञानिक डॉ. वर्मा के मार्गदर्शन में पिरूल से बायोग्रीस बनाने में सफलता हासिल हुई, जो जैव अपघटनीय एवं पर्यावरण के अनुकूल है। यह ग्रीस बाल वेयरिंग की घर्षण कम करने के साथ ही जंगरोधी भी है। इस तकनीक के विकसित होने से उत्तराखंड के ग्रामीण पिरूल को बेच कर धन अर्जित कर सकेंगे और वनाग्नि पर भी अंकुश लगेगा। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने वैज्ञानिकों को पेटेंट मिलने पर बधाई दी है।

ऐसे बना पिरूल से ग्रीस

पंतनगर: ग्रीस बनाने में, पिरूल के पत्तों को ऑक्सीजन रहित वातावरण में जलाकर जैव ऑयल निकाला जाता है। फिर उसको बसा एवं लिथिनहाइड्राक्साइड से बने घोल में उचित तापमान पर मिलाया जाता है। इस तकनीक को विकसित करने में वैज्ञानिकों को दो वर्ष का समय लगा है।

एक नजर

त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की पुलिस से की मांग

काशीपुर: दीपावली समेत अन्य त्योहारों को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता गौतम मेहरोत्रा ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किए जाने की मांग की है। मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय बाजार में खरीदारी करने के लिए महिलाएं, युवतियां और बच्चे पहुंचते हैं। इस दौरान जेबकतरे भी सक्रिय हो जाते हैं। इसके चलते महिलाएं, युवतियां और बच्चे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से बाजार क्षेत्र में सादी वर्दी में महिला और पुरुष कर्मियों को तैनात किया जाने, मुख्य बाजार में ई-रिक्शा और दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने, धनतेरस से दीपावली तक बाजार में वन-वे व्यवस्था लागू किये जाने की मांग की है।

गैस की कालाबाजारी के खिलाफ छापेमारी

गदरपुर: क्षेत्र में घरेलू गैस सिलिंडरो की धड़ल्ले से हो रही कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों पर प्रशासन ने छापेमारी की। इस दौरान 15 अवैध गैस सिलिंडर मिले। जिन्हे जब्त कर गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिए गए। मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक चंद्रशेखर कांडपाल के नेतृत्व मे टीम ने सकेनिया मोड़ के पास एक प्रतिष्ठान पर छापा मारा। टीम ने 10 इंडेन के अवैध सिलेंडर बरामद किए वही इसके अलावा अन्य दो स्थानों से भी 5 इंडेन के सिलेंडर सहित कुल 15 सिलेंडर बरामद किए। पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

जाफरपुर में 50 राउंड फायरिंग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

थाना दिनेशपुर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध असलहे भी किए बरामद, कमीशन को लेकर दोस्तों में था विवाद, आरोपियों को न्यायालय में किया गया पेश

संवाददाता, रुद्रपुर

12 अक्टूबर की देर रात्रि को थाना दिनेशपुर क्षेत्र स्थित जाफरपुर पेट्रोल पंप के समीप कमीशन की लेनदेन को लेकर चल रही दुश्मनी गोलीबारी में बदल गई थी

जाफरपुर गोली कांड के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

अमृत विचार: थाना दिनेशपुर इलाके के जाफरपुर में हुए गोलीकांड के चार आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। साथ ही भारी मात्रा में अवैध हथियार सहित खाली खोखे भी बरामद किए हैं। बताया कि कमीशन को लेकर ही दोस्तों के बीच टशन की लड़ाई शुरू हो हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

गोलीकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 12 अक्टूबर की देर रात्रि को थाना दिनेशपुर क्षेत्र स्थित जाफरपुर पेट्रोल पंप के समीप कमीशन की लेनदेन को लेकर चल रही दुश्मनी गोलीबारी में बदल गई थी। इस दुस्साहसिक वारदात में दोनों पक्षों की ओर जहां खुलेआम अवैध असलहों का प्रदर्शन हुआ। वहीं 50 राउंड से अधिक गोलीबारी हुई थी। गोलीबारी में एक पक्ष के चार और दूसरे पक्ष के दो लोग घायल भी हुए थे। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में खाली खोखे बरामद किए थे। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने बारीकी से घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो मनमोहन सिंह व रखबीर से दुश्मनी होने की बात सामने आई और इस गैंगवार में बाहरी व्यक्तियों की पहचान शुरू की गई। इसके आधार पर पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और नंदा बिहार सितारगंज निवासी करन सिंह विर्क, फरीदपुर हसन अमरिया पीलीभीत निवासी सतेंद्र सिंह, नेता नगर दिनेशपुर निवासी बलराम विश्वास और फरीदपुर हसन अमरिया पीलीभीत निवासी पुष्पराज सिंह उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलहे बरामद भी किए। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

अवैध हथियारों का हुआ खुलकर इस्तेमाल

रुद्रपुर: खुलासे के दौरान यह पता चला है कि घटनास्थल पर मिले 12 बोर, 315 बोर और 7.68 एमएम पिस्टल के कारतूस बरामद हुए हैं। वह सभी फिलहाल अवैध हथियार हैं। कारण प्रकरण में अभी तक कोई भी व्यक्ति ऐसा सामने नहीं आया है जो लाइसेंस से गोलियां चलाने की बात करता हो। इसके बाद अब पुलिस अवैध हथियारों के सप्लायर की भी खोजबीन करेगी। इसके लिए यूपी पुलिस से संपर्क किया है और जल्द ही पुलिस एक बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

आरोपी मनमोहन और रखवीर में छिड़ी थी जंग

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना दिनेशपुर के जाफरपुर में हुई दुस्साहसिक गोलीकांड की वजह मनमोहन सिंह व रखवीर के बीच छिड़ी जंग थी। जब कप्तान ने प्रकरण में बारीकी से तफ्तीश की तो पाया कि वारदात में 40 से अधिक लोग शामिल थे और गोलीकांड की वजह कमीशन थी। इसको लेकर रखबीर बार-बार मनमोहन के जीजा को धमका रहा था। गोलीकांड को फिल्मी स्टाइल से अंजाम दिया जा रहा था। वीडियो देखकर एसएसपी ने ठान लिया कि अब इस गैंगवार में शामिल लोगों को वर्दी का खौफ क्या होता है यह दिखाया जाएगा।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 12 अक्टूबर को जाफरपुर गोलीकांड में थाना दिनेशपुर पुलिस की तफ्तीश में गोली कांड को अंजाम देने वाले 10 से 12 लोगों के शामिल होने की संभावना थी। सोमवार की देर रात्रि 10 से 12 बजे तक घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पाया कि वारदात के दौरान लगातार गाड़ियों से गुर्गे उतर रहे थे और गोलीबारी कर रहे थे। इसमें एक पक्ष के 25 और दूसरे पक्ष के 15 लोग फिलहाल सामने आए हैं। साथ ही घटना के दौरान जिस प्रकार दबंग एक-दूसरे पर फायरिंग कर रहे थे, इससे साफ हो गया था कि दबंगों में पुलिस का कोई खौफ नहीं था और न ही राहगीरों की कोई चिंता थी। कारण दोनों ओर से जबरदस्त फायर किए जा रहे थे, जबकि उस समय जाफरपुर मार्ग पर वाहनों और लोगों की पैदल आवाजाही चल रही थी। गनीमत यह रही कि कोई भी राहगीर गोलीकांड का शिकार नहीं हुआ। वीडियो के आधार पर 50 से अधिक राउंड गोलियां चलीं और 40 से अधिक लोग घटना में शामिल हैं।

एसएसपी ने कहा कि अब इन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और बाहरी व्यक्तियों के इस नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही हर उस शख्स की गिरफ्तारी होगी जो पर्दे के पीछे था या फिर वारदात में आरोपियों का मददगार बन रहा था।

बेखौफ

- फिल्मी स्टाइल में दे रहे थे गोली कांड को अंजाम
- कप्तान ने ठाना, अब होगा गैंग में वर्दी का खौफ

दोनों आरोपी बना चुके थे प्लानिंग

रुद्रपुर: आपसी समझौते के नाम पर एक-दूसरे को रास्ते से हटाने की प्लानिंग मनमोहन व रखवीर सिंह बना चुके थे। यही कारण है कि गदरपुर स्थित एक धार्मिक स्थल में बुलाई गई पंचायत में दोनों पक्ष का कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा और 12 अक्टूबर की देर रात्रि को जानबूझकर पंचायत की अफवाह फैलाकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को जाफरपुर बुलाया, लेकिन पंचायत होने से पहले ही गोलियों की बौछार शुरू कर दी गई।

समझौता करने और कराने वालों पर होगी कार्रवाई

रुद्रपुर: जाफरपुर में 50 राउंड गोलीबारी किए जाने के प्रकरण में समझौता होने की चर्चा सामने आई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को आवास विकास स्थित एक धार्मिक स्थल में गोली कांड को अंजाम देने वालों के पनाहगारों द्वारा बैठक कर आपसी समझौते किए जाने की बात सामने आई है। जिस पर एसएसपी ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए आदेशित किया कि समझौता करने व कराने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।

बरामद किए गए अवैध हथियार व वाहन

रुद्रपुर: थाना दिनेशपुर पुलिस ने जाफरपुर गोलीकांड के चार आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए वारदात में प्रयुक्त दो 315 बोर के तमंचे, 26 खाली खोखे 12 बोर, 12 खोखे 315 बोर, 29 खोखे 7.65 एमएम पिस्टल के अलावा घटना के दौरान प्रयुक्त थार संख्या यूके-06 बीएच-9306 और वाहन कार वेन्यू संख्या यूके-06 बीएफ-1322 को भी बरामद किया है। इसके अलावा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास शुरू हो चुके हैं।

सेवानिवृत्त सीवीओ को लगाया 64 लाख का चूना

धोखाधड़ी

- ऑनलाइन शेयर मार्केट में निवेश का दिया झांसा
- साइबर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कोतवाली इलाके में सेवानिवृत्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को ऑनलाइन शेयर मार्केट में निवेश करने का झांसा देकर लाखों की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

एलायंस किंग्स्टन स्टेट कॉलोनी निवासी तिलक सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में वह मुरादाबाद से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। बताया कि 7 सितंबर को ऑनलाइन फेसबुक चलाते वक्त अचानक मोबाइल पर बजाज एसएसटी का विज्ञापन आया। भूलवश लिंक पर क्लिक किया तो मोबाइल पर पूरी डिटेल सामने आई और उसके थोड़ी देर बाद बजाज का प्रतिनिधि बताते हुए कॉलर ने ऑनलाइन शेयर खरीदने व बेचने का ऑफर दिया और कम निवेश पर ज्यादा मुनाफा देने की बात कही। साथ ही ऑनलाइन कई लोगों को भी जुड़ा हुआ दिखाया।

आरोप था कि कॉलर ने झांसा देकर उसके व दोनों बेटों के दस्तावेज ऑनलाइन डलवा डाले और 7 सितंबर से 29 सितंबर तक खाते से 64 लाख रुपये का भुगतान हो गया और खाते में डबल मुनाफा भी दिखने लगा। जब प्रतिनिधि से धनराशि को खाते में डालने की बात कही तो कॉलर द्वारा टालमटोल किया जाने लगा। ज्यादा दबाव बनाने पर मोबाइल व लिंक बंद कर दिया। सेवानिवृत्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मामले की तहरीर साइबर क्राइम थाना पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

पुलिसकर्मी की पत्नी से की 99 हजार की ठगी

काशीपुर: साइबर ठगों ने एक पुलिसकर्मी की पत्नी को आरडी की किस्त जमा करने के नाम पर 99 हजार रुपये की ठगी कर ली। वहीं ठगी का अहसास होने के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर रुपये वापस दिलाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मोहल्ला कवि नगर निवासी उर्मिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर बीती सात अक्टूबर की शाम एक अज्ञात नंबर से फोन आया। इस दौरान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति ने कहा कि आपके पति जो पुलिस में है उनसे हमारी बात हो गयी है, आपके खाते में आरडी के 25 हजार रुपये भेजे गये हैं। इसके बाद फोन पर बात कर व्यक्ति ने महिला से रुपये चेक करने के लिए मोबाइल पर आए ओटीपी को बताने को कहा। महिला के ओटीपी बताते ही महिला के खाते से 99 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। पीड़िता को ठगी का अहसास होने के बाद पुलिस को तहरीर देकर रुपये वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर: दहेज में कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता ने पति समेत सास, ससुर पर उत्पीड़न व मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। भिकियासैण अल्मोड़ा व हाल प्रतापपुर निवासी मनीषा अधिकारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 नवंबर 2021 को उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार चोरपानी जोशी कॉलोनी व हाल निवासी गणेश नगर दिल्ली निवासी आकाश अधिकारी के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद पति आकाश, ससुर पूरन व सास शीला उसे दहेज में पांच लाख नगद व कार की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। आरोप लगाया कि बीती 17 अगस्त 2024 को वह किसी तरह अपने ससुरालियों से बचकर अपने दो वर्षीय पुत्र के साथ काशीपुर अपनी बहन के घर आ गई।

देह व्यापार में लिप्त सात लोग दबोचे

- होटल में आपत्तिजनक सामग्री के साथ पकड़े गए आरोपी
- उत्तराखंड, यूपी, पश्चिम बंगाल की तीन महिलाएं भी शामिल

संवाददाता, खटीमा

खटीमा में देह व्यापार में लिप्त पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

अमृत विचार: खटीमा कोतवाली और थाना झनकैया की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए देह व्यापार में लिप्त तीन महिलाओं सहित सात लोगों को आपत्तिजनक सामग्री के साथ एक होटल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह, थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में मेलाघाट रोड स्थित एक होटल में कमरों की चेकिंग की। दो कमरों में तीन महिलाओं सहित सात लोगों को आपत्तिजनक सामग्री के साथ पकड़ा। इस दौरान सितारगंज के बमनपुरी निवासी राजकुमार उर्फ राजा, गंगा चौराहा लोहाघाट निवासी पुष्कर राम, पीलीभीत न्यूरिया धनपुरी निवासी आकाश, घरका वीर सिंह व कानपुर, पश्चिम बंगाल और कवि नगर गाजियाबाद निवासी तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ देह व्यापार का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस टीम में महिला एसआई रूबी मौर्य, प्रदीप शर्मा, मनोज देव, रमेश जीना, ताजुद्दीन, इरफान, अजय, चंदन, गीता चंद शामिल रहे।

पुत्र की मौत के लिए पुत्रवधू और परिजनों को बताया जिम्मेदार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: युवक की आत्महत्या मामले में पिता ने पुत्रवधू एवं उसके परिजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी पुत्रवधू तथा पांच आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय के निर्देश पर दर्ज रिपोर्ट में ग्राम भरतपुर, पोस्ट कुंडा, तहसील काशीपुर निवासी चंदन सिंह ने कहा कि उसका पुत्र राजकुमार किच्छा कोतवाली अंतर्गत आस्था कॉलोनी, लालपुर में अपनी माता के साथ रहता था तथा राजकुमार की शादी ग्राम रमाना, थाना छलजैट, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी रूबी के साथ एक दिसंबर 2016 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। बताया कि पुत्र राजकुमार की शादी में उन्होंने पुत्रवधू रूबी को लगभग 18 से 20 लाख रुपये के गहने तथा कपड़े दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रूबी एक स्वतंत्र एवं घुमक्कड़ स्वभाव की महिला है, जो शादी के बाद ही घर में मनमानी करने लगी और शराब का सेवन कर परिजनों के साथ आए दिन अभद्रता करती थी और बिना बताए मायके जाना शुरू कर दिया तथा पति राजकुमार के साथ अभद्रता कर उसे अपमानित करती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि रूबी लगातार पुत्र राजकुमार पर गाजियाबाद शिफ्ट होने का दबाव बनाती थी और खुद को चोट पहुंचा कर पुलिस को झूठी शिकायत दर्ज कर देती थी। उन्होंने बताया कि पुत्रवधू रूबी ने झूठी एफआईआर भी दर्ज कर दी थी जिसका वाद गाजियाबाद न्यायालय में दाखिल किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुत्रवधू रूबी, उसके पिता सोरन सिंह, माता सावित्री देवी, भाई अमित सिंह एवं सचिन सिंह द्वारा अलग-अलग नंबरों से राजकुमार को फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई और सारी जायदाद रूबी के नाम करने का दवाब बनाया गया। उन्होंने बताया कि पत्नी एवं ससुराल पक्ष की प्रताड़ना एवं धमकियों से परेशान होकर 2 अगस्त 2024 की रात्रि पुत्र राजकुमार ने आत्महत्या कर ली।

लामबंद — जिला आबकारी कार्यालय के समक्ष धरना देकर जताया आक्रोश, दुकान बंद नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

शराब की दुकान का आवंटन रद नहीं होने पर आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

जिला आबकारी कार्यालय पर धरना देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ग्राम भूरारानी में शराब की दुकान खुलने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन, डीएम को ज्ञापन देने के बाद अब आक्रोशित महिलाओं ने जिला आबकारी कार्यालय में धरना देकर अपना इरादा साफ कर दिया है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही दुकान का आवंटन रद नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं सहायक जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर महिलाओं ने भूरारानी में धरना दिया।

मंगलवार को बड़ी संख्या में भूरारानी गांव की महिलाएं जिला आबकारी कार्यालय पर एकत्रित हुई और धरना देकर अपना आक्रोश जताया। उनका कहना था कि अंडरपास का कार्य अभी प्रारंभ भी नहीं हुआ कि जिला आबकारी की रिपोर्ट पर प्रशासन ने भूरारानी अंडरपास रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर शराब की दुकान खुलवा दी। शांत गांव में शराब की दुकान खुलने से अशांति का माहौल बन जाएगा और महिलाओं का निकलना दुश्वार हो जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जानबूझकर इलाके को शराबी बनाने का निर्णय लिया है। आगाह किया कि यदि जल्द ही शराब की दुकान का आवंटन रद्द नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मंजू बिष्ट, मधु चौहान, गीता बिष्ट, सरिता चौहान, ममता नेगी, ममता मौर्य, राकेश नौटियाल, पूजा तिवारी, राकेश रावत, राधिका रावत, प्रीति बिष्ट, मीना पाठक, अनीता बिष्ट आदि मौजूद रहीं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दंपत्यो कलहं नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागतः॥

जहां मूर्ख को सम्मान न मिलता हो, जहां अनाज अच्छे तरीके से रखा जाता हो और जहां पति-पत्नी के बीच में लड़ाई न होती हो, वहां लक्ष्मी खुद आ जाती है।

संपादकीय

प्रौद्योगिकी और नैतिकता

आधुनिक तकनीक की मदद से हमारी कार्य करने की क्षमता का विस्तार हुआ है, जिससे आधुनिक तकनीक के विकास और उपयोग के संबंध में कई नैतिक मुद्दे सामने आए हैं। नैतिकता और प्रौद्योगिकी ने आधुनिक काल की शुरुआत से ही एक दूसरे को तेजी से प्रभावित किया है। प्रौद्योगिकी की नैतिकता का मतलब है, आधुनिक तकनीक के विकास और इस्तेमाल से जुड़े नैतिक विचारों और निहितार्थों का आकलन करना। प्रौद्योगिकी की नैतिकता में जिम्मेदारी, जोखिम, न्याय, समानता, और आजादी जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल दुनिया के लिए वैश्विक नियम और कृत्रिम बुध्दिमत्ता (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। देश में डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल रूप से जुड़ा लोकतंत्र है। भारत का डिजिटल परिवर्तन उल्लेखनीय रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीकी क्षमताओं के चलते इसके नागरिकों की डिजिटल तक पहुंच और समावेशिता में वृद्धि हुई है।

भारत की डिजिटल परिवर्तन यात्रा ने समाज के हर पहलू को प्रभावित किया है, जिससे टिकाऊ, सस्ती और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के आधार पर सभी के लिए डिजिटल पहुंच, सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जिससे लोगों का जीवनयापन और ज्यादा आसान होता जा रहा है एवं पारदर्शिता भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। वास्तव में आज जितने भी डिजिटल उपकरण और एप्लीकेशंस हैं, वो किसी भी देश की सीमा से परे हैं। साइबर खतरे तेजी से बदल रहे हैं और हमले के तरीके भी बदलते रहते हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले इन खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, ग्लोबल संस्थाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी। वास्तव में समय आ गया है वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में अनूठी अवधारणा

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है।

सभ्यताओं के विकास के प्रारंभ से मनुष्यों में सबसे अधिक एकता और एकजुटता कबीले और धर्म को लेकर रही है। इसीलिए अन्य भिन्नताओं की तुलना में कबीलाई और धार्मिक भिन्नता के आधार पर भेदभाव, अन्याय और अत्याचार के उदाहरणों से मानव का इतिहास भरा हुआ है। बड़े समाजों और देशों के अस्तित्व में आने के साथ कबीले का अस्तित्व तो समाप्त हो गया, लेकिन धर्म का प्रभाव और व्यापक हुआ। इसीलिए प्राचीन काल और मध्यकाल में धार्मिक सहिष्णुता एक अति प्रशंसित और उच्च मूल्य रहा है, लेकिन आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता मनुष्यता के लिए आवश्यक कुछ बड़े मूल्यों में से एक है।

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है। अंग्रेजी का 'सेकुलर' शब्द लैटिन भाषा के सेक्यूलम शब्द से बना है और सेक्यूलम का अर्थ है 'एक पीढ़ी, 'एक मनुष्य की जीवनावधि ', 'एक समय का युग ', या 'एक शताब्दी'। सामान्यतः यह शब्द धार्मिक और आध्यात्मिक के विपरीत लौकिक और ऐहिक के अर्थ मंध प्रयोग किया जाता था। इस शब्द को सन 1851 में एक नया अर्थ देते हुए धर्मेतर सामाजिक और राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग करने का श्रेय जार्ज जैकब होलियोक (अप्रैल, 1817 - जनवरी, 1906) को दिया जाता है। लेखक, संपादक, सहकारिकता आंदोलन के प्रोत्साहक होलियोक एक अंग्रेज थे। होलियोक का धर्मनिरपेक्षता संबंधी विचार मानवतावाद की आधुनिक परिभाषाओं से बहुत मिलता-जुलता है और यह नास्तिकता से कहीं अधिक व्यापक है।

होलियोक नास्तिकता शब्द को नकारात्मक और अपर्याप्त मानते थे और वे इससे कुछ अधिक सकारात्मक और सटीक शब्द की तलाश में थे। धर्मनिरपेक्षता से उनका तात्पर्य है, 'जो जीवन के तात्कालिक कर्तव्य के रूप में मनुष्य की शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक प्रकृति के विकास को संभव सर्वोच्च बिंदु तक ले जाना चाहता है, जो नास्तिकता, आस्तिकता या धर्म के अलावा प्राकृतिक नैतिकता की व्यावहारिक पर्याप्तता को विकसित करता है, जो भौतिक साधनों द्वारा मानव सुधार को बढ़ावा देने को अपनी कार्यविधि के रूप में चुनता है और इन सकारात्मक समझौतों को एकता के सामान्य बंधन के रूप में उन सभी के लिए प्रस्तावित करता है और जो तर्क द्वारा जीवन को विनियमित करेंगे और सेवा द्वारा इसे उत्कृष्ट बनाएंगे।'

> भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है।

आज बदलते समय के साथ जीवन के मूल्य, दर्शन, दृष्टियां और शैलियां भी बदल गई हैं। मनुष्य की गतिशीलता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। व्यक्तियों, समाजों और देशों की दृष्टि से दुनिया विभिन्नताओं का एक समुच्चय है। इसमें विभिन्न रंगों, रूपों, नस्लों, धर्मों, पंथों, विश्वासों, आस्थाओं, मान्यताओं, सभ्यताओं, संस्कृतियों, विचारों, परंपराओं आदि के लोग रहते हैं। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर समायोजन और बदलाव अनिवार्य हो गया है। इतिहास ने प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वर्तमान रूप और स्तर कभी नहीं देखा। परिवर्तन की गति अभूतपूर्व हो गई है। ऐसी स्थिति में धर्मनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके ही कोई समाज या देश प्रगति कर सकता है, अपने को प्रासंगिक और अद्यतन बनाए रख सकता है।

धर्मनिरपेक्षता एक जटिल और गत्यात्मक विचार है। अन्य विचारों या विषयों की तरह इसकी भी सर्वमान्य और सुस्पष्ट परिभाषा अब तक नहीं गढ़ी जा सकी। मानव समाज की प्रगति धर्मनिरपेक्षता के विचार को आधुनिक तार्किक समाज में मानक सामाजिक व्यवहार के रूप में लेकर आई है। दार्शनिक विचार के रूप में धर्मनिरपेक्षता धर्म का आश्रय लिए बिना केवल भौतिक दुनिया से प्राप्त मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर जीवन की व्याख्या करती है। राजनीतिक और सामाजिक दर्शन की यह वह व्यवस्था है, जो पूजा, आराधना और धार्मिक विश्वासों के सभी रूपों को अस्वीकार करती है। यह धर्म को परे रखकर भौतिक और सांसारिक जीवन की समस्याओं का हल दुनियावी दृष्टि से तलाशती है। वह इहलोक की समस्याओं का हल परलोक या अलौकिक शक्ति में या उसके माध्यम से नहीं तलाशती, बल्कि वह इहलोक की समस्याओं का हल विज्ञान, अनुसंधान और विकास से तलाशती है। यह धर्म और धार्मिकता से संबद्ध विचारों को इहलोक से अलग रखती है। अर्थ, शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नीतियां और विधान बनाने में उसकी दृष्टि दुनियावी रहती है, धार्मिक नहीं। दार्शनिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता का आधार नास्तिकता में है। व्यक्ति के जीवन मूल्य उसकी बुद्धि, विवेक और तर्कसंगत सोच व वैज्ञानिक दृष्टि का परिणाम हैं, न कि उसके धर्म का।

बीसवीं शताब्दी में दुनिया के कई राज्य सत्ताओं ने धर्मनिरपेक्षता को अपनी नीति में शामिल किया। हमारे देश की धर्म, भाषा, वेशभूषा, रूप, रंग, जाति, वर्ण, नस्ल, क्षेत्र आदि विविधताओं को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान में सम्मिलित किया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42 वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसकी प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया। यहां पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। धर्मनिरपेक्षता में धर्म और धार्मिक विषयों को इहलौकिक विषयों से जानबूझकर दूर या तटस्थ रखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है।

राज्य राजनीति या किसी गैर-धार्मिक मामले से धर्म को दूर रखता है तथा धर्म के आधार पर किसी से भी कोई भेदभाव नहीं करता है। विशेष बात यह है कि राज्य किसी धर्म का विरोध नहीं करता है, वरन् सभी नागरिकों को अपने धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को पूर्ण स्वतंत्रता से मानने की छूट देता है। धर्म व्यक्ति का नितांत निजी मामला है, जिसमें राज्य तब तक हस्तक्षेप नहीं करता, जब तक कि विभिन्न धर्मों की मूल धारणाओं में आपस में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यक्ति अपनी धार्मिक पहचान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है इसलिए वह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के हिंसापूर्ण व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्राप्त करना चाहेगा। यह सुरक्षा सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राज्य ही प्रदान कर सकता है।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह एक सकारात्मक, क्रांतिकारी और व्यापक अवधारणा है, जो विविधता को मजबूती प्रदान करती है। यह एक उदार एवं व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से परिचालित है। धर्मनिरपेक्षता सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसमें किसी भी समुदाय का अन्य समुदायों पर वर्चस्व स्थापित नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करती है तथा धर्म को राजनीति से पृथक करने का कार्य करती है।

धर्मनिरपेक्षता का लक्ष्य नैतिकता तथा मानव कल्याण को बढ़ावा देना है, जो सभी धर्मों का मूल उद्देश्य भी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में धर्मनिरपेक्षता को लेकर आरोप लगाया जाता है कि यह पश्चिम से आयातित है अर्थात इसका उत्स और विकास ईसाइयत में खोजा जाता है। पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता, जहां धर्म एवं राज्य के बीच पूर्ण संबंधविच्छेद पर आधारित है, वहीं भारतीय संदर्भ में यह अंतर धार्मिक समानता पर आधारित है। पश्चिम में धर्मनिरपेक्षता का पूर्णतः नकारात्मक एवं अलगाववादी स्वरूप दृष्टिगोचर होता है, वहीं भारत में यह समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की सांवैधानिक मान्यता पर आधारित है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता ने अंतःधार्मिक और अंतर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केंद्रित किया है। इसने हिंदुओं के अंदर दलितों और महिलाओं के उत्पीड़न और भारतीय मुसलमानों अथवा ईसाइयों के अंदर महिलाओं के प्रति भेदभाव तथा बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के अधिकारों पर उत्पन्न किए जा सकने वाले खतरों का विरोध किया है, जो इसे पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से भिन्न बनाती है।

प्रसंगवश

सिर्फ़ सोचने से होता क्या है

घर का सामान आमतौर पर हम ही लाते हैं। बाजार पास है। टहलते हुए चले जाते हैं। ले आते हैं। काफी सामान कैंटीन से भी आ जाता है, जो सामान यहां नहीं मिलता उसके लिए मॉल चले जाते हैं। घर का सामान आनलाइन नहीं ही मंगाते हैं।

दो दिन पहले चना और कुछ और सामान लाना था। हमने जाने में कुछ देर की। तब तक बेटे का फोन आ गया। बातचीत में उसको पता चला कि ये सामान लाना है तो उसने कहा -'अभी आर्डर कर देते हैं। दस मिनट में आ जाएगा।' खाने-पीने का सामान, केक वगैरह बच्चे पहले भी मंगाते रहे हैं आनलाइन आर्डर करके, लेकिन दाल-चना, परचून की दुकान वाली चीजें नहीं मंगाई गईं थीं अब तक। बच्चे ने सामान आर्डर कर दिया। 'ब्लिंकइट' एप से। लिंक हमको दे दिया। बताया दस मिनट में आ जाएगा सामान। दस मिनट में सामान घर आ जाना एप के नाम को ही सार्थक करता लगा। 'ब्लिंकइट' मतलब -पलक झपकते। दस मिनट से कुछ पहले ही डिलीवरी बालक का फोन आ गया। वह मेरे घर से करीब दो किलोमीटर दूर था। फोन किया तो मैंने उसको रास्ता बताया। वह आया तो मैंने उससे पूछा - 'पता तो यहां का दिया था। दो किलोमीटर दूर कैसे पहुंच गए?' बालक ने बताया कि लोकेशन वहीं की दिखा रहा था। इसीलिए वहां पहुंच गए।

अनूप शुक्ल
कानपुर

बालक से ब्लिंकइट के काम करने के तरीके के बारे में पूछा तो पता चला -'पास ही आवास-विकास में बड़ा स्टोर है। आर्डर मिलते ही डिलीवरी बालक सामान लेकर लपकते हैं, पहुंचाने के लिए। दस मिनट में डिलीवर हो जाता है। दस मिनट में नहीं डिलीवर होता है सामान तो कारण बताना पड़ता है। बालक की मोटरसाइकिल पर ढेर धूल जमी थी। हमने कहा -'साफ रखा करो।' तो बोला बालक -'समय ही नहीं मिलता।' समय न मिलने की कहानी बताते हुए बोला बालक -'काम बहुत करना पड़ता है। सुबह से शाम तक डिलीवरी करते हैं। कंपनी वाले पैसा बचाने के लिए लड़के कम रखते हैं। सामान देकर बालक चला गया। हमको एक नई सामान सेवा की जानकारी हुई। शाम को एक और सामान का आर्डर किया बेटे ने। सुबह यह रह गया था। सामान देने के लिए आया बालक फिर दो किलोमीटर दूर था। पता यहां का था, लेकिन लोकेशन दो किलोमीटर दूर की। डिलीवरी बालक ने कहा -'लोकेशन यहां की ही है। आपके घर कैसे आएं?'

हमने रास्ता समझाया, लेकिन बालक अपनी परेशानी बताता रहा। उसकी समस्या यह भी थी या सही समझे तो यह ही थी कि दो किलोमीटर अतिरिक्त चलने में हुए तेल का भुगतान कौन करेगा? हमने कहा -'आ जाओ। देख लेंगे।' बालक आया। सामान लेने के बाद हमने पूछा -'पता तो यहीं का है। तुम क्या वहां डिलीवर कर देते जहां लोकेशन के हिसाब पहुंचे थे ?'उसने कहा-"आपकी बात सही है, लेकिन हमको भुगतान लोकेशन के हिसाब से होता है। लोकेशन से अलग डिलीवरी करने पर तेल का पैसा अपने पास से लगता है।' पता चला कि बेटे ने चूंकि बाहर से आर्डर किया था सामान इसलिए लोकेशन और पते में अंतर था। अगर हम करते घर से आर्डर तो लोकेशन और पता एक रहता। बेटे ने चार सौ किलोमीटर दूर से किया था आर्डर। चार सौ किलोमीटर दूर से आर्डर करने पर लोकेशन और पते में दो किलोमीटर का अंतर आया। मतलब ब्लिंकइट एप में 0.5 प्रतिशत की शुद्धता से दूरी का हिसाब करता है।

बालक ने बताया कि वह यह काम करते हुए पढ़ाई भी करता है। कुछ कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा है। उसकी बहन भी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। दोनों साथ रहते हैं। संघर्ष है, लेकिन मेहनत जारी है। आर्डर के हिसाब से एक डिलीवरी के लिए बालक को तीस रुपये मिलने थे। हमने आपने वायदे के मुताबिक़ उसे दे दिए। वह चला गया। बालक के जाने के बाद हम काफी देर से इस बारे में सोचते रहे कि आज हर काम के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। आप पैसा खर्च कीजिए हर सुविधा आपके पास हाजिर है। पैसे के जोर पर लोग अपनी सरकार तक बनवा ले रहे हैं। एक से एक बदमाश लोग मसीहा बने बैठे हैं इधर-उधर के पैसे के बल पर, लेकिन वो लोग क्या करें जिनके पास पैसे नहीं हैं? जिनके लिए जिंदगी जीना ही मुहाल है वे कौन सी सेवा लें? काश कोई ऐसा एप होता जो लोगों की न्यूनतम जरूरतों का इंतजाम करने में सहायक होता, लेकिन हमारे सिर्फ सोचने से क्या होता है? दुनिया तो अपने चलन के हिसाब चलती है।

भूख मिटाने के लक्ष्य में ईमानदार कोशिशें नदारद

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भूख के आंकड़े न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इस विषय पर हकीकत वाली तस्वीर निश्चित रूप से रोंगटे खड़ी करती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट हैं। इनमें वो देश भी शामिल हैं, जो तरक्की की दिन रात डींगे हांगते हैं। बहरहाल 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' को मनाना अपने आप में बहुत मायने रखता है। मायने इसलिए, ताकि हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर गंभीरता से विमर्श किया जा सकता है।

संसार गुजरे 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाता आया है, जिसकी शुरुआत वर्ष-1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस मुकर्रर हुआ था। वो ऐसा वक्त था, जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल इसी समय करीब 45 मुल्क ऐसे थे, जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे, बिगड़ी स्थिति को हमने काबू कर लिया था। स्थित ऐसी भी हो गई थी कि अन्य भूखे देशों की सहायता भी करने लगे थे।

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में कई देशों में जंग छिड़ी हैं, जिससे वहां की स्थिति भयाभय बनी हुई है। इसलिए भूख और गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार को अपनाने की ओर आज का दिन ऐसे मजलूमों को संबल देता है।

> 'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं।

पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है, जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105 वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सा सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। असमानता और गरीबी से निपटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं।

भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? दरअसल ये ऐसा यक्ष प्रश्न है, जो सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से भी मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद अधिकारों पर कार्रवाई को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं? दूषित खाने से लोगों का बीमार होना भी अब आम बात हो गई। ऐसे लोग खाद अधिकारों को इस्तेमाल करें, उसके लिए भी 'विश्व खाद्य दिवस' सभी को प्रेरित करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात और पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाए, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भूखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी को बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो हिंदुस्तान में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुआ। तब 14 करोड़ लोग रात में भूखे पेट सोए। हांलाकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

सोशल फोरम

धारणा के युद्ध में असली हार

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आजकल धारणा (परसेप्शन) बनाने का खेल बुरी तरह चल रहा है। राजनेता और सरकारें धारणा बनाने में व्यस्त रहते हैं और यह भी सही है कि धारणाएं ही उन्हें चुनाव जितवाने 'उनकी सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है। एक तरह से धारणा युद्ध चल रहा है। 'हम हैं तो संभव है, हम ही कर सकते हैं, हम कर रहे हैं, हमने ही सब तीर मारे है, पहले वाला तो बेकार था, यही सब बोला बतियाया जा रहा है। मतलब ढोल भले ही फटी हो, पर बताओ कि उससे निकलने वाला संगीत पहले कभी नहीं बजा और न ही कोई ऐसा मधुर संगीत बजा सकता है।

धारणा बनाने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, यहां तक कि सत्य की हत्या की जा रही है। भविष्य के सपने दिखाए जा रहे हैं। धारणा बनाने के वास्ते खबर को तोड़ मरोड़ करने के लिए लाखों लोगों को नौकरी पर रखा गया है। झूठ पर झूठ परोसा जा रहा है एक फ़ेक या तोड़ी मरोड़ी खबर को लाखों लोग वाट्सअप पर फारवर्ड कर रहे है। सत्यता क्या है, इससे किसी को कोई मतलब नहीं बस हउके रहो, लगे रहो मुन्ना भाई , फारवर्ड करते रहो। मीडिया जैसे महत्वपूर्ण तबके के तमाम नामचीन लोग निजी स्वार्थ वश इस अभियान में शामिल हो गए हैं। गोया वे भी इस युद्ध के सैनिक है। बहस के ज्यादातर आकंडे मैनुप्लेटिड हैं । चौराहों पर अपने अपने पसंदीदा चैनल की बातों को सही मानते लोग बहस कर रहे हैं, लोग हैं कि ताल ठोक रहे हैं, अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, ताली बजा रहे हैं, मरने मारने पर उतारू है।

जो जितना ज्यादा धारणा आक्रमण माहिर है, उतना ही सफल हो रहा है, जिसके पास पैसा है, ताक़त है, दबाव है, नाटक है, कला है, वह उतनी अच्छी धारणा बनाने में सफल होगा और हो रहा है, सत्यता चाहे जो हो, नैतिकता चाहे जो कहे। आम जनता बेचारी जो सुनती है, उसके साथ नदी की तरह बस बही जा रही है। समझ ही नहीं पा रही है कि सत्यता क्या है , झूठ क्या है , झूठा कौन है ? मेरा समझना है कि धारणा के इस युद्ध में असली हार आम जनता की और बड़े नक्शे पर देश की हो रही है। सही आंकड़े , सत्य बातें, सही स्थिति सामने आए तभी तो सही निर्णय हो ।

-फेसबुक वॉल से

दलित भी योद्धा हुए हैं यहां

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सामान्यतया यह माना जाता है कि दलित, जिन्हें प्राचीन वर्ण व्यवस्था वाली भाषा में शूद्र कहा गया है, समाज में उपेक्षित रहे और उनका कार्य सेवा करना ही था। इसमें कुछ सच्चाई भी है। हालांकि यह पूर्ण सत्य नहीं है और इस वर्ग के लोग युद्धवीर से लेकर राजा तक रहे हैं। मगध में इसी वर्ग के महापद्मनंद एक प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने अपने शौर्य के बल पर अपने राज्य को विस्तीर्ण किया। छठी शताब्दी में शूद्रक नामक राजा हुए, जो कवि भी थे।'मृच्छकटिकम्' उन्हीं की रचना है। उनकी जाति का खुलासा तो नहीं किया गया, किंतु नाम के अनुसार स्यात वे शूद्र वर्ग के ही थे।

शिवाजी की वीरता असंदिग्ध है। उन्हें इतिहासकारों का एक वर्ग शूद्र और दूसरा क्षत्रिय मानता है। वैसे स्थानीय ब्राह्मणों ने उनका राजतिलक करने से इंकार कर दिया था और इस हेतु काशी से लोग बुलाए गए थे,तो कुछ बात तो रही होगी। रामायण काल में वानरों और रीछों के पराक्रम को कौन नहीं जानता! ये जन जातीय लोग थे; क्षत्रिय कदापि नहीं। महाभारत का भील जन जातीय वीर एकलव्य प्रसिद्ध ही है। कोई आठ सौ साल पहले मध्य काल में महोबे के राजा परमाल (परमार्दिदेव) और उनके सामंत आह्ला ऊदल विख्यात हैं। उन्होंने अनेक युद्ध किए। परमाल चंदेल और आह्ला बंधु तो बनाफर क्षत्रिय थे, किंतु उनके साथ धनुवा तेली और लला तमोली भी युद्ध करने जाते थे। पृथ्वीराज चौहान से हुए युद्धों में धनुवा का मुकाबला धांधू नामक योद्धा से होता था।" धीरज आह्ला की वरनी है, ऊदल चौड़ा की तलवार। धांधू धनुवा की वरनी मा चटकै पेशकब्ज कै मार"।। ये धीरज और चौड़ा इतिहासोल्लिखित धीर पुंडीर एवं चामुंडराय ही हैं। इतना ही नहीं एक कोरी बिरादरी का खुनखुन नामक शूरमा भी था ता दूसरा रूपन बारी। आह्लखंड में शादियों में और उनके लिए लड़ाइयां हुई हैं। रूपन, यों तो विवाहों में बारी बिरादरी वाला ही काम करते थे और लड़की वाले के दरवाजे 'ऐपन बारी'लेकर जाते थे, किंतु नेग में वे लघु युद्ध मांगते। कन्या पक्ष के लोग सकते में आ जाते कि वर पक्ष के बारी भी योद्धा हैं और फिर एक छोटा-मोटा युद्ध होता।" चारि घरी पर चली सिरोही औ बहि चली रक्त कै धार"।

> लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं। इस क्रम में बिजली पासी का भी नामोल्लेख जरूरी है, जिन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के एक भाग पर शासन किया था और राजा सुहेलदेव का भी। ये दोनों अप्रतिम योद्धा थे।

हर क्षेत्र में जरूरत है प्रेरित किए जाने की

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आप कर्मचारियों का मनोबल और प्रेरणा कैसे बढ़ाते हैं? कर्मचारी प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? प्रेरित करने के लिए सिर्फ पैसे से ज्यादा प्रेरणा की जरूरत होती है लोग मूल्यवान महसूस करना चाहते हैं, टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं और यह महसूस करना चाहते हैं कि वे कंपनी के लिए मायने रखते हैं। यह कर्मचारी प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि अपने कर्मचारियों को उनके कार्य दिवस के लिए कैसे उत्सुक बनाया।

किसी कंपनी की सफलता के लिए कर्मचारी प्रेरणा तकनीकें जरूरी हैं। जब आप जानते हैं कि कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए तो आप उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। प्रेरित कर्मचारी कड़ी मेहनत करेंगे और खुद को कंपनी के मिशन के लिए समर्पित करेंगे। खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक होते हैं और दूसरी नौकरी की तलाश करने के बजाय कंपनी के साथ बने रहने की अधिक संभावना होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यवसाय क्या है, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी प्रेरणा एक दूसरे के समान ही महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक स्ट्रक्चरल स्टील डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं, उनके एक अधिकारी का कहना था कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के रूप में हुंडई, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी कई नई कारें तोहफे में दी गई।

यह समझने की बात है कि प्रतिस्पर्धा के आज के दौर में अपने कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करते रहना बहुत आवश्यक है। प्रेरणा जो किसी व्यक्ति को अच्छे काम पर प्रदर्शन करने के लिए होती है। यह वह चीज है, जो किसी व्यक्ति को सुबह उठने और काम पर जाने के लिए उत्साहित करती है। जब कर्मचारी प्रेरित होते हैं तो उनके उत्पादक, रचनात्मक और अपने काम में लगे रहने की संभावना अधिक होती है। जरूरत है कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित और उत्साहित किया जाए।

सार-संक्षेप

काशीपुर में श्रीराम इंस्टीट्यूट में आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं।

श्रीराम इंस्टीट्यूट में एडवांस एक्सेल कार्यशाला हुई

काशीपुर : श्रीराम इंस्टीट्यूट में बीबीए व बीकॉम ऑनर्स के छात्र-छात्राओं के लिए एडवांस एक्सेल पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल के महत्वपूर्ण फार्मूले एवं शॉर्टकट्स के विषय में जानकारी दी गई। मंगलवार को श्रीराम इन्स्टीटयूट सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. योगराज सिंह ने गेस्ट फैकल्टी सपना अरोड़ा व सोनल अरोरा का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल के फार्मूले एवं शॉर्टकट्स की जानकारी दी। इस दौरान कार्यशाला में प्रबंधन विभाग के समस्त शिक्षकगण, बीबीए व बी-कॉम ऑनर्स के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

शांतिपुरी में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को स्वास्थ्य की जानकारी देते कर्मी।

45 छात्राओं का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

शांतिपुरी : राजकीय कन्या हाईस्कूल विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। इसमें केन्द्र पर कैटालाइजिंग चेंज सी-3 की ओर से 45 स्कूली छात्राओं का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर अरुण शर्मा ने स्कूली बच्चों को जेनैटिक, गैर जेनैटिक, संक्रामक एवं गैर संक्रामक रोगों तथा बढ़ती उम्र में होने वाली हारमोनल समस्याओं की जानकारी एवं समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। सीएचओ भुवन चंद्र जोशी ने छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, आशा कार्यकर्ती दीपा कोरंगा प्रथम ने लंबाई व दीपा कोरंगा द्वितीय ने वजन एवं फिजिकल परीक्षण किया। इस दौरान स्कूल को-ऑर्डिनेटर गीता मटियाली, प्रधानाध्यापिका बृजेश गुप्ता, लीला देउपा, पूजा भाटिया, कमला चौहान आदि मौजूद रहे।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी।

विनय को अध्यक्ष और विजय को महामंत्री बनाया

सितारगंज : नगर पालिका परिषद सितारगंज में सफाई कर्मचारियों ने एक सभा का आयोजन किया। इसमें सफाई कर्मचारियों ने देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का गठन किया। सफाई कर्मचारियों की सहमति से विनय वाल्मीकि को अध्यक्ष एवं विजय वाल्मीकि को महामंत्री बनाया गया। शाखा का गठन करने आए जिलाध्यक्ष विनोद ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के लिए देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ बनाया गया है।

सर्राफा एसोसिएशन के राजेंद्र वर्मा बने अध्यक्ष

राजेंद्र वर्मा मनोज सहगल विजय कटारिया

राजू गाबा प्रमोद रस्तोगी

किच्छा : सर्राफा एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों की बैठक में सर्वसम्मति से नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी गठन के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का व्यापारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। नगर स्थित एक होटल में सर्राफा व्यापारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नगर कार्यकारिणी का गठन कर मनोज सहगल को संरक्षक, राजेंद्र कुमार वर्मा को अध्यक्ष, विजय कटारिया को उपाध्यक्ष, राजू गाबा को महामंत्री एवं प्रमोद रस्तोगी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक के दौरान सदस्यता शुल्क एवं अन्य मदों में एकत्रित की गई करीब दो लाख रुपए की धनराशि का कोई ब्योरा न मिलने पर कुछ व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने व्यापारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सभी व्यापारियों को साथ लेकर सही ढंग से धनराशि का सदुपयोग किया जाएगा। इस मौके पर वीरेंद्र वर्मा, मनोज सहगल फहीम अहमद अर्पित रस्तोगी, राकेश मल्होत्रा, प्रिंस वर्मा, शिवम गंभीर, पवन वर्मा, अशोक कटारिया, महेश गुप्ता, श्याम सुंदर बिष्ट, हर्षित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

गदरपुर में विशाल सत्संग कल

गदरपुर : गूलरभोज रोड पर स्थित श्री अद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम में 17 अक्टूबर (गुरुवार) को विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसमें कुरुक्षेत्र से पधारे संत अगम प्रकाशपुरी महाराज जी सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन करेंगे। कमेटी अध्यक्ष अशोक बजाज ने बताया कि सत्संग प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होगा। दोपहर 12 बजे सांसद अजय भट्ट भी सत्संग में पहुंचेंगे।

किशोरी ने गटका जहर, रेफर

काशीपुर : संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। मोहल्ला कटोराताल निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने जहर गटक लिया। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

महाविद्यालय प्रशासन ने चुनाव कराने के लिए कमेटी की गठित, 25 अक्टूबर को चुनाव को लेकर नहीं पहुंचा आदेश

छात्रसंघ : संभावित प्रत्याशियों ने शुरू किया चुनाव प्रचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : एसबीएस महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की तिथि अभी तय नहीं हुई है। चुनाव की तिथि को लेकर अभी तक महाविद्यालय प्रशासन के पास कोई आदेश भी नहीं आया है। हालांकि 25 अक्टूबर के चुनाव की तिथि तय की गयी है। इसके बाद से ही संभावित छात्रसंघ पदाधिकारियों ने कॉलेज परिसर में प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

एसबीएस महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या करीब 8500 है। संभावित छात्रसंघ के विभिन्न पदों के प्रत्याशी पिछले कई दिनों से प्रचार अभियान में लगे हुए थे। वहीं पिछले दिनों कुमाऊं विश्वविद्यालय में छात्र चुनाव की तिथि को लेकर आंदोलित थे। इसके बाद उच्च शिक्षा सचिव ने सभी महाविद्यालयों में 25 अक्टूबर तक चुनाव कराए जाने की बात कही। इसके बाद कुमाऊं विश्वविद्यालय ने आदेश का पत्र जारी करते हुए आंदोलन समाप्त करने को कहा। इसके बाद छात्रों का आंदोलन समाप्त हुआ।

इसके बाद से एसबीएस महाविद्यालय में भी संभावित प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। संभावित प्रत्याशी छात्र-छात्राओं को प्रचार सामग्री देकर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सर्वजीत सिंह ने बताया कि अभी चुनाव की तिथि को लेकर उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। संभावित छात्रसंघ प्रत्याशी चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सभी को लिंगदोह समिति की सिफारिशों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गयी है।

महाविद्यालय परिसर में छात्रों से वोट मांगते संभावित प्रत्याशी। ● अमृत विचार

मतदाता सूची तैयार करने में जुटा कॉलेज प्रशासन

रुद्रपुर, अमृत विचार : महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सर्वजीत सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में चुनाव के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गयी है। इसमें प्रो. आशा राणा को प्रभारी छात्रसंघ निर्वाचन अधिकारी, डॉ. प्रदीप कुमार को उप निर्वाचन अधिकारी, डॉ. शलभ गुप्ता, डॉ. दीपक दुर्गापाल और सूरज कुमार को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कमेटी के गठन के बाद छात्रों की मतदाता सूची तैयार की जा रही है।

संस्कृत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

काशीपुर के श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में हो रहा प्रतियोगिता का आयोजन, दीप जलाकर किया शुभारंभ

आयोजन

▸▸ प्राचार्य बोले- संस्कृत भारतीय संस्कृति की पहचान है

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : पक्काकोट स्थित श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में दो दिवसीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ राधेहरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र कुशवाह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मंगलवार को आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. कुशवाह ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं है, भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा के बिना भारतीय संस्कृति नहीं आ सकती है। आचरण, व्यवहार व संस्कार जैसे गुण संस्कृत और भारतीय संस्कृति से ही आते हैं। इसके बाद श्लोक व भाषण समेत अन्य प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। वहीं प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर तुलाराम शर्मा, प्रीतम सिंह, मनोहर सिंह सैनी, कौशलेश गुप्ता, अरबाज सिद्दीकी, मनोज कुमार विश्नोई, राजेन्द्र कुमार, जितेंद्र कुमार पंत, सुरेश सिंह, रमन कुमार, राजेंद्र जोशी, प्रकाश चन्द्र, ओमप्रकाश, प्रीति अग्रवाल, कनक शर्मा, मीनू दिवाकर आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में श्री गुरुनानक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

खटीमा में आयोजित संस्कृत प्रतियोगिता में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

खटीमा में खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का शुभारंभ

खटीमा : राणा प्रताप इंटर कॉलेज के सोबन सिंह जीना सभागार में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में दो दिनी खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, प्रबंधक गीताराम बंसल, प्रधानाचार्य रविंद्र प्रकाश पंत, रामनारायण वर्मा, महेंद्र प्रताप पांडे, मनोज गुणवंत, रघुवर पांडे ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक कापड़ी ने संस्कृत भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि अंग्रेजों ने संस्कृत भाषा को ही नष्ट करने की कोशिश की ताकि भारत की संस्कृति को बदला जा सके। संयोजक डॉ. अतर सिंह ने अतिथियों, उपस्थित दलों तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। गीता राम बंसल ने डॉ. हेमलता पाठक और रघुवर पांडे को अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। प्रथम दिवस कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिता में संस्कृत समूह गान में पब्लिक स्कूल, डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म, राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में श्री राम नारायण वर्मा, देवकीनंदन परगाई, मनोज कुमार गुणवंत, महेंद्र प्रताप पांडे, दीपक चंद्र गहतोड़ी, विनोद कुमार, गोविंद सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र सिंह पाल, गीता रानी, हरिओम पारखी आदि निर्णायक रहे।

एथलेटिक्स में ट्रैफोर्ड ने लहराया परचम

खटीमा : रुद्रपुर में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ट्रैफोर्ड पब्लिक स्कूल का परचम लहराया। अंडर 17 वर्ग में माही पोखरिया ने 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में गोल्ड, उज्जवल भट्ट ने 400 मीटर दौड़ में ब्राउन मेडल हासिल किया। अंडर 14 वर्ग में विद्या ने 400 मीटर दौड़ में गोल्ड, 600 मीटर दौड़ में सिल्वर, आनंद महर ने हाइजंप में सिल्वर मेडल हासिल किया। सभी विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। ट्रैफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पुष्कर चन्द एव विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. चंद्रा चन्द ने विजयी प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर सिंह, एकेडमिक हेड भुवन चंद्र पंत, सीनियर कोच बलबीर सिंह खोलिया (बॉबी), जूनियर कोच योगेंद्र सिंह बिष्ट, जय बहादुर चन्द, मोहम्मद तौहीद, त्रिलोचन भट्ट आदि मौजूद थे।

माही पोखरिया।

ईएमई की वर्षगांठ धूमधाम से मनायी

ईएमई की 82वीं वर्षगांठ मनाते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : ईएमई की 82वीं वर्षगांठ पूर्व सैनिकों ने हर्षोल्लास से मनायी। टनकपुर रोड जायका के सभागार में पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कै. गंभीर सिंह धामी ने 1942 में स्थापित ईएमई की जानकारी दी।

उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान कुमाउनी गीतों पर ईएमई के सेवानिवृत सैनिक जमकर झूमे। कार्यक्रम के समापन के साथ ही कई पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हरीश चन्द्र कापड़ी, हरि सिंह मुडेला, महीमन सिंह अधिकारी, डीगर सिंह ज्याला, शिव चन्द, के.एस. कार्की, हयात सिंह भंडारी, शंकर दत्त, के. एस. मंगला, टीका राम पांडे, गोपाल दत्त, डीएन पांडे, ललित कोहली, लक्ष्मण सिंह, दीवान सिंह आदि मौजूद थे।

अलक्ष्या स्कूल के पांच खिलाड़ी प्रोत्साहन राशि के लिए चयनित

खटीमा : मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिता में अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के पांच छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। इनमें बालक वर्ग से कुणाल दिगारी (वॉलीबॉल), विकास चंद (बास्केटबॉल), ऋषभ खड़ायत (ताइक्वांडो), बालिका वर्ग से हेमलता (टेबल टेनिस) तथा तनीषा बोहरा (ताइक्वांडो) के लिए चयनित हुए हैं। इन छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह 2000 रुपये, वार्षिक 35000 रुपये की धनराशि प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के स्वरूप दी जाएगी।

चकरपुर में खोदी गई सड़क की मरम्मत करवाने की मांग

▸▸ लोगों ने एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : जल मिशन योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर ग्राम चकरपुर के लोगों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा।

ग्राम पंचायत चकरपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत ओवरहेड टैंक निर्माण कार्य एवं पेयजल कनेक्शन को पाइप लाइन बिछाने के लिए हर-गली मोहल्ले की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। इन सड़कों की मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरतते हुए जानबूझकर लेटलतीफी की जा रही है, क्योंकि कार्य को शुरू हुए दो वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

कई बार शिकायत भी की गई है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत सदस्य हरजसपाल सिंह हैरी व अजीतपाल सिंह, ग्राम प्रधान पति सुनील कुमार, उप प्रधान नीरज मौर्य, नंदकिशोर, अरुण भारद्वाज, मेवाराम, रामभरोसे, बृजलाल, राहुल, पंकज, संजीव, रितिक आदि शामिल रहे।

बाजपुर में उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते चकरपुर के ग्रामीण।

सीसी टाइल्स रोड के निर्माण का शुभारंभ

सीसी टाइल्स निर्माण का शुभारंभ करते गुरुद्वारा साहिब के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा।

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में 15 लाख रुपये से बनने वाली 100-100 मीटर की छह इंटरलाकिंग सीसी टाइल्स रोड निर्माण का शुभारंभ मंगलवार को गुरुद्वारा साहिब के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर किंदा ने कहा कि ग्रामीण विकास की स्थानीय इकाई के प्रयासों एवं सरकार के सहयोग से मार्गों का जो निर्माण हो रहा है वह सराहनीय है। इस मौके पर प्रतिष्ठित कारोबारी मदन जिंदल, भूषण कुमार जिंदल, प्रधान पति इरशासद हुसैन, शमशाद हुसैन, गौरव जिंदल, मनीष जोशी, पंकज जिंदल, नईम, भूरा, इमरान, शरद कश्यप आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर में सम्मानित थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत समेत अन्य पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

संवाददाता, दिनेशपुर

▸▸ दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी कीओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य से समां बांधा

अमृत विचार : दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन पर थानाध्यक्ष सहित स्टाफ को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान मेहमान कलाकारों व स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों व छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति से देर रात तक समां बांधा। सार्वजनिक श्री दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम दिन मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने कहा कि पुलिस जनता के सहयोग के बिना क्राइम, दुर्घटनाओं व नशे की रोकथाम नहीं कर सकती है। इस दौरान उत्सव कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने थानाध्यक्ष सहित स्टाफ को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष इंद्रजीत मंडल, संचालन स्वेता गोस्वामी राय व मनोज अधिकारी ने किया। इस मौके पर उप निरीक्षक संतोष उप्रेती, उप निरीक्षक दरबार सिंह, कांस्टेबल कमलेश सिंह नेगी, निर्मल गौड़ा, महासचिव सौरभ मंडल, कोषाध्यक्ष सुखदेव हालदार, विष्णु गाईन, विजय मंडल, विशंभर लाल मिगलानी आदि मौजूद रहे।

नेत्रदान कर अमर हो गए लोहिया

किच्छा : नगर निवासी युवा व्यापारी अजय लोहिया अपनी मौत के बाद भी नेत्रदान कर अमर हो गए। व्यापारी की मौत के बाद भी अब उनकी आंखें दुनिया को देख सकेंगी। नगर के आवास विकास निवासी अजय लोहिया के आकस्मिक निधन के पश्चात उनके परिजनों ने नेत्रदान करने का निर्णय लिया। परिवारजनों की सूचना पर महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सीआर मित्तल नेत्रालय केंद्र से आए टेक्नीशियन मनीष रावत, काउंसलर सत्येंद्र मिश्रा, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एल एम उप्रेती सहित टीम ने नेत्रों को सुरक्षित रख लिया। टीम के सदस्यों ने पुत्र स्पर्श लोहिया एवं राघव लोहिया आदि का आभार जताया।

अजय लोहिया।

हर मनुष्य को धैर्य से लेना चाहिए काम

ग्राम रेंहटा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को सम्मानित करते कमेटी के लोग।

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में श्रीरामलीला मंचन की धूम मची हुई है जिसमें रेंहटा, हरिपुरा हरसान में रामलीला का मंचन चल रहा है। सोमवार की देर रात ग्राम रेंहटा में आदर्श रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ ही पूजा-अर्चना करके किया। उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के जीवन से यह सीख मिलती है कि संसार में आए मनुष्य को विपरीत परस्थितियों में भी धैर्य से काम लेना चाहिए। आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि यशपाल आर्य को सम्मानित किया गया। मौके पर संरक्षक ओमप्रकाश राठौर मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

राजकीय इंटर कालेज ढेला में हुए कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

25 वीं पुण्य तिथि पर बच्चों ने दुर्गा भाभी को किया याद

रामनगर : आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दुर्गा चरण बोहरा (दुर्गा भाभी) को उनकी 25 वीं पुण्य तिथि राजकीय इंटर कालेज ढेला में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा भाभी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा कि दुर्गा भाभी 7 अक्टूबर 1907 को शहजादपुर गांव में पंडित बांके बिहारी के यहां जन्मी। पिता ने संन्यास ले लिया था, रिश्तेदारों ने दस साल की उम्र में भगवती चरण बोहरा से शादी करा दी। बोहरा क्रांतिकारी संगठन हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी के मास्टर कहे जाते थे। उनके साथ मिलकर दुर्गा भाभी ने भी आज़ादी की लड़ाई के लिए काम करना शुरू कर दिया। बोहरा की पत्नी होने की वजह से सभा के सभी सदस्य उन्हें भाभी कहते थे। उन्हें पिस्तौल चलाने में महारथ हासिल थी। वे बम बनाना भी जानती थीं। उन्होंने भगत सिंह को उनकी पत्नी बन पुलिस से बचाया। इस घटना के बाद वो लाहौर लौट आई थीं। जब 1929 में भगत सिंह और राजगुरु ने आत्म समर्पण किया, तब उन्होंने अपनी सारी बचत उनके ट्रायल में लगा दी थी। गहने भी बेच दिए थे और उस समय तीन हजार रुपयों का इंतजाम किया था।

सम्मान ग्रहण करते नेकी की दीवार के संयोजक तारा चंद्र घिल्डियाल।

सामाजिक कार्यों के लिए नेकी की दीवार सम्मानित

रामनगर : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैंठपड़ाव द्वारा सामाजिक सरोकारों को समर्पित "नेकी की दीवार" को उनके सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेकी की दीवार के संयोजक तारा चंद्र घिल्डियाल को यह सम्मान दिया गया। घिल्डियाल ने कहा कि "नेकी की दीवार" एक सामाजिक आंदोलन है जिसके द्वारा समाज में गरीब वर्गों को सामाजिक पिछड़ेपन से दूर करना तथा उनकी शैक्षिक उन्नयन के लिए सतत प्रयास करना है। गौरतलब है कि नेकी की दीवार कई वर्षों से रामनगर तथा आसपास के दूरस्थ क्षेत्रों में गरीब तथा पिछड़े वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव कार्यरत रही है। घिल्डियाल ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समुदाय का, समुदाय के लिए, समुदाय द्वारा सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर दौरान समिति के प्रभात ध्यानी, एडवोकेट बालम सिंह बिष्ट, पुष्कर दुर्गापाल, हरिप्रिया सती मौजूद रहे।

दिव्यांगों ने उठाई गुलाबी कार्ड की मांग

पूर्व विधायक के नेतृत्व में किया प्रदर्शन, डीएसओ के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: दिव्यांग सेवा संस्था ने दिव्यांग परिवारों का अंत्योदय योजना के तहत गुलाबी कार्ड बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर जिला पूर्ति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

मंगलवार को संस्था से जुड़े कई दिव्यांग पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने गुलाबी कार्ड बनाने के साथ ही दिव्यांग पेंशन 1500 रुपये को बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने, आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख की इलाज की राशि को बढ़ाकर दस लाख रुपये करने, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त सिलेंडर दिए जाने और अन्य सुविधा दिए जाने की मांग की।

इस अवसर पर संतोष कश्यप, दिनेश कोहली, अतुल कुमार सक्सेना, जफर, नईम, आलोक ढाली, अरुण मंडल, अनामिका, शरीफ, मो. जीशान, मिलन हालदार, करन, जयंत, मोनिका तरफदार, राकेश बादल, बलविंदर, बाबू राम, मनोरंजन, दीपक विश्वास, मो. जफर, लिपिका, मोहित, विशाल ढाली, दिनेश चंद्र भट्ट, पूर्णिमा, उस्मान, सुष्मिता विश्वास, विनोद कुमार, सर्वजीत सरकार, मोहित विश्वास, अनामिका, राम सिंह चंदेल, राकेश मंडल आदि मौजूद रहे।

डीएसओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते दिव्यांग व पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

विवाहिता की आत्महत्या मामले में चार ससुरालियों पर मुकदमा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: ग्राम मलपुरा में 2 दिन पूर्व विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मृतका के पति, सास तथा दो देवर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 2 मलपुरा निवासी इकरार ने कहा कि उसने अपनी छोटी बहन समरीन का निकाह 30 जनवरी 2022 को वार्ड नंबर 19, सिरौली कला, किच्छा निवासी नदीम के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से किया था। इकरार ने बताया कि निकाह के बाद से ही उसकी बहन अक्सर फोन पर रोती थी और पति नदीम, सास मरियम, देवर शादाब एवं नौशाद द्वारा मारपीट करते हुए कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित करने की बात बताती थी। इकरार ने बताया कि अपनी बहन की गृहस्थी बचाने के लिए उसने कई बार ससुराल वालों की पैसे की मांग को पूरा भी किया। लेकिन धीरे-धीरे उनकी मांग बढ़ती चली गई। बताया कि अगस्त 2024 में बहन के ससुराल पक्ष द्वारा एक प्लाट खरीदने के लिए मायके से 5 लाख रुपये लाने का बहन पर दवाब बनाया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर उन्होंने बहन को घर से निकाल दिया। इसके बाद उसकी बहन समरीन मायके आ गई थी। इकरार ने बताया कि इस दौरान कई बार पंचायत के माध्यम से मामले को निपटाने का प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल पक्ष ने झूठे आरोप लगाए। विगत 13 अक्टूबर की दोपहर पीड़िता ने घर में फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सास मरियम, पति नदीम, देवर शादाब और नौशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दृष्टिहीनों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील होने का आह्वान

अल्मोड़ा : राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ ने मंगलवार को सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में सफेद छड़ी को दृष्टिहीन व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता का प्रतीक बताते हुए समाज को उनके अधिकारों के प्रति अधिक संवेदनशील होने का आह्वान किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने दृष्टि दिव्यांगों के कानूनी प्रावधानों और सरकारी योजनाओं पर जानकारी दी गई, ताकि वे अपने अधिकारों का सही लाभ उठा सके। गोष्ठी का उद्देश्य दृष्टिहीनों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके लिए बेहतर समर्थन सुनिश्चित करना था। यहां संघ के प्रांतीय महासचिव पीतांबर सिंह चौहान, प्रांतीय उपाध्यक्ष खेम सिंह रावत, चंद्रमणि भट्ट, श्याम नारायण, योगेश उपाध्याय मौजूद रहे।

दीपावली से पूर्व हो जाएं क्षतिग्रस्त सड़कें गड्ढा मुक्त : अरोरा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विधायक शिव अरोरा ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ डीडी चौक, बालाजी मंदिर गेट, पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर धर्मशाला रोड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दीपावली त्यौहार से पूर्व शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा।

मंगलवार को भ्रमण के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि बरसात के मौसम में शहर की कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देश हैं कि निगम और लोक निर्माण विभाग के तहत आने वाले सभी सड़कें गड्ढा मुक्त हों। उन्होंने कहा कि बरसात अब पूरी तरह रुक गई है। दीपावली आने में महज कुछ दिन बचे हैं। ऐसे में लोगों की आवाजाही अधिक होगी। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि कई बार ई-रिक्शा भी पलट जाते हैं। काशीपुर बाईपास रोड में स्कूली बच्चों से लेकर व्यापारी व आमजन की आवाजाही लगातार रहती है। इन सड़कों की हालत जल्द से जल्द दुरुस्त हो। वहीं नगर निगम की उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने कहा कि दीपावली से पूर्व ही क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के ईई सौरभ यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, संदीप राव, हिमांशु मिड्ढा, किरन विर्क, अनमोल विर्क, मोहित चड्डा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, बिट्टू चौहान, निमित्त शर्मा, आदेश भारद्वाज, वासु गुम्बर संतोष पाल आदि मौजूद रहे।

मुख्य बाजार में क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा में दून से पहुंचे सांस्कृतिक प्रांत प्रमुख

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: चकरपुर रोड सिंह कालोनी में नवनिर्मित मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम मंदिर में महाकाली के साथ ही विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तीसरे दिन भी पूजा-पाठ की प्रक्रिया जारी रही।

मंगलवार को इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए देहरादून से पहुंचे आरएसएस के सांस्कृतिक प्रांत प्रमुख डा.शोभाराम उनियाल ने भी राष्ट्रीय सनातन दक्षिणेश्वरी गौसेवा ट्रस्ट के संस्थापक महंत विकासनाथ महाराज (मुख्य महंत पीठाधीश्वर मां दक्षिणेयश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम) के साथ मिलकर श्रद्धाभाव के साथ शिखर पूजन किया। इसके पश्चात पं.शिवकुमार शास्त्री व उनकी टीम में शामिल पं.गौरव मिश्रा, पं.हेमचंद्र उप्रेती, पं.नवीन मिश्रा व पं.गौरव रेखाड़ी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्तियों को पुष्पाधिवास व फलाधिवास करवाया। देर सायं तक गुजरात से मनोहरनाथ महाराज के साथ ही कई सांधू-संत बाजपुर पहुंच गए हैं। 16 अक्टूबर बुधवार को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा, मूर्ति महास्नान, वस्त्राधिकवास एवं 17 अक्टूबर को प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-यज्ञ एवं महाआरती होगी। दोपहर में विशाल भंडारा करवाया जाएगा।

अनुष्ठान में शामिल होने पहुंचे आरएसएस के सांस्कृतिक प्रांत प्रमुख डॉ. शोभाराम उनियाल।

लखीमपुर खीरी में आयोजित सम्मेलन में मौजूद थारू जनजाति समाज के लोग। ● अमृत विचार

थारू समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

संवाददाता, खटीमा

कार्यक्रम
▸▸ जनवरी में नेपाल में आयोजित होगी बैठक, लिए जाएंगे निर्णय

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय राना थारू समाज मैत्रीपूर्ण सम्मेलन सोमवार को लखीमपुर खीरी में संपन्न हुआ।

थारू जन कल्याण संस्था लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित सम्मेलन में देश-विदेश से अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ सम्मिलित हुए थे। थारू जनकल्याण संस्था अध्यक्ष छैला बिहारी राणा की अध्यक्षता में संपन्न सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय राना थारू समाज के अध्यक्ष डिल्लू सिंह राणा, नेपाल से आए विशिष्ट अतिथि डॉ. जीवन राणा ने इस सम्मेलन में जनजातियों के उत्थान संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने भारत व नेपाल में रहने वाले थारू जनजातियों के रहन-सहन, खान-पान एवं रीति-रिवाज में समानता बताते हुए दोनों देशों के थारू समाज का साझा मंच खड़ा करने की अपील की। नेपाल के सहसंयोजक परम राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था के पंजीकरण की जानकारी दी। गोपाल सिंह राणा खटीमा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठन बनने के बाद कोई और संगठन ना बनाने की अपील की। सम्मेलन में राजवीर सिंह खटीमा, धर्मराज नेपाल, मलकीत सिंह खटीमा, भक्तराज राणा नेपाल आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। संचालन थारु जन कल्याण संस्था महामंत्री रामचन्द्र राणा ने किया। सहसंयोजक ओमकार सिंह राणा ने अतिथियों का स्वागत किया। आम सहमति से अगली बैठक नेपाल में जनवरी 2025 को करने का निर्णय लिया। जिसमें थारु जनजातियों के विकास संबंधित निर्णय लिए जाएंगे।

वर्ग पहेली-223

बाएं से दाएं
1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक; भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति; कुली।
7. 1. स्त्री; औरत 2. पत्नी; बहू।

ऊपर से नीचे
2. 1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति; चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।



वर्ग पहेली -222 का हल

1 खो	2 ख	ला	■	■	■
■	जु	■	3 सु	■	4 म
5 दु	रा	धा	र	■	नो
■	हो	■	धे	■	भ
6 पिं	■	7 अ	नु	भ	व
ड	■	टे	■	■	■
ल	■	8 क	पै	सि	टी

सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			6	7		3	
	7	5			1			6
	2				8		4	
2	6					9		3
			7		4			
7		1					5	8
	3		5				9	
9			4			7	1	
	4		1	2		3		

सुडोकू - 135 का हल

9	1	2	8	7	3	5	6	4
5	8	7	6	1	4	2	9	3
6	4	3	5	2	9	8	1	7
8	7	9	1	5	2	4	3	6
3	2	4	9	8	6	7	5	1
1	5	6	3	4	7	9	8	2
7	3	5	4	6	8	1	2	9
4	9	1	2	3	5	6	7	8
2	6	8	7	9	1	3	4	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 20.40 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19.18 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष: आज आपको माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। टीवी और मनोरंजन के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं।

वृष: आज नजदीकी मित्रों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आप भाग्य की अपेक्षा अपने कर्म पर भरोसा रखें। कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

मिथुन: आज कठिन काम भी आसानी से पूरा कर लेंगे। पड़ोसियों के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। समाज सेवी संस्थाओं में आप विशेष योगदान देंगे। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

कर्क: आज कमीशन संबंधी व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। युवाओं को तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। आपका मन शांत रहेगा। पूरे आत्मविश्वास के साथ आप काम करेंगे। आपके व्यक्तित्व और विचारशैली में परिवर्तन आएगा।

सिंह: आज लोगों पर ज्यादा भरोसा करने से बचें। प्रेमीजन के बर्ताव से आपका मन खराब हो सकता है। किसी परिजन की बात आपको बुरी लग सकती है। सोशल मीडिया में आपको ज्यादा सक्रिय नहीं रहना चाहिए।

कन्या: आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही अच्छा है। साझेदारी वाले कार्य आप शुरू कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। आपको अपनी कार्यक्षमता बढ़ानी चाहिए। विरोधी आपके सामने मित्रता का प्रस्ताव रख सकते हैं।

तुला: आज लोग आपकी भावुकता का लाभ उठा सकते हैं। विश्वसनीय मित्रों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको अन्य वैकल्पिक साधनों से धन लाभ प्राप्त हो सकता है। धीरे-धीरे आपके सभी कार्य सही दिशा में पूरे होते दिखेंगे।

वृश्चिक: आज प्रेम विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। रुका हुआ काम राजनीतिक प्रभाव से पूरे हो जाएंगे। बच्चों की सफलता से आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएंगे।

धनु: आज बिना विचार किए कोई भी निर्णय न लें। मन में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यापार में बड़ा जोखिम उठा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे।

मकर: आज पैतृक व्यवसाय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आपका रुझान बढ़ेगा। थोड़ी सी सावधानी के कारण आपके बिगड़ते संबंध सुधर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र से आपको लाभ मिलेगा। विवाहोत्सुक युवतियों का विवाह तय हो सकता है।

कुंभ: आज नए कार्यों की रूपरेखा बना सकते हैं। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कुटुंब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

मीन: आज किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। करियर को लेकर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसानियत
सुबह : 10.27
जीवन युद्ध
दोपहर : 03.02

&pictures
मिशन रानीगंज
दोपहर : 01.26
राधे
रात : 10.18

SONY PIX
क्लैश ऑफ द टाइटंस
सुबह : 11.33
रैमपेज
रात : 09.00

ZEE CINEMA
शानदार
सुबह : 10.20
रेड
रात : 08.35

ZEE ACTION
चेन्नई वर्सेस चाइना
सुबह : 10.34
बारूद
रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.35 बजे

जोक्स ऑफ द डे

यमराज (औरत से) - चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।
औरत - बस दो मिनट दे दो।
यमराज - दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी?
औरत - फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'ट्रवलिंग टू यमलोक'!
यह सुनकर यमराज ही हो बेहोश गए।

जज-आपको अपनी सफाई में कुछ कहना है?
महिला-अब मैं क्या बोलूं? मेरे यहां तो सफाई नौकरानी करती है, तो इस बारे में वही अच्छी तरह से बता सकती है।

सार-संक्षेप

क्वारब से रात में वाहनों की आवाजाही पर रोक

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा- हल्द्वानी मार्ग पर 15 से 21 अक्टूबर तक क्वारब से रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। यह निर्णय क्वारब के पास पहाड़ी से आ रहे मलबे तथा सड़क सुधारीकरण कार्य को देखते हुए लिया गया है। रात में वाहनों की आवाजाही वैकल्पिक मार्ग अल्मोड़ा- विश्वनाथ- शहरफाटक और खैरना- रानीखेत मार्ग से होगी।

स्कूटी से सरयू में गिरी युवती का शव बैराज में मिला

टनकपुर : एक सप्ताह पूर्व पिथौरागढ़ में सरयू नदी में बही युवती का शव टनकपुर के बैराज पर मिला। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर टनकपुर के शारदा नदी में अंतिम संस्कार कर दिया। मालूम हो की 7 अक्टूबर को पिथौरागढ़ के न्यू बजेटी निवासी 26 वर्षीय किरन पुत्री कैलाश राम और उनके साथ 23 वर्षीय संगीता पुत्री उमेद राम हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट में दर्शन के बाद वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान सरयू पनार पुल के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई जिससे संगीता छिटककर सड़क के नीचे झाड़ियां में फंस जाने से बच गई लेकिन किरन सरयू नदी में जा गिरी और बह गई। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा पुलिस टीम ने सरयू नदी में काफी खोजबीन की लेकिन किरन का पता नहीं चल पाया। इधर टनकपुर बैराज में किरन का शव मिलने पर पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने आकर किरन की शिनाख्त की। टनकपुर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेन्द्र कोरंगा ने बताया कि शव की शिनाख्त किरन कोहली निवासी न्यू बजेटी जनपद पिथौरागढ़ के रूप में की गई है। जिसकी अंत्येष्टि उनके परिजनों द्वारा टनकपुर शारदा नदी में की।

टनकपुर महाविद्यालय में विजेता को सम्मानित करते शिक्षक।

निबंध प्रतियोगिता में अंजलि विश्वकर्मा ने मारी बाजी

टनकपुर : राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अब्दुल शाहिद खान ने अध्यक्षता और डॉ. सुषमा मक्कड़ ने संचालन किया। बाद में सभागार में गढ़भोज दिवस तथा दान उत्सव कार्यक्रम हुआ। स्वयंसेवी रोहन ने उत्तराखंड के खान-पान की जानकारी दी। संगीताचार्य डॉ. पंकज उप्रेती ने उत्तराखंड की संस्कृति के बारे में बताया। हिंदी विभाग से डॉ. किरण ने स्वयंसेवकों को दान का महत्व बताया। अंग्रेजी विभाग से डॉ. मीनाक्षी जोशी ने उत्तराखंड के खान-पान के औषधीय गुणों की जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ अब्दुल शाहिद ने उत्तराखंड के खान-पान के महत्व पर विचार रखे। स्वयंसेवकों की निबंध प्रतियोगिता में अंजलि विश्वकर्मा प्रथम, गंगा सिंह द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

फागपुर गांव में लगाए ट्रैप कैमरे

बनबसा : तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने के लिए वन विभाग ने ग्राम फागपुर में कैमरे लगाए। ग्राम सभा फागपुर के ग्रामीणों की मांग के बाद वन क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देश के बाद वन विभाग ने ग्रामसभा के तेंदुआ प्रभावित क्षेत्र में ग्राम प्रधान हर्ष बहादुर चंद की उपस्थिति में कैमरे लगाए गए। इस दौरान वन विभाग ने ग्रामीणों को वन एवं वन्य जीवों से सुरक्षा के सम्बंध जागरूक किया गया।

धौलछीना पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

अल्मोड़ा : पुलिस ने न्यायालय से वांछित वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी है। धौलछीना पुलिस ने एनआई एक्ट में वांछित चले रहे वारंटी उपेंद्र गिरी पुत्र विद्यागिरी निवासी, मेट्रोपोलिस रुद्रपुर, उधमसिंहनगर को रुद्रपुर से गिरफ्तार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में अपर उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद, हेड कांस्टेबल कुंदन लाल आदि शामिल रहे।

लिट फेस्ट में भागीदारी निभाएगा प्लंबर बाथवेयर

अल्मोड़ा : प्लंबर बाथवेयर, एक्वा प्लंबिंग्स प्रालि ने तीन दिनी अल्मोड़ा लिट फेस्ट में सहयोग देने की घोषणा की है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर देवेन चौधरी ने बताया कि फेस्टिवल में साहित्य, संस्कृति और विचारों की चर्चा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। भारत और विदेशों के कई प्रसिद्ध लेखक, कवि और बुद्धिजीवी इसमें शामिल होंगे और उत्सव का आनंद लेंगे।

मांगों को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी हुए मुखर

विवि प्रशासनिक भवन में किया धरना-प्रदर्शन, मांगों का निराकरण नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर एसएसजे विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नाराज कर्मचारियों ने विवि के प्रशासनिक भवन में धरना दिया। इस दौरान विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द मांगों का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारी समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठा रहे है, लेकिन उसकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे कार्मिकों में विवि के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। वक्ताओं ने कहा कि संविदा, दैनिक वेतन, एमटीएस कार्मिकों को न्यायालय आदेशों के अनुपालन में कार्य परिषद में समायोजित करने, कार्मिकों के पटल परिवर्तन किए जाने, वित्त समिति की ओर से पारित नियमित कार्मिकों को पांच हजार और दैनिक वेतन भोगी कार्मिकों को ढाई हजार मानदेय देने समेत विवि के अंतर्गत बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत परिसरों में कार्मिकों की भर्ती की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। संघ के अध्यक्ष जीवन चंद्र मठपाल, राजेंद्र सिंह राणा, अशुंमन पंत, गुलाब राम, केवलानंद पाठक, दान सिंह कनवाल, गणेश तिवारी, राकेश साह, भीम सिंह, हरेंद्र सिंह, चंदन सिंह कनवाल, रविंद्र सिंह कनवाल, नीरज कनवाल, हेमलता अधिकारी, गीता रावत, विमला, नंदी, विमला, लोकेश कनवाल समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा एसएसजे विवि में मंगलवार को मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा गांधी पार्क में मंगलवार को धरना देते संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

डीडीए समाप्ति को संघर्ष समिति ने दिया साप्ताहिक धरना

अल्मोड़ा : जिला विकास प्राधिकरण समाप्त नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। नाराज लोगों ने मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति के बैनर तले गांधी पार्क पर धरना दिया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर हर मंगलवार को धरना दे रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे लोगों में आक्रोश है। कहा कि डीडीए लागू होने के बाद लोगों को कई तरह की दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। लोगों ने एक स्वर में शीघ्र प्राधिकरण समाप्त करने की मांग उठाई। 12 बजे से दो बजे तक धरना दिया। यहां समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, प्रताप सिंह सत्याल, आनंद सिंह बगडवाल, आनंद सिंह सिंह सतवाल, पूरन सिंह रौतेला, रोबिन मनोज भंडारी, महेश चंद्र आर्या, प्रत्येश पांडे, हेम चंद्र तिवारी आदि रहे।

अल्मोड़ा में 10.65 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अल्मोड़ा : चेकिंग के दौरान अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की टीम ने नगर के टाटिक तिराहा के पास एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवक के कब्जे से 10.65 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा पुलिस टीम ने नगर के टाटिक तिराहा के पास चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान एक युवक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी गौरव कुमार आर्या उर्फ टार्जन (29) पुत्र संजय कुमार आर्या, निवासी मल्ला ओड़खोला राजपुरा, अल्मोड़ा के कब्जे से 10.65 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत करीब 3 लाख 19 हजार रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में धारानौला चौकी प्रभारी एसआई दिनेश सिंह परिहार, कांस्टेबल नंदन राम, राकेश भट्ट, विरेंद्र सिंह बिष्ट शामिल रहे।

बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी

संवाददाता बागेश्वर

- वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपना कर छात्र बनें एकलव्य
- तृतीय सीमांत पर्वतीय जनपदीय विज्ञान महोत्सव प्रारंभ

अमृत विचार : राजकीय इंटर कालेज में तृतीय सीमांत पर्वतीय जनपदीय विज्ञान महोत्सव शुभारंभ हो गया है। शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि हम दैनिक जीवन में विज्ञान का उपयोग करते हैं।

वैज्ञानिक तरीके से किए गए कार्य सफल होते हैं। कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं को चाहिए कि वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं तथा एकलव्य बनें। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा बनाए माडलों का अवलोकन किया तथा उनका उत्साह वर्धन किया। विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विज्ञान महोत्सव से बाल वैज्ञानिकों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान का ही परिणाम है आज गूगल से सभी जानकारियां चंद सेकंड में प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने जनपद में बाल विज्ञान केंद्र खोलने के लिए प्रयास करने का वायदा किया। विशिष्ट अतिथि यूकोस्ट के राज्य समन्वयक व निर्देशक डॉ. नवीन जोशी ने कहा कि जनपद में शीघ्र बाल विज्ञान केंद्र स्थापना पर कार्य किया जा रहा है। बाल वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संतुलन व जल संवर्धन को लेकर स्वरचित कविताएं सुनाई। यहां सीईओ गजेंद्र सिंह सोन, बीईओ चक्षुस्पति अवस्थी, नीरज जोशी आदि रहे।

छात्राओं को बताया स्वच्छता का महत्व

बनबसा : राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं को रीयूजेबल सैनीटरी पैड के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय में करियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ व सौख्यम फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन कुसुम रावत ने महाविद्यालय की छात्राओं को रीयूजेबल सैनीटरी पैड के विषय में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रभारी कैरियर काउंसिलिंग डॉ. भूप नरायन दीक्षित ने बताया कि इस कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं ने रिसोर्स पर्सन से अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक प्रश्न एवं उनके निवारण हेतु अपनी जिज्ञासा व्यक्त की जिसका समाधान करने के साथ ही बीमारियों से बचाव के उपाय से सम्बन्धित जानकारी रिसोर्स पर्सन की ओर से दी गई। कार्यशाला में छात्राएं व शिक्षक रहे।

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में मंगलवार को राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

कर चोरी रोकने को कदम उठाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

- डीएम ने राजस्व सम्बर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक ली
- नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार : जिला स्तरीय राजस्व सम्बर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति मंगलवार को कलक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीएम ने अधिकारियों को जनपद में राजस्व में बढ़ोतरी करने और कर चोरी रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा कि राज्य कर विभाग जनपद के बड़े ठेकेदार एवं व्यापारियों के जीएसटी आदि का समय समय पर जांच करते रहे। इसके अलावा उन्होंने जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, ओवर लोडिंग जैसे सभी अवैध कार्यों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाए जाने और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने, जनपद मुख्यालय में स्थित मंदिरों के परिसर में फलदार पौधे लगाने के साथ ही बंदरों की रोकथाम के लिए जंगलों में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। यहां बैठक में एडीएम सीएम मर्तोलिया समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील दिवस में उठीं 82 समस्याएं

विकासखंड सभागार पाटी में समस्याएं सुनते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

- पाटी में जिला स्तरीय तहसील दिवस का हुआ आयोजन

अमृत विचार : जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार पाटी में तहसील दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनता को अनावश्यक जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसलिए जो समस्या जिस स्तर की है, उस समस्या का उसी स्तर पर निस्तारण हो जाना चाहिए। तहसील दिवस में दूर दराज से आए लोगों की पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, जलभराव,जंगली जानवर से बचाव समेत कुल 82 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें से कई समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे जनता से मिलने के लिए समय निर्धारित रखें और जिला स्तरीय तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है उन सभी समस्याओं को पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित विभागों को हस्तगत कर प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें इस बार प्राप्त हुई हैं वे शिकायतें पुनः आगामी तहसील दिवस में न आएं इसके लिए अधिकारी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

तहसील दिवस में ब्लॉक प्रमुख सुमनलता, डीडीओ डीएस दिगारी, एसडीएम नितेश डांगर, सीओ वंदना वर्मा, बीडीओ सुभाष चंद्र लोहनी आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मण शक्ति व कुंभकरण वध का किया गया मंचन

टनकपुर के ज्ञानखेड़ा रामलीला में लक्ष्मण शक्ति का दृश्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : उत्तरांचल रामलीला समिति द्वारा ज्ञानखेड़ा पंचायत भवन में आयोजित रामलीला में बीती रात्रि रामलीला में लक्ष्मण-मेघनाथ युद्ध के बाद लक्ष्मण शक्ति तथा कुंभकरण वध का मंचन किया गया। राम के पात्र आदित्य तिवारी, लक्ष्मण के पात्र वैभव कांडपाल, सीता के पात्र नमन बगोली, रावण नारायण दत्त चिलकोटी, विभीषण किशोर बगोली, मेघनाथ सुमित बोहरा, कुंभकरण भरत मोनी, हनुमान के पात्र प्रदीप बिष्ट रहे। हारमोनियम वादक उदय सिंह बिष्ट, तबला वादक प्रकाश जोशी रहे।

उत्तर प्रदेश

बगैर अनुमति छूट का आदेश जारी

- बिजली चोरी मामले में प्रदेश पावर कॉरपोरेशन का फैसला
- उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दर्ज की विरोध याचिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बिजली चोरी प्रकरण में राज्य विद्युत नियामक आयोग की अनुमति के बगैर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने चार किलोवाट तक भार का नया बिजली कनेक्शन जारी करने की छूट दे दी है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने मामला विचाराधीन होने के दौरान आदेश जारी करने पर कड़ी आपत्ति की है। परिषद की ओर से नियामक आयोग में विरोध याचिका दाखिल की गई है, जिसमें संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

कॉरपोरेशन की ओर से 30 सितंबर को बिजली चोरी के प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया कनेक्शन जारी करने का प्रस्ताव जारी किया गया था, जिसमें कनेक्शन देने के नियमों में छूट देने की मांग की गई थी। अभी यह मामला विचाराधीन है। इस बीच, बीते दिन कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की ओर से निदेशक मंडल के फैसले का उल्लेख करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी प्रकरण में लंबित बकाया या एफआईआर होने पर एक किलोवाट तक के नए कनेक्शन दिए जाने के पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए इसे चार किलोवाट किया गया है।

उपभोक्ताओं से सादे पेपर पर लें घोषणा पत्र

कॉरपोरेशन के आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी के प्रकरणों से संबंधित उपभोक्ताओं से सादे पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र लिया जाए कि भविष्य में नीतिगत निर्णय उन्हें मान्य होगा और उन्हें कनेक्शन दे दिया जाय। कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

आस्था

बसभीड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया रामलीला मंचन का उद्घाटन

धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाती है रामलीला : उमा

बैरती (अल्मोड़ा) : बसभीडा. में रामलीला का शुभारंभ हो गया है। आयोजन का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि रामलीला के आयोजन से हमारे बच्चों को धर्म के साथ ही माता-पिता की आज्ञा का पालन तथा सत्य की जीत की सीख मिलती है। साथ ही बच्चों को अभिनय निखारने के लिए मंच मिलता है।

इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का कमेटी द्वारा स्वागत कर उन्हें श्री राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाला दत्त तिवारी, रामलीला कमेटी के संरक्षक दीवान सिंह बिष्ट अध्यक्ष जगत सिंह किरौला, डायरेक्टर चंद्र लाल वर्मा, मोहन सिंह किरौला, विजय पांडेय, नारायण दत्त तिवारी, ग्राम प्रधान संगठन चौखुटिया के अध्यक्ष पवन पांडेय, प्रधान भोपाल बोरा, भोपाल बिष्ट, पवन तिवारी, कुन्दन बिष्ट, हीरा नेगी आदि रहे। प्रथम व द्वितीय दिवस पर नारद मोह, रावण, कुंभकर्ण व विभीषण द्वारा तपस्या, रामजन्म व ताड़का वध आदि प्रसंगों का मंचन हुआ। नारद की भूमिका रोहित किरौला, इंद्र पवन किरौला। उर्वशी केशरी, विष्णु एवं लक्ष्मी तमन्ना चौधरी एवं खुशी चौधरी, मंत्री लक्की बोरा, रावण दीन दयाल वर्मा, कुंभकरण त्रिलोक किरौला, विभीषण मनोज तिवारी, नटी व सूत्र धार विनीता एवं किरन पांडेय, ताड़का का किरदार कैलाश रौतेला ने निभाया।

बसभीड़ा रामलीला में जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट को सम्मानित करते कमेटी के पदाधिकारी।

विधायक कोस्मृति चिह्न देते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी।

विधायक ने किया रामलीला मंचन का उद्घाटन

रानीखेत : नगर से जुड़े लालकुर्ती में विगत दिवस रामलीला का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। लालकुर्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने 2 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश, रामेश्वर गोयल, वसीम अकरम, सुनील कुमार ने विधायक नैनवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के मनजीत भगत, दर्शन मेहरा, आनंद जमनाल आदि मौजूद थे।

दस साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा

महोबा, एजेंसी : जिले की पनवाड़ी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीया बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी को हिरासत लेकर पूछताछ की जा रही है। पनवाड़ी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनीष कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार की है जब पीड़िता खेल रही थी, तभी उसी गांव का युवक देवीदीन अनुरागी (21) उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर मंगलवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना के बाबत उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

1.78 करोड़ की ठगी में चार साइबर ठग दबोचे

संवाददाता, कानपुर

- छावनी में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी से की थी निवेश के नाम पर ठगी
- 20 राज्यों में 300 लोगों से 22 करोड़ से ज्यादा ठगे

अमृत विचार: छावनी में सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 1.78 करोड़ की ठगी का साइबर क्राइम टीम ने खुलासा कर दिया है। साइबर टीम ने चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों में तीन निजी बैंक कर्मी हैं। गिरोह का सरगना आठवीं फेल है और नेता के साथ ही जन कल्याण संघ समिति के पिछड़ा वर्ग का भोपाल जिलाध्यक्ष है। पकड़े गए शातिरों ने 20 राज्यों के 300 लोगों से 22 करोड़ रुपये ठगे हैं। शातिरों के पास से मोबाइल, लैपटॉप, एटीएम स्वाइप मशीन सहित कई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए। गिरोह के तार विदेशों से भी जुड़े हैं। डीसीपी अपराध आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि छावनी निवासी विनोद कुमार से कई बार में 1 करोड़ 78 लाख 85 हजार रुपये ले लिए गए। इसके बाद उनको ग्रुप से हटा दिया गया। उन्होंने 20 जून 2024 को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। पकड़े गए ठगों में सरगना रोहित सोनी निवासी ए 1 चाणक्यपुरी जेके रोड भोपाल मध्य प्रदेश है। अन्य ठग अक्षय गुरु निवासी होशंगाबाद, मनीष कुमार मंडल निवासी मधुबनी बिहार तथा चौथा आरोपी मयंक मीणा निवासी भोपाल है। ये तीनों आरोपी निजी बैंकों में कार्यरत हैं।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2460, राज श्री 1810, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 2000, जय जवान 1930, सचिन 2060, सूरज 1955, अवसर 2085, राग गोल्ड 2155, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2430 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल –(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो ,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 11500, अरहर पटका मोटा 11800, अरहर कोरा मोटा 12000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी –डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160 ।

खुदरा मुद्रास्फीती औसतन 4.5% रहने का अनुमान : डिप्टी गवर्नर

रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष पर हुए सम्मेलन को देबब्रत पात्रा ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 में औसतन 4.5% रहने और 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप होने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 2% की घट-बढ़ के साथ 4% पर रहे। तीन महीनों में यह 6% से नीचे रही है।

पात्रा ने कहा कि 2025-26 में स्थायी रूप से लक्ष्य के अनुरूप रहने से पहले 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत के करीब रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन में पात्रा ने कहा कि खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को चुनौती दी है। पात्रा ने कहा कि भारत में मूल्य स्थिरता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसके तहत सरकार लक्ष्य तय करती है और केंद्रीय बैंक इसे हासिल करता है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय स्थिरता, राजकोषीय मजबूती या वृद्धि के लिए जोखिम पैदा किए बिना मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय की अनुमति मिलती है।

- सरकार ने 4% रखने का दिया था निर्देश, तीन महीनों में 6% से रही है नीचे
- खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को दी चुनौती

मौद्रिक नीति को लेकर आएंगी और भी चुनौतियां

पात्रा ने कहा कि आने वाले वर्षों में, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप रखने पर आधारित मौद्रिक नीति को लेकर और भी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय बैंकों के समक्ष जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर चुनौतियां हैं। इससे खाद्यान्न और ऊर्जा की कमी और उत्पादक क्षमता में गिरावट जैसे आपूर्ति झटके की आशंका है।

जीटीटी : शेयर बाजार में एक स्मार्ट ट्रेडिंग रणनीति

शेयर बाजार में गुड टिल टाइड (जीटीटी) आदेश एक प्रभावी ट्रेडिंग उपकरण है, जो निवेशकों को अपने आदेशों को लंबी अवधि तक सक्रिय रखने की अनुमति देता है। यह आदेश तब तक लागू रहता है जब तक कि वह पूरी नहीं हो जाता या मैन्युअल रूप से रद्द नहीं किया जाता। जीटीटी की मदद से निवेशक बाजार की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं, बिना बार-बार अपने ऑर्डर को अपडेट किए। हालांकि, इसके साथ जुड़े जोखिमों को समझना जरूरी है, ताकि आप अपने निवेश निर्णयों को सही ढंग से ले सकें। आइए इसे जानें...

जीटीटी के प्रकार

जीटीटी लिमिट ऑर्डर के साथ उपयोग होता है, जिसमें आप एक निश्चित कीमत पर खरीदने या बेचने का आदेश देते हैं।

कैसे काम करता है

- **ऑर्डर देना :** आप जीटीटी आदेश देकर इच्छित कीमत और मात्रा तय करते हैं। यदि आप किसी स्टॉक को 500 पर खरीदना चाहते हैं, तो जीटीटी आदेश सेट कर सकते हैं।
- **सक्रिय रहना :** यह आदेश तब तक सक्रिय रहता है जब तक, वह ट्रिगर प्राइस पर नहीं पहुंचता और पूरा नहीं होता। आप इसे मैन्युअल रूप से रद नहीं करते।
- **पूरा होना :** जब स्टॉक की कीमत आपके सेट किए गए मूल्य तक पहुंचती है, तब जीटीटी आदेश सक्रिय हो जाता है और ऑर्डर पूरा होता है।

निवेशकों को लाभ

- **लचीलापन :** जीटीटी ऑर्डर को लंबे समय तक बनाए रखने की सुविधा देता है, जिससे वे बाजार की उतार-चढ़ाव का फायदा उठा सकते हैं।
- **सुविधा :** बार-बार अपने ऑर्डर को चेक करने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय की बचत होती है।
- **शांति :** निवेशक बिना तनाव के अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, क्योंकि ऑर्डर अपने आप सक्रिय होता है।

जोखिम

- **बाजार में तेजी :** यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है और आप जीटीटी सेट करते हैं, तो लाभ से वंचित हो सकते हैं।
- **खराब प्रदर्शन :** यदि स्टॉक की कीमत लगातार घटती है, तो आप नुकसान में भी जा सकते हैं, खासकर अगर आपने एक उच्च ट्रिगर प्राइस सेट किया हो।
- **मैन्युअल रदीकरण :** कभी-कभी, निवेशक अपने ऑर्डर को मैन्युअल रूप से रद्द करना भूल सकते हैं, जिससे अवांछित खरीद या बिक्री हो सकती है।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5200
मसूरी– 5100 बासमती– 9300
परमल– 4200 दाल दलहन :काला चना– 8600 साबुत चना दाल– 9250
मूंग साबुत– 10600 राजमा– 13200–16500 दाल उड़द– 10700
साबुत मसूर दाल– 9100 मसूर दाल– 8700 उड़द साबुत– 10600 काबुली चना– 12200–15700 अरहर दाल– 14800 लोबिया/करमानी– 8500
सोयाबीन– 5200 मूंगफली– 11800
मटर (सूखी)– 5800 मक्का– 3800

सर्राफा



बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	78100
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	77100
सिल्वर (पक्की)	916 (अनुमानित)

6जी क्रांति के नेतृत्व को भारत तैयार : सिंधिया

दिल्ली, एजेंसी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत 6जी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के दूरसंचार क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ने वाला और महत्वाकांक्षी करार दिया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस और विश्व दूरसंचार मानकीकरण (डब्ल्यूटीएसए) 2024 के उद्घाटन पर सिंधिया ने कहा कि यह हमारा विश्वास और हमारी प्रतिबद्धता है भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, हम 5जी में दुनिया के साथ आगे बढ़े, लेकिन हम 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेंगे।

सिंधिया ने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवाएं शुरू कीं। केवल 21 महीने के अंतराल में 98% जिलों और 90% गांवों तक इसे पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री मोदी का न केवल 6जी प्रौद्योगिकी को अपनाने का बल्कि देश को अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार अधिनियम 2023 में हाल में किए बदलाव की रूपरेखा इस आधार पर तैयार की गई कि भारत के दूरसंचार ढांचे का आधुनिकीकरण हो सके, उपग्रह संचार के उच्च क्षमता वाले क्षेत्र जैसे अनसुलझे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जा सके, डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान किया जा सके, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा है।

- इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में संचार मंत्री बोले- 21 महीने में 98% जिलों और 90% गांवों तक पहुंचाया 5 जी

गोयल ने कहा, टेल्को से टेक्नो की तरफ बढ़ाएं कदम

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत में उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवाओं और उपकरणों के साथ दुनिया का प्रौद्योगिकी प्रदाता बनने की काफी संभावनाएं हैं। गोयल ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 सम्मेलन में कहा कि आइए, हम टेल्को (दूरसंचार कंपनी) से टेक्नो (प्रौद्योगिकी) की तरफ कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि 4जी सेवाओं की शुरुआत के मामले में भारत थोड़ा पीछे था लेकिन 5जी सेवाओं के मामले में देश समानांतर रूप से इसकी पेशकश कर रहा है।

5 वर्षों में 5 लाख नौकरियां टाटा समूह करेगा सृजित : चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह पांच साल में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख नौकरियों का सृजन करेगा। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन (आईएफक्यूएम) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि भारत विकास की नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियों का सृजन करेंगे। असम में समूह के सेमीकंडक्टर संयंत्र तथा इलेक्ट्रिक वाहनों व बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं।

- टाटा संस के चेयरमैन ने कहा- विकास नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है

राष्ट्रीय

एक नजर

सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली की विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया। जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है।

इंडिगो की इमरजेंसी लैंडिंग, 70 यात्री सुरक्षित

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने से आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट को एयरपोर्ट पर उतार लिया।

जयपुर में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौत

जयपुर। जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचल दिया, जिससे सभी की मौत हो गई। दुर्घटना पुलिस थाना (पश्चिम) के थानाधिकारी जयदेव सिंह ने बताया कि यह हादसा सोमवार देर रात हुआ जब चार लोग काम के बाद घर जाने के लिए मुरलीपुरा इलाके में 200 फुट बाईपास पर खड़े थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों में लालचंद बुनकर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, शंकर लाल गुर्जर शामिल हैं ये सभी चंदवाजी इलाके के रहने वाले थे। चौथे मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

104 किलो पटाखे के साथ दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 104 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बाहरी दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में व्यक्ति द्वारा खाद्य पदार्थों में पटाखे छिपाकर ले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने एक बाइक को रोका और चालक मोहम्मद आकिब को पकड़ लिया। उन्होंने बाइक पर रखे प्लास्टिक के बैग की जांच की और खाद्य पदार्थों में छिपा कर रखे पटाखे बरामद किए।

सभ्यता के इतिहास से समझ होगी विकसित

गुजरात में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के निर्णय का मोदी ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का उद्देश्य सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है। उन्होंने पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक से पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित रूप से इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी।

मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे वह भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब पर्यटन बढ़ता है तो आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा। मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है।

- आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक प्रधानमंत्री ने सोशल मंच पर किया पोस्ट

10 वर्षों में देखा गया बदलाव

मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे सभ्यता के इतिहास की हमारी समझ विकसित होगी। परिसर प्राचीन लोथल को डॉक सिटी की मिनी-प्रतिकृति के रूप में जीवन में वापस लाएगा। इस परिसर के केंद्र में प्रतिष्ठित लाइटहाउस संग्रहालय खड़ा होगा, जो 77 मीटर ऊंचा है और यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे ऊंचा होगा। लोथल अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में आता है और यह एनएच 47 तथा राज्य राजमार्ग 8 के निकट है, जो अहमदाबाद, भावनगर तथा राजकोट जैसे शहरी केंद्रों को उत्कृष्ट सड़क संपर्क देता है। यह अहमदाबाद-भावनगर रेलवे लाइन पर लोथल-भुरखी रेलवे स्टेशन से छह किमी दक्षिण-पूर्व में है। यह पुरातात्विक स्थल तीन गांवों से घिरा है : सरगवाला, उतेलिया और गुंडी, जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है।

मुफ्त सौगातों पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब तलब

नई दिल्ली। चुनावों के दौरान मुफ्त सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ नई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किए। वकील श्रीनिवास द्वारा दायर याचिका में आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं।

ध्यान भटकाने पर नहीं, जनता बुनियादी मुद्दों पर करेगी वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के बाद यह भी कहा कि चुनावों में ध्यान भटकाने की राजनीति नहीं चलेगी क्योंकि जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि महंगाई का आलम ये है कि खाद्य सुरक्षा में गरीबों को राशन का प्रावधान होने के बावजूद मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है! वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर आ गया है। सितंबर महीने में रीटेल महंगाई बढ़कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची है, जो 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। अगस्त में ये 3.65 प्रतिशत पर थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले साढ़े 10 सालों में साढ़े 10 सेकंड भी भाजपाई महंगाई की लूट में कमी नहीं की है। ध्यान भटकाने की राजनीति अब नहीं चलेगी, जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

- कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा

पूर्व सीजेआई गोगोई के खिलाफ आरोपों से शीर्ष अदालत नाखुश

नई दिल्ली, एजेंसी

एक याचिकाकर्ता की ओर से भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई पर लगाए गए आरोपों से अप्रसन्न उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और सुरक्षा कर्मियों को उसे अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। अरुण रामचंद्र हुबलीकर ने शीर्ष अदालत में सेवा से अपनी अवैध बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका दायर की और सेवा विवाद में अतीत में दाखिल अर्जी को खारिज करने के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ आंतरिक जांच कराने का अनुरोध किया।

आरोपों से नाराज न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीष चंद्र शर्मा की पीठ ने सुरक्षा कर्मियों से हुबलीकर को अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 30 सितंबर को पूर्व सीजेआई के खिलाफ जांच के अनुरोध वाली याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई थी और याचिकाकर्ता से पक्षकारों की सूची से न्यायाधीश का नाम हटाने को कहा था।

- याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को कक्ष से बाहर ले जाने का दिया आदेश

महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक रुकेगा नहीं यह बूढ़ा : शरद

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा नहीं रुकेगा। वह राकांपा नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को राकांपा में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मामले की जांच गंभीरता से जारी : सीबीआई

आरजी कर मामला

- शीर्ष अदालत से कहा- एजेंसी घटना में अन्य लोगों की भूमिका की कर रही जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की जांच अत्यंत गंभीरता से जारी है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष अपनी पांचवीं वस्तु-स्थिति रिपोर्ट पेश की।

मेहता ने पीठ से कहा कि आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सात अक्टूबर को आरोपपत्र दायर हुआ था और सियालदह अदालत ने संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि सीबीआई रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि एजेंसी जांच के हिस्से के रूप में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है। सीबीआई से तीन सप्ताह में एक और वस्तु-स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। चिकित्सा की सुरक्षा पर सिफारिश को गठित राष्ट्रीय कार्यबल के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है।

दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के पास लगी निषेधाज्ञा रद

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को रेड रोड पर होने वाले दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के आस-पास लागू निषेधाज्ञा को रद कर दिया। निषेधाज्ञा रेड रोड के पास कुछ सड़कों और इलाकों पर लागू थे, जहां मंगलवार शाम राज्य सरकार द्वारा पूजा कार्निवल होना है। आरजी कर की घटना को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने मध्य कोलकाता में रानी रश्मोनी रोड के पास द्रोह कार्निवल का आह्वान किया है। निषेधाज्ञा को चुनौती देने वाली चिकित्सकों की अर्जी पर न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर ने राज्य सरकार द्वारा लागू प्रतिबंध को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार 2016 से दुर्गा पूजा कार्निवल आयोजित कर रही है।

केरल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अपने सरकारी आवास में मिले मृत

कन्नूर (केरल)। उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू मंगलवार को पल्लीकुन्नू में अपने सरकारी आवास पर मृत मिले। इससे एक दिन पहले ही कन्नूर के जिलाधिकारी समेत एडीएम के अन्य सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण के बाद विदाई दी थी। पुलिस ने बताया कि नवीन को एक दिन पहले ही अपने गृह जनपद पथनमथिट्टा में एडीएम का पदभार संभालने के लिए जाना था, लेकिन मंगलवार सुबह उनका शव उनके सरकारी आवस पर फंदे से लटका हुआ मिला। उनके विदाई समारोह में बगैर निमंत्रण पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष पीपी दिव्या ने एडीएम पर गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया था।

- एक दिन पहले सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण पर दी थी विदाई

मणिपुर : मेइती, कुकी, नगा समुदाय के विधायकों ने दिल्ली में की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने को बुलाई बैठक
- गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह नहीं हुए शामिल

मणिपुर में 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद शांति बहाली के प्रयास के तहत मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायकों ने मंगलवार को बैठक की। यह बैठक गृह मंत्रालय ने संघर्ष का समाधान करने के प्रयास के तहत बुलाई गई थी।

बैठक में मेइती से विस अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बसंतकुमार सिंह एवं तोंगब्राम रबिन्द्रो तथा कुकी से लेतपाओ हाओकिप व नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री)व नगा से विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो शामिल हुए। गृह मंत्रालय के वार्ताकार एके मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शामिल नहीं हुए।

पंजाब में पंचायत चुनावों पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से अराजकता पैदा हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था।

- कोर्ट ने कहा- मतदान के दिन चुनाव पर रोक से पैदा हो सकती है अराजकता

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी

- उप्र के बहराइच का है बालकराम संदिग्ध शूटर गौतम अब भी फरार

मुंबई पुलिस ने राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरीशकुमार बालकराम (23) के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है। बालकराम महाराष्ट्र के पुणे में कबाड़ विक्रेता था। आरोपी भी सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल है। उसे बहराइच से पकड़ा गया। साथ ही सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने पहले कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के धर्मराज राजेश कश्यप और सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया था। बहराइच निवासी एक अन्य संदिग्ध शूटर शिवकुमार गौतम फरार है।

लक्ष्य, मालविका डेनमार्क ओपन के पहले दौर में बाहर

ओडेन्से, एजेंसी

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मैच को भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही।

- चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ सेन ने खेला कड़ा मुकाबला
- रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी मिली हार

उन्हें वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग चिंग हुई और या चिंग तुन की जोड़ी ने महिला युगल में 21-18, 24-22 से हराया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे लक्ष्य और लू के बीच शुरुआती सेट में करीबी मुकाबला हुआ। दोनों के बीच स्कोर 8-8 की बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर ब्रेक तक अपनी बढ़त 11-8 कर ली।

उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 20-11 किया और आसानी से इस गेम को जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 8-2 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लू इस अंतर को 11-12 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से वापसी करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की लेकिन लू ने इसके बाद दमदार खेल और धैर्य का परिचय दिया जिससे उन्हें फायदा हुआ। उन्होंने 19-18 की बढ़त बनायी और फिर स्कोर 19-19 से बराबर होने पर दो अंक के साथ मुकाबला जीत लिया। लू इस लय को निर्णायक गेम में जारी रखने में सफल रहे। उन्होंने लक्ष्य पर दबाव कायम रखते हुए छह मैच प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज कर ली।

महिला टी-20 टीम ने नहीं किया कोई सुधार : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।

- भारत की पूर्व कप्तान बोलीं- खराब क्षेत्ररक्षण और बीच के ओवरों रन न बना पाना ही मुश्किल का सबब

मिताली ने कहा इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय बल्लेबाजों के लिए बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा और टीम को यह भारी पड़ रहा है। भारतीय टीम की हार का दोष खराब क्षेत्ररक्षण पर भी मढा और कहा कि रोड्रिग्ज और राधा के अलावा सभी ने क्षेत्ररक्षण में निराश किया।

भारतीय टीम की रणनीति कारगर नहीं

मिताली ने दुबई से पीटीआई से कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

खेल डायरी

बांग्लादेश के मुख्य कोच हथुरुसिंघा निलंबित

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पिछले साल भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी के साथ अनुचित आचरण करने के कारण पुरुष टीम के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा को निलंबित कर दिया है। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हाथुरुसिंघा के कोच रहते हुए बांग्लादेश को हाल में भारत के खिलाफ टेस्ट और टी-20 शृंखला के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बीसीबी ने उनकी जगह वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी फिल सिमंस को नियुक्त करने का फैसला किया है जो अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी तक यह पद संभालेंगे। वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद निलंबित कर दिया गया है।

पीसीबी ने जमान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट शृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने बोर्ड को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी। पीसीबी ने फखर जमान की इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को बोर्ड के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी।

महिला कबड्डी लीग के चयन ट्रायल के बाद होगी नीलामी

नई दिल्ली। महिला कबड्डी लीग (डब्ल्यूकेएल) के उद्घाटन सत्र के लिए खिलाड़ियों को नीलामी से पहले राष्ट्रव्यापी चयन ट्रायल से गुजरना होगा। इस लीग के आयोजकों ने बिना कोई तारीख बताए मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस लीग में बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली दुर्गास, गुजरात एंजल्स, हरियाणा हसलर्स, ग्रेट मराठा, राजस्थान रेडर्स, तेलुगु वॉरियर्स और यूपी गंगा स्ट्राइकर्स सहित कई टीमें शामिल होंगी। डब्ल्यूकेएल के चयन ट्रायल्स आगामी सत्र का एक बड़ा आकर्षण होंगे क्योंकि यह देश के हजारों महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। लीग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सीमा ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ एक लीग बनाना नहीं है। हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकें। डब्ल्यूकेएल का आयोजन राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा जिसके मुकाबले अपने घर के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में भी खेले जायेंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की भी योजना है।

सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत

नई दिल्ली। भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। आज यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सोनम मस्कर ने 11 निशानेबाजों के बीच 632.1 का स्कोर कर चौथा स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा सेन ने कुल 628.9 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एना एनसेन ने 636.9 का क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। यह आईएसएसएफ विश्वकप में सोनम का तीसरा पदक है। इस साल की शुरुआत में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में सोनम ने अर्जुन बाबूता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था।

बेंगलुरु के मैदान पर आज होगा प्रतिभा का टेस्ट

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर, बारिश की संभावना

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे। विराट और कप्तान रोहित अपने करियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। बेंगलुरु के मैदान पर दोनों की टीम की परीक्षा होगी। मैच से पहले बारिश की भी संभावनाएं हैं, मैच देर शुरू हो सकता है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मौसम बिगडने के चलते पिच कवर करते ग्रांउडमैन। ● एजेंसी

मैच : सुबह 9:30 बजे

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, आकाश दीप।

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कोंवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनेर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, जैकब डफी, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं बुमराह : रोहित

बेंगलुरू। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को यहां कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं

कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने कहा बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी-20 मैचों में कप्तानी की है।

भारत को हराने की चुनौती के लिए तैयार हैं हम : लैथम

बेंगलुरू। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हर विभाग में मजबूत भारत को हराना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम तीन मैचों की टेस्ट शृंखला में इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लैथम ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा इन हालात में बेशक आप स्पिनरों को देखते हैं। लैथम ने कहा उम्मीद है कि हम यहां के पिछले कुछ दौरों से मिले अनुभव का फायदा उठा पाएंगे। उन्हें पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी जो ग्रोइन की चोट के कारण दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर हो गए हैं। यह निराशाजनक है कि केन यहां नहीं है। उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द तैयार होगा।

ट्रॉफी जीतनी है तो बुमराह पर कसनी होगी लगाम : कमिंस

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास सुरक्षित रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें शृंखला जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी।

शमी फिट नहीं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं ले जाना चाहते हैं : रोहित

बेंगलुरु। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान शृंखला या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है।

हॉकी इंडिया महिला लीग नीलामी के पहले चरण में उदिता को मिले 32 लाख

नई दिल्ली। भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग के पहले चरण के लिये सबसे महंगी बिकी जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रूपये में खरीदा। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा।

भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों में बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख) और

- श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने भारतीय डिफेंडर को खरीदा

ऑस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई। वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख में खरीदा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा क्लब ने खरीदा है।

बरसों से महिला हॉकी लीग का इंतजार था : रानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी की पोस्टर गर्ल रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही रानी देश में पहली बार शुरू हो रही हॉकी इंडिया महिला लीग में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी। रानी ने यहां महिला लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी से

- पूर्व कप्तान बोलीं- कोच के रूप में वापस हॉकी से जुड़ना गर्व की बात

इतर कहा हॉकी मेरा जुनून है। मैंने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिए जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी।

हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी। भारत के लिए 212 मैचों में 134 गोल कर चुकी पद्मश्री से सम्मानित 30 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा मैने राष्ट्रीय टीम में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन ओलंपिक से पहले हो नहीं पाया। इस महिला लीग के लिए हमने बहुत साल इंतजार किया है और जब यह शुरू हुई तो खिलाड़ी नहीं लेकिन कोचिंग स्टाफ के तौर पर जुड़कर भी बहुत अच्छा लग रहा है।

यह पूछने पर कि क्या लीग में खेलने की इच्छा नहीं थी, रानी ने कहा कि कई बार कठिन फैसले लेने पड़ते हैं हालांकि उन्होंने खेल से संन्यास के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। मैं एक महिला खिलाड़ी हूं और मैने बहुत संघर्ष झेला है। एक खिलाड़ी हमेशा खिलाड़ी होता है। खेलने की ख्वाहिश कभी खत्म नहीं होती। कई बार आपको कठिन फैसला लेना होता है और मैने कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ने का फैसला किया। संन्यास के बारे में बोलना अभी मुश्किल है।

बॉलीवुड हलचल

परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

प्राइम वीडियो ने सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर किया रिलीज

मुंबई। प्राइम वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज, सिटाडेल : हनी बनी का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। सिटाडेल : हनी बनी का निर्देशन राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर. मेनन के साथ राज और डीके ने लिखा है। यह सीरीज डी2आर फिल्म्स, अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज और एजीबीओ के रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित की गई है। इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही के.के. मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकीत परिहार और कश्वी मजमूदार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सिटाडेल : हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, शो के प्रति उत्साह और प्रत्याशा हर दिन बढ़ रही है, और वरुण, समांथा और राज एंड डीके के प्रशंसक 07 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें लगा कि यह सही समय है कि हम एक्शन से भरपूर ट्रेलर के जरिए दर्शकों को सिटाडेल : हनी बनी की अद्भुत दुनिया की

एक झलक दिखाएं। राज और डीके ने इस हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर में अपनी अनोखी शैली और आकर्षण को जोड़ा है, जो हमारे दर्शकों के लिए एक नए रोमांचकारी सफर का वादा करता है।

26 से शुरू होगा इंडियन आइडल का 15वां सीजन

मुंबई। सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल का 15वां सीजन 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक-रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेंगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार-रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम 17 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद गत चैंपियन बंगलादेश के साथ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला होगा। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्टूबर को हैं, वहीं फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा।

फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने अपने मुकाबले जीते

ब्रसेल्स। फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिए मुआनी ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ विधेयक समिति की बैठक से किया वाकआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप

विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था।

वेनेजुएला में तख्तापलट को मस्क ने किए खर्च एक अरब डॉलर : मादुरो

कराकस। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर एक अरब डॉलर खर्च करके वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया है।

मादुरो ने टीवी शो विद मादुरोप्लस में कहा कि मस्क ने वेनेजुएला में तख्तापलट, फासीवादी विद्रोह और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ हिंसा के लिए एक अरब डॉलर खर्च किये हैं। उनका मानना है कि टेक मुगल वेनेजुएला में सत्ता हथियाने के विचार से ग्रस्त है और दक्षिण अमेरिकी देश में सार्वजनिक अशांति को वित्तपोषित करके इस लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मस्क अपने एक्स पर पलटवार किया है।

भारतीय मूल की सिंगापुर की दो महिलाओं को हर वर्ल्ड का सम्मान

सिंगापुर, एजेंसी

अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में फैशन और स्टाइल पत्रिका हर वर्ल्ड की ओर से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया गया।

राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024 पुरस्कार मिला। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंगापुर की पहली महिला अपील न्यायाधीश हैं और उन्हें पहली बार 1992 में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में नियुक्त किया गया था।

न्यायाधीश के रूप में अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 645 निर्णय लिखे और उनको मूल्यवान प्रस्तावों के कारण विधि रिपोर्टों में शामिल किया गया। 2018 से 2022 की शुरुआत के बीच परेरा को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्हें पिंडली में चोट की पीड़ा झेलने के साथ ही दो छात्रवृत्तियों से हाथ धोना पड़ा, लेकिन परेरा ने हार नहीं मानी और 100मीटर तथा 200 मीटर में नये राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए।

40 प्रतिशत दिव्यांगता एमबीबीएस में दाखिल से नहीं रोकती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने कहा- उम्मीदवार की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड से होनी चाहिए
- केवल तय मानक के आधार पर अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक कि विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायामूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में न्यायालय ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। इसने कहा कि केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। अभ्यर्थी की दिव्यांगता का आकलन करने वाले विकलांगता बोर्ड को सकारात्मक रूप से यह दर्ज करना होगा कि अभ्यर्थी की दिव्यांगता पाठ्यक्रम की पढ़ाई में अभ्यर्थी के लिए बाधा बनेगी या नहीं। अगर ऐसा है तो उसे कारण बताना चाहिए। न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

एक नजर

ऑनलाइन पंजीकरण के बिना होंगे सबरीमला में दर्शन : विजयन

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारू दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारू दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी उन लोगों के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं।

रूसी वायु रक्षा ने तीन यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

मॉस्को। रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में सोमवार रात तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिस दौरान तीन यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग ड्रोनों को बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में वायु रक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया।

मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी 38 वर्षीय जमकोद खान को उसके 18 वर्षीय बेटे किशोर के साथ झापा जिले के भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र के एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता-पुत्र के पास से कथित तौर पर करीब 52 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

भारती की याचिका पर उप्र सरकार को फिर नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आप नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

एशत भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त होंगी

माले। वरिष्ठ राजनयिक एशत अज़ीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। समाचार पोर्टल सन.एमवी ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है। इस खबर में भारत को मालदीव के सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरुआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अज़ीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंज़ूरी मांगी।

इजराइल का आश्वासन, ईरानी परमाणु या तेल संयंत्रों पर नहीं करेगा हमला : अमेरिकी

अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर लिया गया फैसला, टीएचएएडी के बाद चिंताएं कम

वाशिंगटन, एजेंसी

इजरायल ने बाइडन प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के परमाणु या तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किये गए मिसाइल हमले के बाद आशंका है कि इजराइल जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

बाइडन प्रशासन का मानना है कि रक्षा प्रणाली अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी (टीएचएएडी) तथा उसे संचालित करने के लिए लगभग 100 सैनिक भेजने से इजराइल की कुछ चिंताएं कम हो गई हैं। पेंटागन ने अप्रैल और अक्टूबर में ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीएचएएडी की तैनाती की रविवार को घोषणा की थी।

उसने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर यह फैसला किया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया कि इजराइल का आश्वासन पक्का नहीं है और परिस्थितियां बदल सकती हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अतीत में आश्वासनों को पूरा करने में इजरायल का ट्रैक रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है और इस संबंध में अक्सर घरेलू इजराइली राजनीति प्रभावी नजर आयी है जिसने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेरा है। इन अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर निजी कूटनीतिक चर्चाओं का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी।

रेवॉल्यूशनरी जनरल के जनाजे में पहुंचे शीर्ष नेता

यरूशलम। ईरान के शीर्ष नेता मंगलवार को देश के रेवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल के जनाजे में शामिल हुए, जो बेरूत में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला के साथ मारे गए थे। रेवॉल्यूशनरी गार्ड की अभियान शाखा के प्रमुख जनरल इस्माइल कानी की स्थिति के बारे में कई सप्ताह तक अफवाहें फैली रहीं, लेकिन मंगलवार की सुबह इन पर उस समय विराम लग गया, जब तेहरान के मेहराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनरल अब्बास निलफोरशान का शव लाये जाने पर उन्हें आंसू पोंछते हुए देखा गया।

संरा सुरक्षा परिषद ने शांति सैनिकों के लिए गंभीर चिंता जताई

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना यूनिफिल के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है। इजराइल, लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने युद्ध को दोनों देशों के बीच संरा द्वारा तय की गई सीमा के उस पार बढ़ा रहा है।

हिजबुल्लाह ने इजरायली रक्षा बल पर दागे 115 गोले

बेरूत। लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 115 गोले दागे हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा दागे गए 115 गोले सोमवार को लेबनान से इज़राइल में प्रवेश कर गए हैं। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। शिया आंदोलन के नेताओं सहित दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल के सैन्य अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के उत्तर से 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए स्थितियां बनाना है, जिन्हें एक साल पहले फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह द्वारा शुरू की गई गोलाबारी के कारण निकाला देश से छोड़ना पड़ा था।

उ. कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के कुछ हिस्सों को किया नष्ट

सियोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था। उसने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सड़कों को विस्फोट के जरिये नष्ट करने के जवाब में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की है।

किम ने की रक्षा और सुरक्षा मामलों पर बैठक

सोल। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने रक्षा और सुरक्षा मामलों को लेकर बैठक की है, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा दक्षिण कोरिया द्वारा उ. कोरिया की संप्रभुता के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी केसीएनए ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि बैठक में मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख की रिपोर्ट सुनी गई, उ. कोरिया की संप्रभुता के खिलाफ गंभीर उकसावे के व्यापक विश्लेषण पर चर्चा की गई।

अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आकलन में तेजी लानी चाहिए : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय कार्यबल की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष
- 27 अगस्त की बैठक में सिफारिशें तैयार करने को चार उप-समूहों का हुआ था गठन

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अन्य पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की धीमी प्रगति पर मंगलवार को असंतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 27 अगस्त को हुई पहली बैठक में एनटीएफ ने हितधारकों के साथ जुड़ने और चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रणालियों, सभी राज्यों में चिकित्सा पेशेवरों की कामकाज की स्थिति में सुधार और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए चार उप-समूहों का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की ओर से नौ सितंबर के बाद कोई और बैठक नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि नौ सितंबर के बाद कार्यबल ने क्या किया? नौ सितंबर के बाद कोई बैठक क्यों नहीं हुई? कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? इसे काम में तेजी लानी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एनटीएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक हलफनामा दायर किया गया था। मेहता ने कहा कि एनटीएफ के कार्य व्यापक प्रतीत होते हैं और उन्होंने बल द्वारा स्वास्थ्य पेशेवरों की समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि एनटीएफ अपने काम में तेजी लाएगा। कार्यबल के सदस्यों में चिकित्सा सेवा (नौसेना) की महानिदेशक और वाइस एडमिरल आरती सरीन, हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, भी शामिल हैं। अन्य सदस्यों में रोहतक स्थित पंडित बी डी शर्मा चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना हैं जो पूर्व में दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलॉली विभाग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर

पूर्व भारतीय राजनयिकों बोले- भारत ने कनाडा के खिलाफ सही कदम उठाया

नई दिल्ली। कई पूर्व राजनयिकों ने मंगलवार को ओटावा में भारतीय राजनयिकों को सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से जोड़ने के कनाडा के आरोप की आलोचना की और कहा दिल्ली ने जवाब में सही कदम उठाया है।

पूर्व राजदूतों ने कहा कि कनाडा का मिथ्या प्रचार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले चुनाव में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने देश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों से समर्थन हासिल करने की दुःसाहस से उपजा है। ओटावा द्वारा निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से भारतीय उच्चायुक्त को जोड़े जाने के बाद पहले से ही खराब भारत-कनाडा संबंधों में भारी गिरावट देखी गई। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी और छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

स्टार्मर ने कानून व्यवस्था के महत्व के मुद्दे को उठाया

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया। भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच यह बातचीत हुई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से अपने राजनयिक को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त संजय वर्मा को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

बाहरी ताकतों को बुलाने से एकता के प्रयासों को लगेगा झटका : राजनाथ

विकाराबाद (तेलंगाना)। भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करने वाले देशों को संदेश देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है और बाहरी ताकतों को दहलीज तक आमंत्रित करने से एकता के प्रयासों को झटका लगेगा।

विकाराबाद जिले के दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखने के बाद सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में भारत के मित्र देशों का सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यदि एक भी देश छूट गया तो सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सबको साथ लाने में विश्वास करता है, तोड़ने में नहीं। इसलिए हम मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीएलएफ नौसैनिक स्टेशन से जब संचालन हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

एससीओ नेताओं के साथ शरीफ ने की द्विपक्षीय बैठकें

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने तथा अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। शरीफ ने बेलारूस के प्रधानमंत्री रोमन गोलोवचेंको, तजाकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसूलजोदा और किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री अकिलबेक जापारोव के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

हम एससीओ प्रारूप में जुड़े हुए हैं : जयशंकर

इस्लामाबाद। भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

छात्रा से दुष्कर्म के खिलाफ आंदोलन पूरे पंजाब प्रांत में फैला

लाहौर, एजेंसी

- लाहौर के कॉलेज में छात्रा से गार्ड ने किया था दुष्कर्म, पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज में विरोध प्रदर्शन

पाकिस्तान में लाहौर के एक कॉलेज में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से बलात्कार मामले, पंजाब महिला कॉलेज में उत्पीड़न की घटना और हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए एक समिति के गठन की मांग की, जिसमें स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

इस बीच, लाहौर के कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया। पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के कम से कम चार परिसरों में सोमवार सुबह उस समय विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के बेसमेंट में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री उज्मा बुखारी ने दावा किया कि किसी भी कॉलेज के परिसर में बलात्कार की कोई घटना नहीं हुआ है। बुखारी ने कहा, लाहौर और पंजाब को कॉलेज परिसर में बलात्कार की घटना की झूठी खबर फैलाकर निशाना बनाया जा रहा है।

चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करेगा चीन

बीजिंग। चीन ने मंगलवार को कुछ दशकों में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाने की योजना की घोषणा की। देश के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा।

चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस), चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

अद्भुत दृश्य इस वर्ष दूसरी बार हुई यह अद्भुत खगोलीय घटना

दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको

नैनीताल, अमृत विचार

भूचुम्बकीय सौरतूफ़ानों का असर पृथ्वी के कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में निम्न अक्षांश में मैक्सिको में ऑरोरा का आसमान रंग बिरंगी रोशनी में नहाया नजारा आया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इस वर्ष दूसरी बार देखने को मिली हैं।

दरअसल ऑरोरा की रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों में ही नजर आती है। इसकी वजह सूर्य से उठने वाले भूचुम्बकीय सौरतूफ़ान हैं, जो सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट के साथ उत्पन्न होते हैं। ये तूफान उच्च ऊर्जावान कण साथ लेकर आते हैं और पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चुम्बकीय क्षेत्रों से टकराते हैं। तब ऑरोरा की रोशनी रंग बिरंगे बादल समान तैरते नजर आते हैं।

मैक्सिको से इस तरस नजर आई ऑरोरा के रंगबिरंगी रोशनी।

मगर इस बार यह 23 डिग्री अक्षांश में भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। इसकी वजह भीषण सौरतूफ़ान हैं, जो पिछले दिनों मैक्सिको तक पहुच गए, जबकि इससे पहले 10 मई को भारत के लदाख क्षेत्र तक आ पहुचे थे। जिसे वैज्ञानियों ने देखा और तस्वीरें भी बनाई। मैक्सिको में ऑरोरा के दृश्य बेहद मनमोहक थे। लाल रंग में समूचा आसमान जगमगा उठा। जिसका वहां स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। रेने साडे नामक एस्ट्रोफाटोग्राफर ने माज़ातलान, सिनालोआ के समुद्र तट से ऑरोरा की मनमोहक तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। यह स्थान 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर हैं। इससे पहले 10 मई के महा सौरतूफान के दौरान भी औरोरा देखे गए थे। वैज्ञानिक कहते हैं कि इतने दूर एक साल में दो बार औरोरा देखना अद्भुत है।

लगातार जारी है सौरतूफानों का उठना

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौरवैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह सौरचक्र बेहद सक्रिय हो चला है, जो पिछले कई रिकार्ड तोड़ने में तुला हुआ है। 11 अक्टूबर का सौर तूफान एक्स1.8 का था। जिसने दुर्लभ व बहुत कम अक्षांश वाले अरोरा उत्पन्न किए। अभी सौर सक्रियता का चरम आना शेष है, जो अगले वर्ष देखने को मिलेगा।